www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 18 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 97 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वन मैन आर्मी हैं। आम आदमी पार्टी में किसी नेता को मीठा आम खिलाना है और किसे खट्टा आम थमाना है। यह वे ही तय करते हैं। देश ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे बड़े आम आदमी के अधिकार को कोई चुनौती देने की जुर्रत करेगा तो उनके गुर्गे उसका तीन तेरह नौ अठारह करने के लिए चौबीसों घंटे तैयार बैठे रहते हैं। ऐसे में अगर घुंघरू सेठ की पाली हुई उनकी बिल्ली ही अगर उनके साथ म्यांऊ म्यांऊ करेगी तो उसकी बुरी गत बनना तय है। झाड़ू वाले सारी शेखी झाड़ कर रख देते हैं।

ओडिशा में भाजपा के पक्ष में बना चुका माहौल : सीएम साय

■ **कांग्रेस की दुर्गति आज पूरा देश देख रहा**

रायपुर/सुंदरगढ़। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज ओडिशा के सुंदरगढ़ लोकसभा के अंतर्गत जामपाली में जनसभा को संबोधित किया। सभा के पश्चात पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ओडिशा में आज हमारा पांचवा दिन है और बीते दिन नवरंगपुर, कोरापुट, कालाहांडी, बरगढ़, बलांगीर सहित कई लोकसभाओं में जाना हुआ है। ओडिशा में भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा वातावरण है। इस बार परिवर्तन अवश्य होगा। प्रदेश में 25 साल की बीजेडी सरकार को यहां

की जनता उखाड़ के फेंकने वाली है और डबल इंजन की सरकार बनाने वाली है। सभी जानते हैं कि मोदी जी तो प्रधानमंत्री बन रहे हैं तो सबको लगता है कि इस बार प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो विकास तेजी से होगा।

राहुल गांधी और सोनिया गांधी के एक साथ प्रचार करने के सवाल पर श्री साय ने कहा कि चुनाव प्रचार तो सभी करेंगे लेकिन आज कांग्रेस की क्या दुर्गति है वो पूरा देश देख रहा है। आज देश की जनता का विश्वास कांग्रेस पार्टी खो चुकी है। तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में फिर से ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास शुरू कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ में फिर से ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास शुरू कर दिया गया है। कोयला समेत कई खनिजों में ई-ट्रांजिट पास शुरू हो गया है। कांग्रेस सरकार के समय ऑनलाइन की जगह मैनुअल ट्रांजिट पास जारी था। ईडी ने इस प्रक्रिया की जांच भी की थी। अब ऑनलाइन माध्यम से ट्रांजिट पास की व्यवस्था होगी।

सीएम बोले- ''न गड़बड़-न घोटाला'' अब ईमानदारी का बोलबाला : एक बार फिर से ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास शुरू हो गया है। सीएम विष्णुदेव साय बोले- ''न गड़बड़-न घोटाला'' अब ईमानदारी का बोलबाला रहेगा। कोयला समेत कई खनिजों में ई-ट्रांजिट पास शुरू किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हेमंत की अंतरिम रिहाई की मांग पर विचार से इंकार

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (17 मई) को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री

हेमंत सोरेन की चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. हेमंत सोरेन ने लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के लिए अंतरिम रिहाई की मांग की थी. जेएमएम नेता सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह 2 जून को सरेंडर कर देंगे.

आईसीएआई के नियमों पर सुको ने लगाई मुहर

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) के एक वित्त वर्ष के दौरान निर्दिष्ट संख्या (वर्तमान में अधिकतम 60) में टैक्स ऑडिट असाइनमेंट से अधिक स्वीकार करने से रोक लगाने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नियम को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा।

आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

लखनऊ । लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की 14 सीटों के लिए प्रचार शनिवार शाम थम जाएगा। ये चरण काफी अहम है क्योंकि इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राहुल गांधी और स्मृति ईरानी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ लखनऊ पूर्व विधानसभा उप चुनाव के लिए भी चार प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पाँचवे चरण के इन सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए शनिवार शाम छह बजे से चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लग जाएगा। प्रचार की अवधि खत्म होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजमीतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

सियासत में खटाखट : राहुल गांधी के बयान पर पीएम मोदी का पलटवार

चार जून के बाद 'इंडी' बिखर जाएगा

नई दिल्ली (ए) । कुछ दिन पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने कहा था कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के खाते में हर महीने 8,500 रुपये खटाखट-खटाखट जाएगा और एक झटके में गरीबी से मुक्ति दिला देंगे। पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ में राहुल पर इसी शब्द के सहारे तीखा तंज कसा।

यह भारत की सियासत है। राजनेता वार-पलटवार के लिए ऐसे-ऐसे शब्दों तक पहुंच जाते हैं, जिसके बारे में हम सोच भी नहीं पाते। शहजादे, शहंशाह, पनौती, जेबकतरा, पप्पू, छोटा पप्पू...। ऐसा ही एक नया शब्द कांग्रेस नेता राहुल गांधी खोजकर लाए हैं...खटाखट। उन्होंने इस शब्द का इस्तेमाल क्या किया, वह चर्चा में आ गया...कुछ इस कदर कि पीएम नरेंद्र मोदी भी इससे अछूते नहीं रहे। पीएम मोदी ने इस शब्द का इस्तेमाल किया भी तो राहुल पर हमले के लिए। दरअसल, कुछ दिन पहले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने कहा -कई देश हमसे आगे निकले, कांग्रेस के खात्मे का कहा था गांधी जी ने, ऐसा होता तो हम 5 दशक आगे होते

मुंबई/वार्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (17 मई) की शाम मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने बाबासाहेब अंबेडकर और वीर दामोदर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने शिवाजी पार्क में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कितने ही देश हमसे आगे निकल गए, हम क्या किसी से कम थे। गांधीजी ने कहा था कि आजादी के बाद कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। अगर ऐसा कर दिया होता तो देश आज 5 दशक आगे होता। 20 मई को महाराष्ट्र की 13 सीटों पर वोटिंग होनी है। मोदी का तीन दिन में महाराष्ट्र में दूसरा दौरा है। 15 मई को उन्होंने डिंडोरी और कल्याण में सभा की थी।

मुंबई आने से पहले मोदी ने यूपी के बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर में रैलियां कीं। हमीरपुर में मोदी ने I.N.D.I. अलायंस में शामिल कांग्रेस-सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति को अपने वोट बैंक में ट्रांसफर कर संविधान को बदलना चाहती है। ऐसा करके वे (कांग्रेस) वोट जिहाद में लगे हुए हैं।

अमित शाह ने बताया क्या है भाजपा का प्लान बी

लोकसभा चुनाव के चार चरणों का मतदान हो चुका है। भाजपा का कहना है कि एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। वहीं विपक्षी गठबंधन दावा कर रहा है कि 4 जून को भाजपा की विदाई तय है। अब एक इंटरव्यू में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से पूछा गया कि अगर बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाती है तो क्या भाजपा के पास कोई प्लान बी है? इसके जवाब में अमित शाह ने कहा कि

प्लान बी तभी बनाया जाता है, जब प्लान ए के सफल होने की संभावना 60 प्रतिशत से कम हो। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी भारी बहुमत से सत्ता में वापसी कर रहे हैं। अमित शाह से पूछा गया कि अगर भाजपा 4 जून को 272 के आंकड़े तक नहीं पहुंच सकी तो क्या होगा? इस पर अमित शाह ने कहा मुझे ऐसी कोई संभावना नहीं दिखती। 60 करोड़ लाभार्थियों की एक मजबूत सेना पीएम मोदी के साथ खड़ी है। उनकी कोई जाति या उम्र वर्ग नहीं है। जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है, वो जानते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी क्या हैं और क्यों 400 देना चाहिए।

मैंने राहुल को अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया, वह डरेंगे नहीं, ख्याल रखिएगा

रायबरेली/अमेठी। रायबरेली में अखिलेश-राहुल की रैली में शुक्रवार को सोनिया गांधी भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा- मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को मानकर रखना है। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। उन्होंने कहा- मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी, जो रायबरेली और इंदिरा जी ने मुझे दी थी। सबका आदर करो। कमजोरों की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जिससे भी लड़ना पड़े, लड़ पड़ो। डरना नहीं, वह डरेंगे भी नहीं। क्योंकि न्याय और परंपरा की तुम्हारी जड़ें बहुत मजबूत हैं।

2019 चुनाव के बाद अब यानी 5 साल बाद रायबरेली में चुनावी मंच पर पहुंचीं सोनिया गांधी ने कहा- मैं काफी समय के बाद आप लोगों के सामने आई हूं। मेरा सिर आपके सामने श्रद्धा से झुका है। मुझे 20 साल तक सेवा का अवसर दिया। ये मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

रायबरेली मेरा परिवार है। मेरा घर है। मेरा घर मेरे जीवन की कोमल यादें यहां से जुड़ी हैं। इस मिट्टी से मेरा लगाव है। मां गंगा की तरह पवित्र ये रिश्ता अवध और किसान आंदोलन के साथ शुरू

हुआ। आज तक कायम है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने उन्हें काम करते हुए करीब से देखा। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था।

सरकार बनने पर बनेगा फूड पार्क : वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 4 जुलाई 8500 रुपए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाथ पकड़कर मंच पर ले गईं प्रियंका

रायबरेली में सभास्थल पर सोनिया जब पहुंची, उस वक्त राहुल का भाषण चल रहा था। प्रियंका मंच के नीचे उतरीं और हाथ पकड़कर सोनिया को मंच पर लाईं। राहुल माइक छोड़कर मां के पास पहुंचे। मां को गले लगाया। वहीं, मंच पर मौजूद अखिलेश से सोनिया गांधी ने हालचाल पूछा। राहुल के नामांकन के दौरान भी सोनिया रायबरेली आई थीं, लेकिन किसी जनसभा में शामिल नहीं हुई थीं।

अमेठी का हूं, अमेठी का ही रहूंगा...

राहुल ने अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंकने की कही बात

उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में पहली बार 42 साल पहले आया था, जब मैं 12 साल का बच्चा था, तब मैं अपने पिता के साथ आया था, जो भी मैंने राजनीति में सीखा है, वो अमेठी की जनता ने मुझे सिखाया है। उन्होंने कहा कि पहली बार जब आया था तब यहां कोई विकास नहीं था। जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्नेस नेता राहुल गांधी ने कहा, मैंने अपनी आंखों से अपने पिता और अमेठी के बीच मोहब्बत भरा रिश्ता देखा है. मेरी भी ऐसी ही राजनीति है. मैं अमेठी का था.. अमेठी का हूं और अमेठी का रहूंगा. इस दौरान राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्रीय कर्मियों को मिलेगी 54 फीसदी महंगाई भत्ते की सौगात

नई दिल्ली (ए.) । केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते व महंगाई राहत में चार फीसदी की बढ़ोतरी संभव है। यानी पहली जुलाई से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की दर 54 फीसदी पर पहुंच जाएगी। मौजूदा समय में केंद्रीय कर्मियों को 50 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता डीए मिल रहा है। नियम है कि महंगाई भत्ते की दर, पचास फीसदी के पार होते ही सरकार को 8वें वेतन आयोग के गठन पर गंभीरता से विचार करना होगा, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई घोषणा नहीं हुई है। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सदस्य और अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी.श्रीकुमार का कहना है, कर्मियों के डीए की मौजूदा दर 50 प्रतिशत है। इसमें पहली जुलाई से चार फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी।

मार्च अप्रैल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति

अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) संख्या पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति दर अप्रैल 2024 (अप्रैल, 2023 से अधिक) महीने के लिए 4.83 प्रतिशत (अनंतिम) है। ग्रामीण और शहरी के लिए मुद्रास्फीति दर क्रमशः 5.43 प्रतिशत और 4.11 प्रतिशत है। जनवरी, फरवरी और मार्च 2024 के महीनों के लिए सीपीआई क्रमशः 5.10, 5.09 और 4.85 रहा है। शीर्ष पांच समूहों में, कपड़े और जूते, आवास और ईंधन और प्रकाश समूहों पर साल-दर-साल मुद्रास्फीति पिछले महीने से कम हुई है। मुद्रा स्फीति के अंतर्गत अप्रैल 2024 में सीपीआई (सामान्य) ग्रामीण क्षेत्र में 5.43 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 4.11 रहा है।

फोर्ब्स ने जारी की अंडर 30 एशिया लिस्ट

■ **मनोरंजन और स्टार्टअप जगत के इन भारतीयों को मिली जगह**

नई दिल्ली। फोर्ब्स ने गुरुवार को '30 अंडर 30 एशिया' सूची का अपना 9वां संस्करण जारी किया गया। इस सूची में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 30 साल से कम उम्र के युवा उद्यमियों, नेताओं और अग्रणी उद्यमियों, इनोवेशन को बढ़ावा देने वालों और कारोबार जगत में बदलाव लाने वालों का नाम शामिल किया गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में विभिन्न क्षेत्रों जैसे प्रौद्योगिकी, स्थायित्व प्रदान करने वाले क्षेत्रों, रसद और फैशन कारोबार से जुड़े नाम है। आइए जानते हैं उनके बारे में।

फोर्ब्स की 30 अंडर एशिया 30 लिस्ट में मनोरंजन जगत से पवित्रा चारी और अर्पण कुमार चंदेल का नाम शामिल किया गया है। पवित्रा एक प्रशिक्षित गायिका और संगीतकार हैं। 2023 में वह ग्रैमी के लिए नामांकित हुई थीं। दूसरी ओर अर्पण कुमार चंदेल एक भारतीय रैपर हैं। उन्हें किंग के नाम से भी जाना जाता है। वे दुनिया भर में तब चर्चा में आए जब निक जोनास ने उनके हिट गाने 'मान मेरी जान' का रीमिक्स किया।

स्वाति मालीवाल की शिकायत पर बिभव कुमार पर एफआईआर

नई दिल्ली (ए.)। बिभव कुमार के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा 354, 506, 509, 323 के तहत केस दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक देर रात पुलिस ने बिभव कुमार के घर पर रेड डाली। लेकिन वह घर पर मौजूद नहीं थे। उनकी पत्नी घर पर मौजूद थीं।

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को बयान दर्ज कराने के साथ पुलिस को लिखित शिकायत भी दी। इस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मालीवाल का AIIMS से मेडिकल भी कराया गया। उनके साथ डीसीडब्ल्यू मेंबर वंदना भी थीं। बिभव कुमार के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने IPC की धारा 354, 506, 509, 323 के तहत केस दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक देर रात पुलिस ने बिभव कुमार के घर पर रेड डाली।

केजरीवाल घर में थे मौजूद

स्वाति मालीवाल ने बिभव कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, स्वाति ने अपनी शिकायत में बताया कि अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने स्वाति के चेहरे पर 5-6 बार थप्पड़ मारे। उन्होंने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्से पर भी वार किया। सोमवार (13 मई) की सुबह स्वाति जब मुख्यमंत्री आवास के ड्राइंग रूम में सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के लिए इंतजार कर रही थीं, तभी बिभव ने उनके साथ दुर्व्यहार किया। उन पर बिना किसी उकसावे के हमला किया। जिस वक्त स्वाति पर हमला हुआ, उस समय केजरीवाल अपने आवास में मौजूद थे और उन्हें हमले के बारे में पता था।

गरमा-गरम

लोकसभा चुनाव छठे चरण में कुल 869 उम्मीदवार मैदान में, 11 प्रतिशत महिला उम्मीदवार

छठे चरण में 180 दागी, 338 करोड़पति; सबसे अमीर उम्मीदवार नवीन जिंदल

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। देश में इस वक्त लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। अब तक लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के चार चरण पूरे हो चुके हैं। बाकी तीन चरणों के लिए मतदान 20 मई से 1 जून के बीच कराए जाएंगे। छठे दौर के नामांकन की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने छठे चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 869 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनमें से 866 के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है।

उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 271 उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 436 प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 59 उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है। 92 यानी महज 11 प्रतिशत महिला उम्मीदवार हैं।

इनकी आपराधिक पृष्ठभूमि

866 में से 180 (21 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 141 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 12 उम्मीदवारों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दलवार आंकड़े

छठे चरण में देश की सभी बड़ी पार्टियों में से आप के सभी पांच और राजद के सभी चार उम्मीदवारों के खिलाफआपराधिक मामले हैं। सपा के 12 में से नौ, भाजपा के 51 में से 28, कांग्रेस के 25 में से आठ, टीएमसी के नौ में से चार और बीजद के छह में से दो उम्मीदवारों के खिलाफआपराधिक मामले दर्ज हैं।

प्रत्याशियों की संपत्ति का लेखा-जोखा

सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार नवीन जिंदल हैं। हरियाणा के कुरूक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जिंदल ने कुल 1241 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। 866 में से 39 प्रतिशत यानी 338 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 48 उम्मीदवार करोड़पति हैं। दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसके 20 उम्मीदवार करोड़पति हैं। हर उम्मीदवार के पास औसतन 6.21 करोड़ की संपत्ति है। बीजद के छह उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 95.69 करोड़ की संपत्ति है।

38 प्रतिशत उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 332 (38 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 487 (56 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 22 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 12 उम्मीदवार साक्षर जबकि 13 उम्मीदवार असाक्षर भी हैं।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
लोकतंत्र का महापर्व 2024

स्टार प्रचारकों की रैली कराने के लिए पहली पसंद मंडी संसदीय सीट

शिमला। भाजपा और कांग्रेस पार्टी के नेताओं के लिए मंडी संसदीय सीट पहली पसंद बनती जा रही है। दोनों दलों के नेता मंडी संसदीय सीट पर स्टार प्रचारकों की रैलियां कराना चाह रहे हैं। हाईकमान को भी इस बारे अवगत कराया गया है। भाजपा ने इस संसदीय सीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी की रैली कराने की इच्छा जाहिर की है। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर है। ऐसे में दोनों दल जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। वहीं, हमीरपुर और कांगड़ा संसदीय क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों को रैलियां प्रस्तावित हैं। बताया जा रहा है कि रैली में भाजपा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चुनावी हुंकार भरेंगे जबकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रैली को संबोधित करेंगे। शिमला संसदीय सीट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम फिलहाल तय किया गया है। इसके अलावा अन्य स्टार प्रचारकों की भी सूची को भी फाइनल किया जा रहा है।

जेपी नड्डा की तीन रैलियां प्रस्तावित, अमित शाह जुब्बल कोटखाई में करेंगे चुनावी रैली : भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तीन रैलियां प्रस्तावित हैं। ये कांगड़ा के फतेहपुर, चंबा के चौगान और कुनिहार के अर्की में प्रस्तावित हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र में भी वह जनसभा करेंगे। केंद्रीय

गृहमंत्री अमित शाह शिमला संसदीय क्षेत्र के जुब्बल कोटखाई में चुनावी रैली करेंगे। इनकी शिमला संसदीय क्षेत्र में रैली प्रस्तावित है जबकि भूतल एवं परिवहन मंत्रालय मंत्री नितिन गडकरी किन्नौर में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं।

हिमाचल भाजपा ने उनका मंडी संसदीय सीट के लिए रैली करने की हामी भरी है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल और स्मृति ईरानी की रैली व जनसभा को अभी फाइनल किया जा रहा है।

नड्डा की रैली में जुटेंगे 15 हजार लोगों की भीड़: सिकंदर

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि 18 मई को कुनिहार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली होगी, जिसमें 15 हजार लोग जुटेंगे। कुनिहार में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि नड्डा कुनिहार तालाब स्थित मैदान में भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि दोपहर बाद 3:00 बजे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष सभा स्थल पहुंचेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। जनसभा को सफल बनाने के लिए कमेटियां बनाई गई हैं। उन्होंने मोदी सरकार के 10 सालों में किए गए कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाए कि सरकार ने जनता से बहुत बड़ा छल कर सत्ता हासिल की और 10 गारंटियों में से एक भी पूरी नही कर पाई।

वो 5 मंत्री, जिन्हें 5वें चरण में बचानी होगी अपनी साख

सपा-बसपा के 'खिलाड़ी' क्या बिगाड़ देंगे खेल?

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मोदी सरकार के पांच मंत्रियों को अपनी साख बचानी होगी. इनके भाग्य का फैसला 20 मई को जनता करेगी. इस चरण में मोदी सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, भानु प्रताप वर्मा और योगी सरकार के मंत्री दिनेश सिंह रायबरेली से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं. पांचवें चरण में यूपी में 14 सीटों पर चुनाव होगा. 2019 के चुनाव में सिर्फ रायबरेली को छोड़कर सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी. रायबरेली से सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी. राजनाथ सिंह लखनऊ से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं. उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से रविदास मेहरोत्रा और बसपा के सरवर अली चुनावी मैदान में हैं.

अमेठी लोकसभा से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर से चुनाव लड़ रही हैं. 2019 में उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को हराया था. उनके खिलाफ गांधी परिवार के खास किशोरीलाल शर्मा ताल ठोक रहे हैं. शर्मा का दावा है कि 40 सालों से वो अमेठी की जनता से जुड़े हैं. उन्होंने राजीव गांधी के साथ भी

रैलियों में भाग लिया था. इस सीट पर कांग्रेस के बड़े नेताओं का पूरा फोकस है.

वहीं लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार कौशल किशोर तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आर.के. चौधरी से कड़ी चुनौती मिल सकती है. वहीं बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं.

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा से प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति एक बार फिर से चुनावी रण में हैं. वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं. सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से उनको कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है. बसपा ने यहां से पिछड़ी जाति के कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉक्टर मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा व भाजपा की धड़कन बढ़ा दी है.

भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और वर्तमान में मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है. उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस से नारायण दास अहिरवार मैदान में हैं. अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं. वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे. 2022 में वह सपा में आ गए थे. वैसे इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा प्रभाव माना जाता रहा है. 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी. इस बार भानू प्रताप का मुकाबला इन्हीं से माना जा रहा है.

इसके अलावा इस चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से ताल ठोक रहे हैं. उनका मुख्य मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से है. राहुल गांधी ने इस चुनाव में वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से भी पर्चा भरा है. वायनाड में पहले ही वोटिंग हो चुकी है. रायबरेली गांधी परिवार का गढ़ माना जाता है. खुद सोनिया गांधी इस सीट से चुनाव जीतती आई हैं. हालांकि इस बार वे राज्यसभा की ओर रुख कर चुकी हैं. लिहाजा राहुल गांधी ने इस सीट से पर्चा भरा है. भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह पहले कांग्रेस में रह चुके हैं. 2018 में भाजपा में शामिल हो गए और 2019 में रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़े. वे 1.67 लाख वोट से हार गए थे. एक बार फिर भाजपा के उम्मीदवार के रूप में यहां से मैदान में हैं.

इसके साथ ही यूपी की कैसरगंज भी काफी चर्चित सीट है. जिसमें बृजभूषण शरण सिंह को इस बार विवादों के चलते भाजपा ने टिकट नहीं दिया. लेकिन उनके बेटे करण भूषण सिंह चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं.

कौशांबी सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर भी तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. उनके खिलाफ महज 25 साल के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे हैं।

दिल्ली का सियासी पारा गर्म

- **'सुपर सैटरडे' को जमकर घमासान, घर से निकलने से पहले जान लें ट्रैफिक का हाल**

नई दिल्ली। दिल्ली में सियासी लड़ाई अब सड़कों पर जोर पकड़ने लगी है. नेताओं मे होने वाले चुनाव के मद्देनजर रोड शो और रैलियों का काम तेज कर दिया है. बीजेपी के नेता शनिवार से दिल्ली में अपनी ताकत दिखाने में जुटेंगे. इससे पहले अंतरिम जमानत पर रिहा हुए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में रोडशो करके अपनी ताकत दिखाई. अब 18 मई यानी शनिवार से बीजेपी के बड़े नेता धुआंधार प्रचार करेंगे. 18 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली सीट से उम्मीदवार मनोज तिवारी के पक्ष में पुश्ते पर जन सभा करेंगे. 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारका में रैली करेंगे. अमूमन पीएम मोदी या किसी बड़े नेता की रैली से पहले दिल्ली पुलिस ट्रैफिक एडवायजरी जारी करती है. रैली वाले इलाके में जाम लगना स्वाभाविक है. इसलिए शनिवार को घर से निकलने से पहले ट्रैफिक की जानकारी जरूर हासिल कर लें.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 मई को साउथ दिल्ली में जनसभा करेंगे. 20 मई को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा नई दिल्ली में रोड शो करेंगे. वहीं 21 मई को चांदनी चौक में जेपी नड्डा

जनसभा को संबोधित करेंगे. केवल बीजेपी ही नहीं बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता भी प्रचार में गिरेंगे. राहुल गांधी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे. राहुल गांधी 18 मई को दिल्ली में जयप्रकाश अग्रवाल के लिए प्रचार करेंगे. सियारी पारा चढ़ने के साथ मौसम भी आग उगलने वाला है. मौसम विभाग के मुताबिक पिछले कुछ समय से दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो हुई बेमौसम की बारिश और आंधी ने गर्मी को कम कर रखा था. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में लू चलने की आशंका है. जिसका सबसे ज्यादा असर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली पर पड़ने का अनुमान है. 18 मई से पूर्वी और मध्य भारत में भी गर्मी का ताजा दौर शुरू हो जाएगा. मौसम विभाग ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया. जिसमें बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों वाले लोगों सहित कमजोर लोगों के एहतियात बरतने पर जोर दिया गया। मौसम विभाग ने लंबे समय तक खुले में सूरज के संपर्क में रहने या भारी काम करने वाले लोगों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों की संभावना बढ़ने की चेतावनी दी है. आईएमडी ने कहा कि ÷पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में 17-20 मई के दौरान और पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में 18-20 मई के दौरान गंभीर लू चलने की संभावना है.÷ राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

वहीं पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए गर्मी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है.

लोकसभा वॉचिंग टाइम

पीओके को भारत में मिला लिया जाएगा अगर...

रामगढ़। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (PoK) इन दिनों खूब सुलग रहा है. वहां लोग कई दिनों से पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं. PoK में जारी इस बवाल की गूंज अब भारत के लोकसभा चुनाव में भी सुनी जाने लगी है. बीजेपी के गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज आज कश्?मीर में नहीं, बल्कि कश्मीर में पत्थरबाजी हो रही है. इसके साथ ही उन्होंने दावा कहा कि 'PoK भारत का हिस्सा है और हम इसे लेकर रहेंगे।

हिमंत विश्व शर्मा ने लोकसभा चुनाव में जीत के बाद का बता दिया बीजेपी का टारगेट

अमित शाह के इस बयान के बाद अब बीजेपी के एक और बड़े नेता हिमंत विश्व शर्मा का भी बयान सामने आया है. असम के मुख्यमंत्री और पूर्वोत्तर भारत में बीजेपी की धाक जमाने वाले शर्मा ने दावा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में अगर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को 400 से ज्यादा सीटें मिलती हैं तो पीओके को भारत में मिला लिया जाएगा.

हिमन्त बिश्व शर्मा ने मंगलवार को झारखंड के रामगढ़ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के लिए बीजेपी को 400 से ज्यादा सीटें हासिल करने की जरूरत है. शर्मा ने कहा, 'अगर बीजेपी को 400 से ज्यादा सीटें मिलीं तो पीओके को भारत में मिला लिया जाएगा।

ससुर को टक्कर दे रही 2 बहुएं..

चंडीगढ़। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए दस सीटों पर कांटे की टक्कर है. पिछले बार 2019 के चुनाव में भाजपा ने 10 की 10 सीटें जीती थी. लेकिन इस बार भाजपा के सामने काफी चुनौती है. हालांकि, हरियाणा में 10 सीटों पर सबसे चर्चित चुनाव हिसार लोकसभा सीट पर होने जा रहा है. यहां पर एक ही परिवार के बीच मुकाबला है और जंग रोचक होगी। दरअसल, हिसार सीट पर जननायक जनता पार्टी की नैना चौटाला, इनेलो की सुनैना चौटाला और भाजपा के रणजीत सिंह चौटाला चुनाव लड़ रहे हैं. ये तीनों चाटौला परिवार से हैं. अब यह सीट चौधरी देवीलाल के परिवार के बीच विरासत पर दावेदारी की लड़ाई बन चुकी है. जाट बहुल इस सीट पर कांग्रेस ने जयप्रकाश जेपी को उम्मीदवार बनाया है. नैना और सुनैना चाटौला रणजीत चौटाला के भाईयों की बहुएं हैं। आजादी के बाद हिसार लोकसभा में सबसे पहला चुनाव 1951 में हुआ था. हालांकि, तब यह संयुक्त पंजाब का हिस्सा होता था. पंजाब से अलग होने के बाद 1967 में पहला लोकसभा चुनाव हुआ, जिसमें भारतीय जन संघ की ओर से वाई सिंह ने चुनाव लड़ा था. मौजूदा समय में जाट नेता बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह यहां के मौजूदा सांसद हैं. हालांकि अब वह भाजपा को छोड़ कांग्रेस में चले गए हैं. इस सीट पर काफी लंबे समय तक भजनलाल और देबी लाल के परिवार का कब्जा रहा है. 2019 के लोकसभा चुनाव में बृजेंद्र सिंह ने जननायक पार्टी के दुष्यंत चौटाला को

हराया था. तीसरे नंबर पर कांग्रेस के भव्य विश्नोई रहे थे. 2014 में हिसार की सियासी लड़ाई दो बड़े राजनीतिक परिवारों के बीच ही रही है। इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के टिकट पर ओम प्रकाश चौटाला के पोते और पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवीलाल के परपोते दुष्यंत चौटाला उतरे थे. वहीं, दूसरी ओर हरियाणा जनहित कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई थे. इस चुनाव में जीत दुष्यंत चौटाला को मिली और उनकी यह जीत 31,847 वोटों की थी।

13 सीटों पर 'बड़ा खेला' करने की तैयारी..

- **पीएम मोदी संग मंच साजा किए राज ठाकरे**

मुंबई। महाराष्ट्र की मतदान के लिए बाकी बची 13 सीटों पर बीजेपी अपने गठबंधन के सहयोगियों और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के साथ मिलकर एक बड़ा दांव चलने की तैयारी कर रही है. इसमें पीएम नरेंद्र मोदी और राज ठाकरे एक मंच पर नजर आएंगे. शिवाजी पार्क की रैली में गजब का नजारा दिखेगा. महाराष्ट्र में अब सिर्फ 13 लोकसभा सीटों का चुनाव शेष बचा है. इसमें मुंबई की छह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं. मुंबई समेत ठाणे, कल्याण, पालघर और भिवंडी सीटों पर भगवा लहराने के लिए बीजेपी ने बड़ी तैयारी की है. बीजेपी ने चुनाव प्रचार खत्म होने से ठीक एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिवाजी पार्क में रैली रखी है.

बीजेपी इस रैली में दो बड़े दांव खेलने की तैयारी कर रही है. इस रैली में जहां महायुति की तरफसे आखिरी शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा, तो वहीं इस रैली में महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करेंगे. इस दौरान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार मौजूद रहेंगे. यह सभा शाम 5 बजे के बाद शुरू होगी. दादर के शिवाजी पार्क में कल होने वाली सभा को लेकर राज ठाकरे की पार्टी मनसे ने एक पोस्टर जारी किया है. पोस्टर जारी करते हुए लिखा गया है कि 'कल शिवतीर्थ पर होगी 'राज' सभाजदिल्ली की गद्दी भी संभालेगा महाराष्ट्र!'

गौरतलब है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने देश और इसके युवाओं के भविष्य के लिए एक मजबूत नेतृत्व के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'बिना शर्त समर्थन' दिया है।

सभी अटकलों को खारिज करते हुए राज ठाकरे ने कहा कि उन्हें शिवसेना-बीजेपी-एनसीपी की सत्तारूढ़ महायुति या राज्य में सीट-बंटवारे के पहलुओं की कोई चिंता नहीं है. मनसे प्रमुख ने यह भी कहा कि उन्होंने देश और इसके युवाओं के भविष्य के लिए पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व को अपना पूरा समर्थन दिया है, साथ ही उन्होंने आने वाले दिनों में अपने विकल्प खुले रखने का संकेत दिया।

ओडिशा की अस्मिता के लिए बीजेपी की जीत जरूरी : धर्मेंद्र प्रधान

रांची। ओडिशा में पहली पंक्ति के भाजपा नेता केंद्रीय शिक्षा मंत्री और संबलपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि यह चुनाव राज्य में बदलाव का है। बीजद सरकार ने राज्य के लोगों के साथ धोखा किया है। भाजपा लोगों की नई चाह बन गई है। खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे पार्टी ने ऐसी सीट से लड़ाया जो कभी हमारे पुराने क्षेत्र का हिस्सा रही है। यहां के लोगों ने नामांकन से लेकर प्रचार के दौरान जिस तरह का स्नेह दिया और बढ़-चढ़ का हिस्सा ले रहे हैं, उससे विश्वास बनता है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले और नेतृत्व पर भरोसा है। इस चुनाव में न सिर्फ संबलपुर, बल्कि पूरे राज्य का मूड देखें तो लोगों की नई चाह है भाजपा। यह चुनाव बदलाव का है और भाजपा को लोगों का आर्शीवाद मिलने जा रहा है।

ओडिशा में भाजपा का ग्राफ बढ़ने के तीन कारण हैं। पहला-राज्य के लोगों की प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विश्वसनीयता, दूसरा-हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती, तीसरा-बीजू जनता दल की संवेदनहीन सरकार जो राज्य के लोगों को बार-बार धोखा दे रही है। भाजपा सभी 21 सीटों पर मजबूती से लड़ रही है। हमारी सीटों की संख्या दुगनी होगी। राज्य में सरकार भी हमारी

बनेगी। राज्य को कोई संभालने वाला नहीं है। उड़िया समाज विकास में पिछड़ गया है। बुनियादी सुविधाएं तक मुहैया नहीं कराई गईं। न पीने का पानी है और न सिंचाई के लिए। राज्य में अस्पताल नहीं हैं। जहां हैं वहां डाक्टर नहीं रहते। स्कूलों की हालत ठीक नहीं है। आंकड़े देखें तो 50 फीसदी बच्चे हाईस्कूल के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं। राज्य के युवाओं के लिए रोजगार नहीं है, इसलिए आबादी का एक तिहाई हिस्सा दूसरे राज्यों में पलायन कर जाता है। ऐसे तमाम मुद्दे अब राज्य की जनता खुद उठा रही है।

राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता तो पिछले चुनावों में भी रही है। हमारे अलग-अलग विचार हैं। भाजपा का दृष्टिकोण देश के विकास का है, जबकि बीजद दृष्टिहीनता की शिकार है। राज्य की भावनाओं के लिए कोई दृष्टि नहीं है। राजनीति में परिस्थिति का फायदा उठाते रहे हैं। अब राज्य के बीजद सरकार के 25 सालों के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं।

1936 में बना ओडिशा राज्य 2036 में 100 साल पूरे करने जा रहा है, लेकिन बुनियादी जरूरतों का हल अभी तक नहीं खोजा जा सका है। नई पीढ़ी को आने वाले साल अंधकारमय दिख रहे हैं। उनमें आक्रोश है। हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करनी होगी। अब समय आ गया है हमें उड़िया सभ्यता, संस्कार और संस्कृति को बचाना होगा। उत्कृष्ट पहचान दिलानी होगी। ओडिशा की अस्मिता के लिए भाजपा की जीत जरूरी है। इसकी कोई चिंता नहीं है। भाजपा के चेहरे के बिना मतदाता नवीन सरकार के खिलाफ वोट करेगा। मतदाताओं को पीएम मोदी के चेहरे पर भरोसा है। जब समय आएगा मुख्यमंत्री तय कर लेंगे। संबलपुर के लोग भाजपा के साथ हैं और जिस तरह का समर्थन मिल रहा है उससे साफहै भाजपा बड़े अंतर से जीत दर्ज कराएगी। यहां लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चहरे और उनकी योजनाओं पर पूरा भरोसा है।

न्यूज गैलरी

विश्व स्वास्थ्य शिविर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस दिनांक 17 मई को रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देषानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की स्वास्थ्य टीम द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के भूतल पर उच्च रक्तचाप के बारे में जनजागरूकता लाने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सीएमएचओ कार्यालय की स्वास्थ्य टीम द्वारा निगम मुख्यालय में विष्व उक्त रक्तचाप दिवस पर लगाये गये स्वास्थ्य षिविर की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। आयुक्त ने षिविर स्थल पर चिकित्सक डॉ. अभिषेक से चर्चा की। शिविर में नागरिको का बी.पी., शुगर संबंधी जांच करके चिकित्सक ने नागरिको को चिकित्सकीय परामर्ष दिया। चिकित्सक ने नागरिको से अपना उच्च रक्तचाप नियंत्रित रखने कहा एवं जीवन शैली को नियमित रखने का नागरिको को चिकित्सकीय परामर्श दिया।

12वीं में लेसिका ने 91.4 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वी के वाणिज्य समूह की छात्रा कु. लेसिका साहू ने 91.4 प्रतिशत के साथ प्रथम व कु.मोनिका पाल ने 88.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय व कु.शिखा साहू 81.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में बायोलॉजी की छात्रा कु. राशि ठाकुर नें 75.8 प्रतिशत के साथ प्रथम व कु.अंशिका थारवानी नें 72 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में चि. अर्नव खंण्डेलवाल 89.5 प्रतिशत के साथ प्रथम व कु. अंशिका मिश्रा 85.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय व चि.कन्हैया शुक्ला 84.66 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्राचार्य एवं शिक्षको द्वारा विद्यार्थियों को बधाई दी गई। संस्था के अध्यक्ष श्री पोहुमल जेठानी द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई।

विभिन्न स्थानों पर एंटी लार्वा एवं फॉगिंग कार्य जारी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर क्षेत्र में नगरवासियों को मच्छरों से राहत दिलवाने मच्छरो पर कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य विभिन्न वार्डो एवं जोनो में निरंतर स्वास्थ्य विभाग एवं जोनो के स्वास्थ्य अमले द्वारा जारी है। अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कालीमाता वार्ड के खपरा भठ्ठी क्षेत्र में मच्छरों पर नियंत्रण हेतु चलाये गये फॉगिंग अभियान का निरीक्षण किया । नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा उषा प्राइड के सामने के क्षेत्र की बस्ती में श्री राम मंदिर मौलश्री विहार क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मिनीमाता गुढियारी, खालबाडा, सोलापुरी माता मंदिर सन्यासीपारा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 7 एवं 48 के क्षेत्र, जोन 2 के वार्ड ऋमांक 26 के कुकरी तालाब क्षेत्र के आस पास सहित विभिन्न बस्तियों मार्गो, स्थानों में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य अभियान पूर्वक किया गया।

10 एकड़ भूमि पर की जा रही थी अवैध प्लाटिंग, ननि ने लगाई रोक

- **प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी अवैध मुरूम रोड़ एवं प्लाट की डीपीसी को काटकर हटाया गया, निर्माणाधीन भवनों का काम बंद करवाया गया**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेष उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 1 नगर निवेश विभाग, जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 10 के तहत बोरियाखुर्द में कांदुल रोड के पास लगभग 10 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर अभियानपूर्वक कडी कार्यवाही करते हुए रोक लगायी गयी । जोन 1 के तहत संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड़ एवं बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर अभियान चलाकर रोक लगायी गयी। कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देषानुसार नगर निगम जोन 10 के जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के नेतृत्व एवं जोन 10 कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश यदु, उपअभियंता अतुल कुमार सिंह, रविप्रभात साहू, की उपस्थिति में थ्रीडी एवं श्रमिकों की सहायता से जोन 10 के क्षेत्र में बोरियाखुर्द में कांदुल रोड के पास अज्ञात लोगो द्वारा लगभग 10 एकड़ निजी भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई। अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को थ्रीडी से काटा गया। प्लाटिंग के लिये की गई सभी प्लाटों की डीपीसी को हटाने की कार्यवाही की गई। बनायी गयी नींव को थ्रीडी से तोड़ा गया । वहां पहुंचने का मार्ग बाधित किया गया।

वहां स्थित निर्माणाधीन भवनों के जारी कार्य को स्थल पर रोकने की कडी कार्यवाही की गई। इसी ऋम में जोन 1 नगर निवेष विभाग की टीम ने जोन कमिष्नर श्री हितेन्द्र यादव एवं तहसीलदार के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता श्री गजाराम कंवर, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब, उपअभियंता अजीत सिंह राठौर, राजस्व तहसील अमले की उपस्थिति में थ्रीडी व श्रमिको की सहायता से जोन 1 के तहत संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड एवं बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी। जोन 1 की टीम द्वारा उक्त दोनो स्थानों पर अज्ञात लोगो द्वारा बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को थ्रीडी से काटा गया एवं आवागमन को बाधित किया गया एवं बनायी गयी अवैध नींव को तोडने की कार्यवाही कर अवैध प्लाटिंग पर स्थल पर रोक लगायी गयी । जोन 1 एवं जोन 10 जोन कमिष्नर ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 10 के बोरियाखुर्द में कांदुल रोड के पास लगभग 10 एकड़ निजी भूमि और जोन 1 के तहत संत कबीर दास वार्ड क्र.3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड एवं बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है।

मानसून से पहले नालों की सफाई

- **31 मई तक सभी नालों, नालियों की सफाई के निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा द्वारा नगर निगम क्षेत्र में वर्षा पूर्व नालो एवं नालियों के स्वच्छता अभियान का विभिन्न स्थानों पर जाकर प्रगति का निरीक्षण निरंतर प्रतिदिन किया जा रहा है।

आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 5 के तहत कुषालपुर रिंगरोड के किनारे महिन्द्रा ट्रेक्टर कंपनी कार्यालय के पास के बड़े नाले की वर्षा पूर्व जेसीबी एवं मैनुअल सफाई की प्रगति का निरीक्षण जोन 5 जोन कमिष्नर श्री विमल शर्मा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में किया । कुषालपुर रिंग रोड बडा नाला की सफाई जोन 5 स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 सफाई कामगारों की सहायता से करवाने सहित नाले की सफाई जेसीबी मषीन से जारी है। आयुक्त ने नाले की वर्षा पूर्व तेज गति से सफाई करवाने, पोकलेन मषीन की सहायता से नाला सफाई शीघ्र पूर्ण करवाकर सुगम निकास प्रबंधन कायम करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । आयुक्त ने नगर निगम जोन 6 के महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65 के क्षेत्र में कुकरी पारा नाला की 15 सफाई कामगारों की सहायता से करवायी जा रही मैनुअल सफाई की प्रगति का निरीक्षण स्थल पर जोन 6 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में किया।

सीएडंडी वेस्ट रखने पर ठेकेदार पर 10 हजार रूपए जुर्माना वसूली

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देषानुसार नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर सुश्री प्रिती सिंह के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक अब्दुल नफीस की उपस्थिति में जनशिकायत प्राप्त होने पर शंकरनगर वार्ड ऋमांक 30 के शंकर नगर में हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स का स्थल निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान सी एण्ड डी वेस्ट से संबंधित जनषिकायत सही मिली ।

इस पर जोन कमिष्नर के निर्देष पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स शंकरनगर के सामने सी एण्ड डी वेस्ट डालने पर संबंधित ठेकेदार श्री एवीवाय इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 10000 रू. का जुर्माना संबंधित ठेकेदार को भविष्य के लिये कडी चेतावनी देते हुए किया गया एवं प्राप्त जनषिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया ।

रेत-मुरुम के अवैध भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में नियमों को ताक पर रखकर रेत और मुरुम का अवैध उत्खनन और भंडारण के खिलाफ अब जाकर कार्रवाई की गई है। मंदिर हसौद क्षेत्र में सीएमओ और तहसीलदार ने इस मामले पर कार्रवाई करते हुए 310 हाईवा रेत और 134 हाईवा मुरुम जब्त की है। कारोबारियों ने रेत और मुरुम को ग्राम नकटा स्थित शासकीय जमीन पर भंडारण किया हुआ था।

जिला कलेक्टर ने जिले में अवैध प्लाटिंग सहित रेत व मुरुम का अवैध उत्खनन व भंडारण करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम नकटा में रेत और मुरुम का अवैध भंडारण करने की मिली शिकायत पर तहसीलदार और सीएमओ के नेतृत्व में टीम पहुंची थी। कारोबारियों ने गांव के आउटर में शासकीय जमीन पर रेत और मुरुम का भंडारण किया हुआ था। यहां रेत करीब 310 हाईवा और मुरुम 134 हाईवा का भंडारण पाया गया। टीम ने रेत और मुरुम को जब्ती करने की कार्रवाई की। बताया गया कि जब्ती के दौरान टीम ने रेत और मुरुम का यहां भंडारण करने वालों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।लगा देता है। बारिश के दिनों में नदियों का जल स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण नदी के किनारे भी पानी भर जाता है। इसके कारण प्रशासन बारिश के सीजनभर रेत खदानों में उत्खनन पर रोक लगाता है। पिछले वर्ष 10 जून से 10 अक्टूबर तक रोक लगाई गई थी। संभवतः इस बार भी 10 जून से रोक लग सकती है।

यादव समाज की बैठक सम्पन्न

- **समाजिक नियमावली में संशोधन हेतु प्रस्ताव**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पं.क्र.5066 से सम्बन्ध्ता महानगर इकाई की बैठक विगत दिन यादव समाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा रायपुर (छ.ग.) में सुन्दरलाल यादव शहर जिला अध्यक्ष के सानिध्य में संपन्न हुई। सर्वप्रथम शिरोमणि भगवान श्री राधा-कृष्ण जी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुई। सुन्दरलाल यादव ने अध्यक्षीय उद्?बोधन में कहा हिन्दू रीति रिवाज में विवाह के दौरान मौर सौपने की परंपरा सालो से चली जा रही है। इस परंपरा को दूल्हे की सुहागिन माताओं के साथ अन्य सुहागिन रिश्तेदार महिलाएं निभाती है। विधवा माताओं को इस अधिकार से वंचित रखा गया है, लेकिन अब इस रूढ़िवादी को समाप्त कर विधवा माताओं को भी दूल्हे पुत्र को मौर सौंपने का अधिकार दिया जायेगा। इसके अलावा समाज में किसी की मृत्यु होने पर कफ्न की जगह सहयोग राशि दी जाती है और मृत्यु भोज स्वेच्छानुसार रखा गया है।

मौर का अर्थ है मुकुट राजा महाराजाओं का श्रृंगार और जिम्मेदारी का प्रतीक मौर धारण कर दूल्हा राजा बन जाता है इसलिए इन्हें दूल्हे राजा भी कहते है मौर सौपने का आशय वर को भावी जीवन के लिए आशीष व उत्तरदायित्व प्रदान करना है। इस रस्म में बारात रवानगी के पूर्व वर को पूजा घर में मौर बांधा जाता है। आंगन में चौक पुरकर पीढ़ा रखते है और वर को उस पर खड़ा कर या कुर्सी में बिठाकर सर्व प्रथम माँ उसके बाद चाची मामी बड़ी बहन व सुवासिन सहित 7 महिलाएँ मौर सौपती हैं।

उक्त बैठक में श्री परदेशीराम यादव न्या.प्र.अध्यक्ष, श्री शत्रुघन यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री श्री प्रीतम यादव कार्यकारिणी अध्यक्ष, बैसाखू राम यादव सचिव, श्री मतवारी यादव कोषाध्यक्ष, श्री नरेश यादव संयुक्त सचिव, श्री रामस्वरूप यादव लेखापाल, श्री घुरूऊराम यादव संरक्षक, आदि समाज प्रमुख एवं स्वजाति बंधु महिला एवं पुरुष अत्याधिक संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री मयाराम यादव एवं श्री सुरेंद्र यादव ने दी।

गोकूल नगर में होर्डिंग को थ्रीडी से तोड़ा गया

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देषानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेष विभाग एवं सभी जोनो के नगर निवेष विभाग की टीमो द्वारा अभियंताओं के मार्गदर्शन में रायपुर शहर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गो में लगी हुई विज्ञापन होर्डिंग की मजबूती का निरीक्षण अभियान पूर्वक प्रारंभ किया गया है। जनहित में ज न ज ी व न सुरक्षा की दृष्टि से आज नगर निवेष मुख्यालय उडनदस्ता द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सड्डू पेट्रोल पंप के सामने लक्ष्मी ट्रेडर्स के ऊपर छत पर लटक रही खतरनाक होर्डिंग को काटने की कार्यवाही की गई। लोधी पारा चैक मोवा में छत पर लटक रही खतरनाक होर्डिंग को काटने की कार्यवाही की गई। ऐसी सभी लटक रही खतरनाक होर्डिंग को चिन्हित करके जनहित में जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल काटने की कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिष्चित करने के निर्देष दिये गये है।

झीरम नक्सली हमला : 11 साल बाद भी मंजर याद कर कांप उठती है रूह, चश्मदीद ने बयां किया दर्द

रायपुर/नवप्रदेश। 25 मई का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास का काला दिन है. इसी दिन झीरम में नक्सलियों ने कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा के दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सहित 32 लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी थी. इस घटना ने ना सिर्फ छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, क्योंकि देश के इतिहास में नक्सलियों के द्वारा एक साथ इतनी बड़ी संख्या में किसी राजनीतिक दल के नेताओं की हत्या नहीं की गई थी. ये 25 मई साल 2013 की घटना है. आज झीरम कांड को 11 साल बीत चुके हैं. जब भी इस घटना का जिक्र होता है लोगों की रूह कांप उठती है.

क्या है झीरम कांड

साल 2013 में विधानसभा चुनाव होने थे. उस दौरान छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार थी. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे. यही वजह थी कि चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी थी. कांग्रेस ने चुनाव के पहले परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी. इस परिवर्तन यात्रा के जरिए कांग्रेस अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटी हुई थी. यह परिवर्तन यात्रा विभिन्न जगहों से होते हुए झीरम पहुंची. झीरम में नक्सलियों ने कांग्रेस नेताओं पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. लगभग 32 लोगों की हत्या नक्सलियों ने कर दी. इसमें कई कांग्रेसी नेता मारे गए. वहीं, कई जवान शहीद भी हो गए. इस दौरान कुछ लोग अपनी जान बचाने में कामयाब रहे. इनमें से एक थे शिव सिंह ठाकुर, जो आज भी उसे घटना को याद कर सहम जाते हैं. कांग्रेस नेता शिव सिंह ठाकुर ने इस घटना को अपनी आंखों से देखा है. उन्होंने इस घटना में जहां एक ओर टॉप के कांग्रेसी नेताओं को खोया था. वहीं, उनके कई मित्र जान-पहचान और चाहने वालों की भी इसमें मौत हो गई थी.

जानिए क्या कहते हैं प्रत्यक्षदर्शी

झीरम कांड बरसी पर कांग्रेस नेता शिव सिंह ठाकुर से बात की. उन्होंने बताया कि, हमें ईश्वर पर भरोसा है. भले ही शासन-प्रशासन, पुलिस, सरकार हमें न्याय न दे लेकिन ईश्वर हमें जरूर एक न एक दिन न्याय देगा. 25 मई 2013 के दिन कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के दौरान करीब 32 लोग नक्सली हमले में मारे गए. लगभग उतने ही लोग घायल हुए और उससे ज्यादा लोग अपनी जान बचाकर भागने में कामयाब रहे. वह काफी भयानक मंजर था. एंबुश लगाया गया था, गोलियों से भूना गया, बम से उड़ाया गया.आज भी उस मंजर को याद कर हमारी रूह कांप जाती है. ईश्वर को हम धन्यवाद देते हैं कि आज हम जीवित बचकर लौट आए हैं और हमारे कई साथी उस घटना में मारे गए. उन्हें याद कर हम सिर्फ दुख प्रकट कर सकते हैं. हम मानते हैं कि जो लोग दोषी हैं, उन्हें ईश्वर सजा देगा.

उस दिन की घटना को देखते हुए लगता था कि नक्सली नाम पूछ-पूछ कर मार रहे थे. वह लगातार नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा और दिनेश पटेल का नाम ले रहे थे. इसके बाद 35 से 40 नक्सलियों ने नंद कुमार पटेल को अगवा कर दूसरी जगह ले गए. वह हमारे साथ नहीं थे. उस समय ऐसा लग रहा था किसी ने नक्सलियों को इनकी सुपारी दी है, जैसा फिल्मों में होता है. नक्सलियों के सर पर खून सवार था. वे अपने आका से वॉकी-टॉकी पर यह बात कर रहे थे. आपस में उनका कहना था कि

अब तक नहीं मिला है पीड़ितों को न्याय

शिव सिंह ठाकुर ने बताया कि, नंद कुमार पटेल नक्सलियों के सबसे पहला टारगेट थे. यदि नंदकुमार पटेल आज इस जगह से निकल गए, तो दोबारा वह सीएम बनकर ही लौटेंगे. क्योंकि उस समय कांग्रेस के पक्ष में माहौल था. कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही थी. यदि कांग्रेस सरकार बनती तो नंद कुमार पटेल सीएम होते. शायद यही वजह थी की नंदकुमार पटेल को मारने के लिए सुपारी दी गई थी. आज भी घटना की जांच अधूरी है. केंद्र सरकार लगातार जांच कर रही थी. मोदी सरकार भी अब तक जांच नहीं कर सकी. एनआईए जांच हुई , वह भी अधूरी रह गई. मजिस्ट्रेट जांच चल रही है. एसआईटी जांच भी चल रही थी, जिसे बीच में रोक दिया गया. इसके बाद भूपेश सरकार में पुलिस जांच होने वाली थी. उस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आगे बढ़ाई थी. उस पर भी रोक लग गई थी. बाद में जब तक यह रुकावट खुली, तब तक कांग्रेस सरकार जा चुकी थी. अब वर्तमान में विष्णु देव साय की सरकार है. इसमें अब आगे क्या होगा? पता नहीं. हम पीड़ितों को अब तक न्याय नहीं मिला है।

नंदकुमार पटेल, दिनेश पटेल और महेन्द्र कर्मा थे टारगेट में

शिव सिंह ठाकुर ने कहा कि, उस दिन सबसे पहले नक्सलियों ने एंबुश लगाया था, जिसमें पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की धज्जियां उड़ गई. उसमें जितने भी जवान सवार थे, वह शहीद हो गए. उसके पीछे की गाड़ी में नंद कुमार पटेल बैठे थे. उनके साथ उनके बेटे दिनेश पटेल और कवासी लखमा भी बैठे हुए थे. उनकी गाड़ी को रोकने के लिए नक्सलियों ने गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया. इसके बाद नक्सली नंदकुमार पटेल और दिनेश पटेल को वे पहाड़ पर ले गए. नक्सलियों को पहले से पता था कि महेंद्र कर्मा भी इस काफिले में मौजूद हैं. उन्हें मारने के लिए नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई करते हुए कर्मा के सुरक्षा कर्मियों ने भी फायरिंग की. इस बीच नक्सलियों ने महेंद्र शर्मा को सरेंडर करने के लिए कहा. इस दौरान करीब दो से ढाई घंटे तक लगातार फायरिंग होती रही और जब महेंद्र कर्मा को लगा कि अब उनकी मदद के लिए कोई पुलिस प्रशासन या बल नहीं आने वाला है तो उन्होंने नक्सलियों के सामने सरेंडर कर दिया. उसके बाद वहां फायरिंग थम गई. इसके बाद हम लोगों ने भी सरेंडर कर दिया.

गेस्ट्रोइन्टेरोलॉजिस्ट और लिवर हेल्थ पर राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

- **छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा से 500 डाक्टर्स हिस्सा लंगे**

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर व एपीआई छत्तीसगढ़ चेप्टर संयुक्त रूप से मिलकर गेस्ट्रोइन्टेरोलॉजिस्ट और लिवर हेल्थ 18-19 मई को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन राजधानी रायपुर के होटल बेबीलॉन केपिटल में आयोजित कर रहे हैं। डॉ. संदीप दवे ने बताया कि इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा से करीब 500 डाक्टर्स हिस्सा ले रहे हैं। दो दिन में करीब चालीस विषयों पर व्याख्यान होंगे। न केवल छत्तीसगढ बल्कि मध्यभारत के चिकित्सकों व आम लोगों के मध्य जनजागरूकता को लेकर यह राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। चूंकि देश के जाने माने विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे और वे आधुनिकतम तकनीक और दवाओं से अवगत करायेंगे। सभी डॉक्टर्स एक दूसरे से जानकारी साझा करेंगे, मध्यभारत के 5 सौ डाक्टर्स लेंगे हिस्सा, चालीस व्याख्यान से जानकारी करेंगे साझा।

गौरतलब है कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल समय-समय पर जन जागरूकता को लेकर इस प्रकार के सम्मेलन करते रहते हैं। डॉ. संदीप पाण्डे ने जानकारी दी कि हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ में भी अब एडवांस एंडोस्कोपी और लिवर प्रत्यारोपण जैसी आधुनिकत्तम सुविधाएं उपलब्ध है। डॉ. ललित निहाल पित्त नली की पथरी का इलाज व आमाशय से होने वाले रक्त स्राव से संबंधित संपूर्ण इलाज भी अब एडवांस एंडोस्कोपी से संभव है। मोटापे को कम करने के लिए अब बगैर आपरेशन एंडोस्कोपी से पेट को छोटा किया जा सकता है। फैटी लिवर के जमाव को किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि आगे जाकर यह लिवर सिरोसिस और कैंसर का रूप ले सकता है। इसलिए समय रहते पूरा इलाज करायें। फाइब्रोस्कैन द्वारा लीवर के डेमेज होने की प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाया जा सकता है। इन्ही सब विषयों को लेकर दो दिवसीय आयोजित सम्मेलन में विस्तृत चर्चा होगी।

इस कांफ्रेंस में देश के जाने माने डॉक्टर्स अपना व्याख्यान देंगे। इनमें नई दिल्ली से डॉ. एस.के. आचार्य, भोपाल से डॉ. सीसी चौबल, मुंबई से डॉ. आकाश शुक्ला, हैदराबाद से डॉ. राजेश गुप्ता, अहमदाबाद से डॉ. महेंद्र नरवारिया, नागपुर से डॉ. श्रीकांत मुकेवार प्रमुख है।

अंगदान जन जागरूपता अभियान

इसके साथ स्नातकोत्तर विद्यार्थी के लिए शिक्षा कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम के तत्वावधान में अंग दान के प्रति समाज में जागरुकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ. अब्दुन नईम और डॉ. अजीत मिश्रा लिवर प्रत्यारोपण एवं रायपुर में अंग दान के सफल प्रयास के विषय में व्याख्यान देंगे। जैसा कि आपको विदित हैं कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में कुल 28 और जिसमें 24 लीवर जीवित व्यक्तियों द्वारा और 4 मृत व्यक्तियों के द्वारा प्रदान किया गया है। सभी शत प्रतिशत स्वस्थ हैं और छत्तीसगढ़ के डाक्टर्स इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

सुविचार

काश सड़कों की तरह जिंदगी की राहों पर भी यह लिखा होता कि आगे खतरनाक मोड़ है संभलकर चलें। - अज्ञात

अंततः सीएम के पीए के खिलाफ एफआईआर

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार के खिलाफ अंततः पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दो दिनों चुप्पी के बाद पुलिस के सामने सीएम हाउस में हुई घटना का विस्तृत ब्यौरा देते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार के खिलाफ बयान दे दिया है। इसमें उन्होंने बताया कि विभव कुमार ने उन्हें थप्पड़ मारा और गंदी गंदी गालियां देते हुए लात और घुंसों से उनकी पिटाई की थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। अब कभी भी उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी की ओर से उनके सांसद संजय सिंह ने बयान दिया था कि इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उचित कार्यवाही करेंगे। किन्तु दूसरे दिन ही आरोपी विभव कुमार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह के साथ चार्टर प्लेन से लखनऊ चले गए। जहां मीडिया ने विभव कुमार को लेकर सवाल किए तो अरविंद केजरीवाल चुप्पी साध गए। इसके बाद अरविंद केजरीवाल पंजाब चले गए लेकिन विभव कुमार को अपने साथ नहीं ले गए। इसके बाद से विभव कुमार का कोई पता नहीं है। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी स्वाति मालीवाल के मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए विभव कुमार को समन भेजा है। अब देखना होगा कि स्वाति मालीवाल के मामले में पुलिस क्या कार्यवाही करती है। और राष्ट्रीय महिला आयोग क्या कदम उठाता है। फिलहाल इस प्रकरण को लेकर आम आदमी पार्टी की मुसीबतें बढ़ गई हैं और अरविंद केजरीवाल की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा सरगर्म है कि अरविंद केजरीवाल स्वाति मालीवाल से राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने का दबाव बनवा रहे थे। ताकि उनके स्थान पर वे अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा में भेज सके। जो इन दिनों उनका केस लड़ रहे हैं। किन्तु स्वाती मालीवाल राज्यसभा सदस्य के पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं थी। इसी कारण विवाद हुआ और अरविंद केजरीवाल के पीए ने उनकी पिटाई कर दी। इसमें कितनी सच्चाई है यह तो इस मामले की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। लेकिन इतना तो तय है कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद आम आदमी पार्टी जो पहले ही विवादों में घिरी हुई है। वह अब और मुसीबत में पड़ गई है। लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। खासतौर पर नई दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी को नुकसान पहुंच सकता है। इधर कांग्रेस सहित आईएनडीआईए को भी इस प्रकरण से लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के मतदान में क्षति उठानी पड़ सकती है। इस खतरे को भापते हुए कांग्रेस नेताओं ने न सिर्फ सावधानी बरतनी शुरू कर दी है बल्कि पंजाब में तो कांग्रेस नेताओं ने आम आदमी पार्टी की मुखालफत भी शुरू कर दी है। पंजाब के पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने तो नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धुर्त नेता बताते हुए उनकी कड़ी निंदा की है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने भी स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना की निंदा करते हुए इस मामले में कड़ी कार्यवाही की बात कही है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी कहा है कि स्वाति मालीवाल ही नहीं बल्कि किसी भी महिला के साथ इस तरह की घटना होती है तो कांग्रेस पार्टी उस पीड़ित महिला के साथ खड़ी रहेगी। कांग्रेस नेताओं के इन बयानों से साफ है कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई इस घटना के बाद अब कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी का समर्थन करने से बच रही है। इसका आईएनडीआईए पर असर पड़ सकता है और अरविंद केजरीवाल अकेले पड़ सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में योजनाओं के नाम पर राजनीति

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद अब सरकारी योजनाओं के नाम बदलने के मुद्दे को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के नाम को बदले जाने की आशंका के चलते कांग्रेस नेताओं ने विष्णुदेव साय सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है और वे आरोप लगा रहे हैं कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से ग्रसित होकर विष्णुदेव साय सरकार पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं के नाम को बदलने जा रही है। इसके जवाब में भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि योजनाओं का नाम बदलने की शुरूआत तो भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ही की थी। भूपेश बघेल सरकार कोई नई योजना लागू नहीं का पाई उसमें पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह की सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाई गई योजनाओं के नाम को थोक के भाव में बदल डाला था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजना का नाम बदलकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम पर कर दिया गया था। इसी तरह और भी कई योजनाओं के स्वर्गीय राजीव गांधी या स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नाम पर कर दिए गए थे। यहां तक कि भाजपा शासनकाल में जगदलपुर में स्वर्गीय बलिराम कश्यप मेडिकल कॉलेज खोला गया था और उसका नाम भी कांग्रेस सरकार ने बदलकर कांग्रेस नेता महेन्द्र शर्मा के नाम पर कर दिया था। बहरहाल सरकारी योजनाओं के नाम पर कांग्रेस बेवजह की राजनीति कर रही है क्योंकि इसकी शुरूआत उसी ने की थी।

प्रेरक प्रसंग

विवाद समाप्त न हुआ

इंग्लैंड के लंकाशायर नगर में एक ऐसा गिरजाघर बनाने की बात सोची गई, जो विश्व में अद्वितीय हो। नगरपालिका के मेयर ने उसके लिए यथेष्ट धन दिया और गिरजाघर बनने लगा।

बहुत सुंदर गिरजाघर बनकर तैयार हो गया। दर्शक वाह-वाह कर उठते थे। दूर-दूर से भक्तगण दर्शनार्थ आने लगे। एक दिन नगरपालिका की बैठक बुलाई गई। यह प्रमाणित करना था कि गिरजाघर विश्व के सब गिरजाघरों से भव्य और सुंदर है। सभा प्रारंभ हुई, एक सदस्य ने उसे अनावश्यक लंबा बताया। दूसरे ने चौड़ाई की टीका की। किसी ने कहा गिरजाघर पूर्वी शैली पर होता तो और सुंदर होता। बहस बराबर चलती रही पर कोई सर्वसम्मत निष्कर्ष नहीं निकला। एक दिन ईशरखुवुड वहाँ पहुँचे और बोले- आप लोग इतने महीनों से वाद-विवाद में लगे हो, समय बरबाद करते हो। तुमसे अच्छे तो यह भक्त ही हैं, जो जितना है, उतने का ही आनंद लूट रहे हैं। कहते हैं कि इस गिरजाघर का यह विवाद अभी तक समाप्त नहीं हुआ है।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त : 19:01, चन्द्रोदय : 13:49, चन्द्रास्तः 26:29, अयन : उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर): कालयुक्त, युगाब्द (कलि संवत): 5126, मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : दशमी, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, योग : हर्षण, प्रथम करण : कौलव (08:48 तक), द्वितीय करण : तैतिल (22:05 तक)

॥गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : वृष, चंद्र : कन्या (28:03 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:50, राहुकाल : 09:00 से 10:30, यमगण्ड : 15:42 से 17:22, दुर्मुहूर्त : 08:25 से 09:1, अमृत काल : 14:05 से 15:53, रवियोग : पूरे दिन, विजय मुहूर्त : 14:31 से 15:25, गोधूलि मुहूर्त 19:04 से 19:24, सायाह्न सन्ध्या : 19:05 से 20:07, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:34, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, होमाहुति : शुक्र (21:18 से शनि)दिशाशूल : पश्चिम।

राजीव खंडेलवाल

क्या उच्चतम न्यायालय को इस "खामी, कमी" की ओर केन्द्र शासन का ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहिए? वैसे स्वयं उच्चतम न्यायालय ने "टाडा" में बंद रहे सांसद कल्पनाथ राय को संसद की कार्रवाई में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत देने से इंकार कर दिया था। राज्यसभा के चुनाव के बहुमत परीक्षण के मामलों में भी उच्चतम न्यायालय ने सांसद, विधायक को संसद या विधानसभा में आने की अनुमति कम ही दी है।

प्रथम दृष्टया मामला होने के बावजूद अंतरिम जमानत गलत? आधार गलत?

माननीय उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय भविष्य की चिंताओं को लेकर चिंतित अवश्य करता है। माननीय न्यायालय का यह कहना कि चुनाव के दौरान सभी पार्टियों को अपना एजेंडा जनता के सामने रखने का अधिकार है। क्या पार्टी का एजेंडा सिर्फ उसका राष्ट्रीय संयोजक ही रख सकता है, अन्य पदाधिकारी नहीं? 40 स्टार प्रचारकों की फिर भूमिका क्या है? क्या यह "सिद्धांत" सैद्धांतिक रूप से सभी राजनीतिक आरोप जिनके विरुद्ध "आपराधिक अपराध" के प्रकरण दर्ज है, जो चुनावी समर में है, पर लागू होते हैं, होंगे? उच्चतम न्यायालय का जमानत देते समय कहा गया निम्न कथन महत्वपूर्ण है "अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय दलों में से एक के नेता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। लेकिन उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है। इसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है। वह समाज के लिए खतरा भी नहीं है। इसे व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए"। क्या उच्चतम न्यायालय द्वारा उक्त उल्लेख अपने आदेश को 'बल' देने के लिए तो नहीं किया गया है? अथवा उच्चतम न्यायालय ने उक्त कथन कहकर दोनों पक्षों को निरुत्तर/संतुष्ट करने का प्रयास किया है।

क्या "न्याय प्रणाली" में ये अप्रासंगिक हो गए हैं?

क्या "नैतिकता" एवं "सुचिता" की बात सिर्फ राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में ही की जानी चाहिए? "न्याय" क्षेत्र में नहीं? यदि न्याय क्षेत्र में उक्त तत्व "अंतर्निहित" (इन-बिल्ट) है, तो यह बात तो अन्य क्षेत्रों पर भी लागू होती है। उच्चतम न्यायालय द्वारा व्यवहारिक रूप से अर्द्ध-राज्य (पूर्ण राज्य नहीं) 'दिल्ली प्रदेश' की तिहाड़ जेल में "धन शोधन निवारण अधिनियम" के अंतर्गत बंद, ऐतिहासिक बने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को वर्ष 2024 में हो रहे लोकसभा के "आम चुनाव के प्रचार" की शेष अवधि (10 मई से 01 जून तक) के लिये दी गई अंतरिम जमानत के मामले ने उक्त मुद्दे को एक नया आयाम व "तूल" दे दिया है। दूरगामी प्रभाव पड़ने वाले उक्त अंतरिम आदेश की चीर-फाड़ किया जाकर गंभीरता से विस्तृत रूप से विचार किया जाना आवश्यक है। बावजूद इस तथ्य के कि उक्त अंतरिम आदेश को ईडी द्वारा भविष्य में न्याय दृष्टांत (नजीर) माने जाने की बात कहने पर उच्चतम न्यायालय ने यह कहा कि अंतरिम जमानत देना प्रत्येक मामले के "व्यक्तिगत तथ्यों" पर आधारित होता है। हालांकि नजीर तभी मानी/लागू की जाती है, जब "तथ्य समान हो"। अतः "नजीर" के मामले में न्यायालय की यहां एक "चुप्पी" सी दिखती है, जो भविष्य में खतरनाक भी सिद्ध हो सकती है

एक बिल्कुल ही "अलहदा" मामला?

स्वतंत्र भारत के ही नहीं, बल्कि पूर्व के न्यायिक इतिहास में भी शायद यह एक मात्र ऐसा अलग मामला है, जहां उच्चतम न्यायालय ने बेहद चर्चित दिल्ली शराब कांड (आबकारी नीति धनशोधन घोटाला) के तथाकथित सूत्रधार दिल्ली के मुख्यमंत्री जो "पीएमएलए" के अंतर्गत 51 दिन जेल में बंद रहे, को ईडी के जबरदस्त विरोध के बावजूद अंततः अंतरिम जमानत उम्मीदवार न होने के बावजूद चुनावी प्रचार के लिए दे दी, तथापि वे 'आप' के स्टार प्रचारक जरूर है। "विधिक क्षेत्रों" से जुड़े समस्त व्यक्तियों के लिए भी यह आदेश एक नितांत "नया" आश्चर्य मिश्रित अनुभव हो सकता है। कुछ के लिए, "सुखद", तो कुछ के लिए "दुखद"; तो वर्तमान स्थिति को देखते हुए ऐसा आदेश तो होना ही था, यह भी एक 'सुविचार' हो सकता है।

अंतरिम जमानतआदेश। अर्थ/परिस्थितियाँ।

अंतरिम जमानत देते समय उच्चतम न्यायालय के निम्न कथन पर विशेष रूप से गौर किये जाने की आवश्यकता है।

"अंतरिम जमानत शब्द को आपराधिक प्रक्रिया संहिता में परिभाषित नहीं किया गया है। लेकिन उसने अदालतों को बाध्यकारी परिस्थितियों में जेल में बंद व्यक्तियों को यह अस्थायी राहत देने से नहीं रोका है। अस्थायी रिहाई वाली "अंतरिम" जमानत अनिवार्य परिस्थितियों और आधारों पर दी जा सकती है, तब भी जब नियमित जमानत उचित नहीं होगी। "असहनीय दुःख और पीड़ा" की स्थिति किसी जेल में बंद व्यक्ति की अस्थायी रिहाई को उचित ठहराने के कई कारणों में से एक हो सकती है, भले ही नियमित जमानत की आवश्यकता न हो"। उच्चतम न्यायालय की उक्त "दुख और पीड़ा की भावना" की स्थिति मात्र मौत, बीमारी के मामले में ही हो सकती है, "चुनाव प्रचार" के लिए नहीं, जिस बात के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। इस बात को माननीय न्यायालय शायद समझ नहीं पाये, यह भी "समझ से परे" है।

जेल के अंदर रहने वाले "प्रथम मुख्यमंत्री"।

अरविंद केजरीवाल देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री बन गये है, जो पद पर रहते हुए जेल गये। "नैतिकता" का आवरण ओढ़कर "कट्टर ईमानदारी" की कसमें खाकर "अन्ना' का 'अन्न" खाकर, राजनीति में तेज तर्रार तरीके से तेजी से कदम बढ़ाते, "नौकरशाह से राजनेता" बने, मात्र 11 वर्ष में "राष्ट्रीय पार्टी" बनी "आप" (आम आदमी पार्टी) केराष्ट्रीय संयोजक, अरविंद केजरीवाल ने अपने उन अन्य मुख्यमंत्री साथियों की तरह नैतिकता के उस उच्च स्तर को अपनाया नहीं, जिन्होंने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए गिरफ्तारी होने के पूर्व ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री पद की गरिमा के क्षरण होने से बचाया था। चाहे फिर वे तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता, बिहार के लालू प्रसाद यादव, कर्नाटक के बी एस येदियुरप्पा और अभी हाल में ही झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन हो, जिन्होंने गिरफ्तारी के पूर्व ईडी टीम के साथ राज्यपाल भवन जाकर अपना इस्तीफा सौंपने के बाद गिरफ्तारी दी। आश्चर्य, दुखद व हास्य की बात तो यह है कि मात्र आरोप लग जाने के आधार पर 250 से अधिक "दागी सांसदों" से अन्ना आंदोलन के दौरान इस्तीफे की मांग करने वाले स्वयं इस्तीफा देना तो दूर, अंतरिम जमानत की मांग चुनाव प्रचार के लिए कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देने का फायदा? अंतरिम जमानत। मुझे लगता है अरविंद केजरीवाल ने शिवसेना के दो फाड़ होने के प्रकरण में उच्चतम न्यायालय की मई 2023 में की गई उक्त टिप्पणियों/अवलोकन (ऑब्जरवेशनस) को निश्चित रूप से ध्यान में रखा होगा। जब माननीय न्यायालय ने यह कहा था कि यदि उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देते और विश्वास मत प्राप्त करते हुए हार जाते तो न्यायालय उन्हें मुख्यमंत्री पद पर पुर्नस्थापित कर सकता था। शायद इसीलिए केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया, जिसका फायदा शायद उन्हें अंतरिम जमानत के रूप में मिला भी। इसीलिए शायद हेमंत सोरेन को जमानत नहीं मिल पायी।

जेल में बंदआरोपी/अपराधी का चुनाव लड़ना संवैधानिक अधिकार; तो चुनाव प्रचार क्यों नहीं?

ऐसी स्थिति में उच्चतम न्यायालय को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए की जेल में बंद व्यक्ति जब चुनाव लड़ता है, जो उसका संवैधानिक अधिकार है, को मान्य किये जाने पर उसी चुनाव के प्रचार के लिए अनुमति न मिलना क्या यह उसका संवैधानिक या वैधानिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है? विपरीत इसके वह व्यक्ति जो चुनावी मैदान में उतरा ही नहीं है, को चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत देना भले ही वैधानिक हो परंतु "न्यायोचित" कैसे हो सकता है? उच्चतम न्यायालय को गहन विचार कर इस मुद्दे को अंतिम रूप से निर्णीत अवश्य कर देना चाहिए। वैसे उच्चतम न्यायालय का यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 14 में वर्णित समानता के अधिकार के विपरीत एक आपराधिक अपराधी एवं एक राज नेता आर्थिक अपराधी के बीच "असामान्य मतभेद अंतर" करता है, जो गलत है। शायद इसी कारण पंजाब के खंडूर साहब लोकसभा चुनाव क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए, अवैध हथियार रखने के आरोप में जेल में बंद "वारिस पंजाब दे" के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने भी अंतरिम जमानत मांगी है। प्रसंग वश आपके ध्यान में यह बात लाना आवश्यक है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 62(5) के अंतर्गत जेल में बंद व्यक्ति को वोट ड़ालने का अधिकार नहीं हैं, जबकि वह चुनाव लड़ सकता है।

आज का इतिहास

18 मई 1848 में आज ही के दिन जर्मनी में पहली नेशनल एसेंबली का उद्घाटन हुआ था। 1912 में 18 मई को ही पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज हुई थी। 1933 में आज ही के दिन पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का जन्म हुआ था। 1974 में 18 मई को ही राजस्थान के पोखरण में भारत ने अपना पहला भूमिगत परमाणु बम परीक्षण किया था। 1994 में 18 मई के दिन ही गाजा पट्टी क्षेत्र से अंतिम इजराइली सैनिक टुकड़ी हटाए जाने के साथ ही क्षेत्र पर फलिस्तीनी स्वायत्तशासी शासन पूरी तरह से लागू हुआ था। 2004 में आज ही के दिन इजराइल के राफा विस्थापित कैंप में इजराइली सैनिकों ने 19 फलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया था। 2006 में आज ही के दिन नेपाल नरेश को कर के दायरे में लाया गया था। 2007 में 18 मई को ही कजाकिस्तान के राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजर वायेव का कार्यकाल असीमित समय के लिए बढ़ाया गया था। 2008 में आज ही के दिन पार्श्वगायक नितिन मुकेश को मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण से सम्मानित किया था। 2009 में आज ही के दिन श्रीलंका सरकार ने 25 साल से तमिल विद्रोहियों के साथ हो रही जंग के खत्म होने का एलान किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दो अलग सोच

दो अलग सोच, दो अलग व्यवहार दो अलग नजरिये, दो अलग ख्वाब वाले , दो अलग दिशाओं और दो अलग लक्ष्य पर चलने वाले लोंगो को ईश्वर मिलाकर, फिर एक बंधन में बांधकर इसलिए एक करता है ताकि हम दुख में हताश न हो और सुख में बदहवास न हो

- रूबी प्रसाद

कभी है सांस आनी

कभी है सांस आनी और जानी बिना तेरे भी क्या है ज़िन्दगानी गया है छोड़कर मुझको तू तन्हा मुहब्बत की अजब थी ये कहानी अना जिस पर तुझे इतनी हुई है रहेगी क्या हमेशा ये जवानी

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

ख़ास पाती | जंगल के बीच, एक छोटे पेड़ पर

जंगल के बीच, एक छोटे पेड़ पर, किसी ने उकेरे थे दो नाम, लोहे की चाभी या नेलकटर से, दोनों - नाम और पेड़ , छूना चाहते थे आकाश, पेड़ खड़ा रहा नाम लिये, हवाओं ने चाँटे मारे, बरसात धोता रहा कई-कई दिन लगातार, की मिट जाये नाम-गोदने को हटा दे, एक बार बिजली भी गिरी, हरे कुछ डाल झुलस गये। पर नाम कुंदन सा दमक गया, हर साल वल्कल छोड़ने के बाद, नाम कुछ और बड़े हो जाते, ह्रदय के घाव की तरह ढोता है पेड़, वह एक जखूम को बड़ा कर रहा है। - शेष अमित

कभी तो संदेश भेजोगे कभी तो कहोगे

कभी तो संदेश भेजोगे कभी तो कहोगे याद आ रही है कभी तो कहोगे कभी तो कहोगे तेरे बिन दिल नहीं लगता कभी तो कहोगे तेरे बिन कितने अधूरे हैं हम कभी तो कहोगे ये शाम इंतजार करती है तेरा कभी तो कहोगे रात की तनहाई बुलाती है तुमहें कभी तो कहोगे तुम कभी तो कहोगे तन्हा हूं मैं तुम बिन..... - डॉ. अर्चन खंडेलवाल

कहते तो आवारा बादल मेरा निर्मल

कहते तो आवारा बादल मेरा निर्मल नूतन गाना। झरनों ने मेरी रिमझिम से रोज बनाया मधुर तराना । साहिल से सागर तक बिखरा बूंद बूंद अमृत का कतरा नीला नीला ,फर फर करता कोमल लहरों सा अफसाना । नभ पर इंद्रधनुष मुस्काते जीवन के सातों रंग गाते मेरे नवल, मृदुल गीतों से है जीवन का तानाबाना।

- कवि अजय सिंह भदोरिया

न बदली वक़्त की गर्दिश न ज़माना बदला

न बदली वक़्त की गर्दिश न ज़माना बदला, सूख गई पेड़ की डाली परिंदों ने ठिकाना बदला जिंदगी की हक़ीक़त को बस हमने इतना ही जाना है दर्द मे अकेले हैं और खुशियों मे सारा ज़माना है!

- सुर्यप्रकाश मिश्रा

जगत के हरने क्लेश अनेक मही से निकली

जगत के हरने क्लेश अनेक। मही से निकली कन्या एक।। सुनयना माता की सन्तान। पिता श्री राजा जनक महान।। भवानी-शंकर की प्रिय भक्त। सदा से रहीं राम-अनुरक्त।। बसे हैं जिनके हिय में राम। उन्हीं का पावन सीता नाम।। अलौकिक शोभा की हैं खान। अथक रसना करती गुणगान।। निहारे कण-कण रूप अनूप। पूजते मुनिजन निर्धन-भूप।। विकारी दंभी अति लंकेश। बदल जब आया अपना वेश। हारने ही थे उसको प्राण। तभी होना था जग-कल्याण।। विहँसता रहे सदा संसार। मुदित मन करता जय जयकार।। जिसे है प्रेम-दया का बोध। पार वह करता हर अवरोध।। जगत जननी को कोटि प्रणाम। विराजें नित्य ह्रदय के धाम।। रूप शुचि शीतल चन्द्र समान।'अधर' पर अनुपम है मुस्कान।। - शुक्ला मिश्रा

मेरी रूह से लिपटी तेरी रूह अक्सर

मेरी रूह से लिपटी तेरी रूह अक्सर सिसक उठती है तन्हाई की रातों में... सुलग उठते हैं एहसास मेरे तुम्हें छूने की तमन्ना में हाथ बढ़ते हैं... तेरी लौ को पकड़ने के लिए मगर सांसें चटक जाती हैं टूटे रिश्तों की तरह... बिखर जाते हैं एहसास मेरे तड़प उठती है रूह मेरी बस हर बार यही सोचती हूँ मैं अपनी तन्हाइयों को मिला दूँ तुम्हारी तन्हाइयों से... शायद रूह की आग में ये आग भी शामिल हो जाए।

- रश्मी अभय

QUIZ TIME

1) पेंच टाइगर रिजर्व कहाँ स्थित है?

2) हाल ही में केंद्र सरकार ने ड्रोन दीदी योजना के लिए किसके साथ समझौता किया है?

3) सूर्य की ऊर्जा का स्त्रोत किस प्रक्रिया में निहित है?

4) जहाजों में समय मापने के लिए प्रयुक्त उपकरण कौन सा है?

5) हाल ही में 30वीं सुल्तान अजलान शाह ट्रॉफी किसने जीती है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) महाराष्ट्र (2) महिंद्रा एंड महिंद्रा (3) नाभिकीय संलयन (4) क्रोनोमीटर (5) जापान

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आप अपनी भूतकाल में कई गई गलतियों से सीख लेंगे इनका पश्चाताप भी मन मे रहेगा।

वृषः आज के दिन आप वाणी एवं व्यवहार पर संयम रख कर ही किसी से वार्तालाप करें बचते बचते भी कलह होने की संभावना है।

मिथुनः आज के दिन आप ज्यादा समय निश्चिन्त रहेंगे काम धंधे से ऊबन अनुभव होगी इसका मुख्य कारण आज विपरीत लिंगीय के प्रति अधिक आकर्षण भी रहेगा।

कर्कः आज आपका आलसी स्वभाव जल्दी के किसी भी कार्य को करने नही देगा फिर भी जिस कार्य मे लग जाएंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

सिंहः आज आपका स्वभाव हास्य परिहास वाला रहेगा अपनी चंचल एवं बचकानी हरकतो से सभी को हंसने पर मजबूर कर देंगे।

कन्या : आज का सारा दिन आशाओ के विपरीत रहने वाला है धन संबंधित निर्णय सोच समझ कर ही लें। आज सरकारी कार्य सुलझने की जगह ज्यादा उलझन बनाएंगे।

तुला : आज के दिन आप अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण कर सकेंगे घर एवं कार्य क्षेत्र का वातावरण सहयोगी रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन भी कार्य सफलता वाला रहेगा। पुराने अधूरे कार्य आज पूर्ण हो सकते है लेकिन इसके लिये आपको अपना लचीला व्यवहार त्यागना पड़ेगा।

धनुः आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाओं का उदय होगा पूजा पाठ में रुचि लेंगे मानसिक रूप से हल्कापन अनुभव करेंगे।

मकरः आज का दिन शारीरिक समस्याओ के साथ ही आर्थिक कारणों से भी नई समस्याए बढ़ाएगा।

कुंभः आज के दिन आप अपने मे मग्न रहेंगे सार्वजनिक अथवा पारिवारिक कार्यो में टालमटोल करने से बेहतर है स्पष्ट ना कह दें।

मीनः आज के दिन आप अपनी स्थिति का आंकलन नही कर पाएंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -060

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 059 का हल

न्यूज गैलरी

दो आरक्षक लाइन अटैच

दुर्ग। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। दोनों आरक्षक जामुल थाने में पदस्थ थे। जानकारी के अनुसार जामुल थाने में पदस्थ दो आरक्षकों की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी। स्क्र ने शिकायतों की जांच करवाई और शिकायत सही पाने पर दोनों आरक्षक को थाने से लाइन अटैच कर दिया। जामुल थाने में तैनात आरक्षक 191 राकेश सिंह एवं आरक्षक 216 चंद्रभूषण सिंह को पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक करणो का हवाला देते हुए तत्काल जामुल थाने से रक्षित केंद्र दुर्ग भेजा है। आगामी आदेश तक जामुन खाने से आरक्षक 191 राकेश सिंह एवं आरक्षक 216 चंद्रभूषण सिंह को रक्षित केंद्र दुर्ग भेज दिया है।

छात्रा ने लगाई फांसी

दुर्ग। रिजल्ट खराब होने से उदास दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार उरला के आईएचएसडीपी आवास में रहने वाली कक्षा 10 वीं की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोहन नगर थाना पुलिस ने बताया कि छात्रा सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा 10 वीं में पढ़ती थी। बोर्ड एग्जाम का रिजल्ट आने के बाद पता चला कि छात्रा का अंग्रेजी विषय पर सप्लीमेंटरी आयी है। जिससे वह बहुत उदास थी। उसके माता-पिता दोनों मजदूरी करते है। घर में छात्रा अकेली थी। भाई कही गया हुआ था। जब वह एक बजे घर आया तो देखा कि उसकी बहन फांसी पर लटकी हुई है। उसने सबसे पहले पड़ोसियों को सूचना दी और फिर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने लाश उतार कर पंचनामा की है।

एंजेल वैली का परिणाम उत्कृष्ट

भिलाई। माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2024 में एंजेल वैली स्कूल हुडको भिलाई (अंग्रेजी माध्यम) में कक्षा दसवी का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। अक्षिता कनोजिया ने 93.16 प्रतिशत अंको के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षिता ने गणित विषय में 100 में से 99 एवं इंग्लिश और हिंदी विषय में 100 में 98 अंक प्राप्त किये। रोशन छाती 85 प्रतिशत ने द्वितीय एवं इश्वरी तांडी 70.6 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं प्रभारी प्राचार्य सुष्मिता दास ने इस सफलता पर बधाई दी।

आयुक्त ने पीएम आवास का औचक निरीक्षण कर ली ठेकेदारों की क्लास

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास निर्माण का नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया, मोहित मरकाम, प्रीतम एवं ठेकेदारों के साथ निरीक्षण किया। इसके अलावा इस योजना से जुड़े अधिकारियों से जानकारी ली गई। आयुक्त ने निर्माणाधीन आवास के संबंध में नोडल अधिकारी व ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता बनीं रहे इस ओर विशेष ध्यान देने कहा। निर्धारित समय सीमा में आवासों का निर्माण पूर्ण करने सख्त निर्देश दिए गए। ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द उक्त आवास का आबंटन पात्रता अनुसार किया जा सके। उन्होने सभी इंजीनियरों से कहा कि वे पूर्व में सौंपे गये दायित्वों के साथ-साथ वर्तमान कार्य का भी संपादन करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर पीएम आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवास जैसे गणपति विहार 108 आवास एवम पोटिया रोड 116 आवास को सर्वसुविधा युक्त बनाने

आवासों के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं मापदंड के अनुरूप काम पूरा किया जाये, ताकि समय पर इसका लाभ हितग्राहियो को मिल सके। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान पोटिया रोड प्रधानमंत्री आवास के ग्राउंड सहित क्षेत्र के आस पास साफसफाई, समतलीकरण सहित पानी की व्यवस्था हेतु नल कनेक्शन एवं आवास के सामने फ्रेंसिंग से कालोनी को सुरक्षित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने की बात कही। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियो से कहा कि 15 दिवस के भीतर पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन हो सके ऐसा प्रयास करें। उन्होंने गणपति विहार आवास का निरीक्षण करते हुए पानी की व्यवस्था के साथ साथ बिजली के कार्यो को प्राथमिकताओं के साथ पूरा करने कहा। कालोनी में विद्युतीकरण लेटलतीफी को लेकर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान गणपति विहार के पास अवैध रूप से हो रहें अतिक्रमण पर कार्रवाही कर हटवाने के निर्देश भवन अधिकारी गिरीश दिवान को दिये। गौरतलब है कि निगम आयुक्त के निर्देश पर आवास आवंटन प्रक्रिया शीघ्रता से कार्रवाई हो रही है। ताकि लोगों को आवास का लाभ यथाशीघ्र मिल सके। निरीक्षण में निर्देश दिए कि योजना के आवासों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जावेगी।

दो बाइक के आपस में टकराने से व्यापारी की मौत, दो गंभीर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सीएसआईटी कॉलेज हॉस्टल के पास दो बाइक के आपस में टक्करा जाने से एक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान कोलिहापुरी निवासी राजस्थानी ट्रैक्टर के मालिक शूमेर सिंह के रूप में किया गया है। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है। पुलगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कोलिहापुरी निवासी राजस्थानी ट्रैक्टर के मालिक शूमेर सिंह के रूप में किया गया है। सुबह 10 बजे के आसपास कुणाल दिल्लीवार अछोटी निवासी अपनी पल्सर मोटरसाइकिल सीजी 07 सीक्यू 2134 मे काम में जाने निकाला था जो कि सुमित जंक्शन फुलगांव में काम करता है बताया जा रहा है कि कुणाल लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में अपनी बाइक चला रहा था। मृतक शुमेर अपनी बाइक डीलक्स क्रमांक सीजी 07 सीके 7563 में दुर्ग से ऑयल लेकर घर जा रहा था तभी मोड पर ही दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गया जिससे शुमेर के साथ बैठे प्रीतम यादव कोनारी निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया और घटना में शुमेर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों घायल कुणाल और प्रीतम का दुर्ग जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

युवक का कटा गला, रात को पत्नी से मिलने गया तो हो गया कांड

भिलाई/नवप्रदेश। बीती रात्रि पत्नी से मिलने गए युवक का गला कट गया। घटना के समय वहां से गुजर रही पुलिस की पेट्रोलिंग ने युवक को गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाया। मामला नेवई थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोनू मोहम्मद हसरत ने बताया कि उनका मामा सौकीर आलम (40 वर्ष) हंसी मस्जिद के पास कुरूद रोड कोहका भिलाई में रहते है। गुरुवार की रात करीब 11 बजे सौकीर आलम की पत्नी ने उसे फोन कर ये कहते हुए बुलाई की स्कूटी की चाबी गुम हो गई है। सौकीर आलम जब मरोदा डेम पत्नी को चाबी देने गया तो सौकीर आलम का गला कट गया। इस दौरान वहां से गुजर रही पेट्रोलिंग पार्टी ने घायल को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल ले गया। जहां से उन्हें दुर्ग के गंगोत्री अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में जब नेवई थाना प्रभारी को कॉल किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। गंगोत्री हॉस्पिटल के डॉ. ओपी कराडे ने बताया की गंभीर स्थिति में सौकीर आलम को भर्ती कराया गया था। गुरुवार रात मेजर ऑपरेशन हुआ, गले की अंदरूनी नसें कट गई थी।

नेहरू आर्ट गैलरी में चुमकी एवं बर्मन द्वारा संग्रहित डाक टिकट की प्रदर्शनी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में चुमकी साहा एवं स्व. सुब्रतदेव बर्मन द्वारा संग्रहित डाक टिकट की युगल प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 20 मई 2024 को संध्याकाल मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन तपन कुमार द्वारा किया जायेगा। श्रीमती चुमकी भिलाई की रहने वाली हैं और इनके माता-पिता दोनों बीएसपी में ही कार्यरत थे। अपने माता-पिता से ही इन्हें टिकट संग्रह का शौक विरासत में मिला। 50 देशों के 5000 से अधिक टिकटों के संग्रह के साथ, उन्होंने एक विविध और व्यापक वर्ग तैयार किया है। इनमें 1000 से अधिक टिकटों के साथ भारत एक विशेष स्थान पर है, उसके बाद जर्मनी और यूएसएसआर का स्थान आता है। फिलैटली (डाक टिकट के संग्रह) के प्रति उनके उत्साह ने साहा को अपने स्कूल और कॉलेज के दौरान प्रदर्शनियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इन वर्षो में, वह सिविक सेंटर में डाकघर द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लेते हुए, डाक टिकट संग्रहकर्ता समुदाय के साथ जुड़ी रहीं। एक शिक्षिका के रूप में चुमकी हमेशा इस शौक की प्रबल समर्थक रही हैं और अपने विद्यार्थियों को टिकट संग्रह के लिए प्रोत्साहित करती रही हैं। चुमकी लंबे समय के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से एक बार फिर अपने संग्रह को प्रदर्शित करने का अवसर पाकर अभिभूत हैं। अपने मूल्यवान संग्रह के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु संयंत्र के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने रीजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोपाल में फिलाटेलिक प्रदर्शनियों का आयोजन किया। साथ ही कोलकाता और दिल्ली में प्रतिष्ठित फिलाटेलिक कार्यशालाओं में भाग लिया। वर्ष 1988-1999 तक वेस्टर्न कोल फील्ड्स, छिंदवाड़ा डाक टिकट प्रदर्शनियों के तत्वावधान में उनकी प्रदर्शनियों को खूब सराहा। इस बार चुमकी अपनी संग्रहित डाक टिकट प्रदर्शनी को स्व. सुब्रत देवबर्मन को सपर्पित किया है। स्व. देवबर्मन ने समान रुचि साझा करते हुए वर्षो पहले इनके साथ टिकटों का आदान-प्रदान किया था।

ऋतंभरा की काव्य गोष्ठी हुई

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। कुर्मी भवन में ऋतंभरा साहित्य समिति के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि महेश वर्मा व विशेष अतिथि उभयराम साहू ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर गोष्ठी का आगाज किया। वरिष्ठ कवि लखनलाल साहू चरोदा ने अपनी कृति 'फाग गीत माला' से सतरंगी छटाएं बिखेरते हुए गीतों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि रायपुर दूरदर्शन एंकर व लोकमया संस्था के अध्यक्ष महेश वर्मा ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचनाओं का पाठ कर पुरानी यादें ताजा की। विशेष अतिथि उभयराम साहू 'बहती दरिया' ने अपनी सद्यः प्रकाशित कृति 'माता महामाया का प्रसाद' अध्यक्ष नारायण वर्मा को सप्रेम भेंट कर उनके जन्मदिन पर बधाई गीत सस्वर सुनाया। मंच को ऊंचाई प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ी वरि. गीतकार हेमलाल साहू 'निर्मोही', चिंतामणि साहू 'अध्यात्मशोधक', रविन्द्र कुमार थापा, साधुदास वैष्णव, कामता प्रसाद दिवाकर, डामनलाल वर्मा, गनपत राव ने पाठ किया।

डेढ़ साल बाद पकड़ाया आरोपी, पत्थर से कुचल दिया था सिर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छावनी थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुए अंधे कत्ल के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मछली मार्केट पावर हाऊस भिलाई मे दिनांक 01/09/2022 को हुई अंधे कत्ल के आरोपी का पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा थाना छावनी के हत्या के प्रकरण के आरोपी के विरूद्ध स्वय रूचि लेते हुए कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन सिंह

राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरिश पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में छावनी पुलिस के द्वारा दिनांक 17/05/2024 को मुखबिर से मछली मार्केट पावर हाऊस भिलाई मे मृतक मोहम्मद फिरोज के संदेही होने की सूचना मिली। पुलिस द्वारा नाम व पता पूछने पर अपना नाम शाहजाद खान पिता स्व. यूसूस उम्र 27 वर्ष सा. चिमनीभांठा ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा थाना मानिकपुर जिला कोरबा छ.ग. बताये जिसको हिरासत मे लेकर पूछाताछ की गई। इस पर आरोपी ने बताया कि दिनांक 01/09/2022 को रात्रि के समय जगह पर सोने की बात को लेकर विवाद होने पर मोहम्मद फिरोज के सिर मे सीमेन्ट के बने पत्थर से उसके सिर व चेहरा मे पटक कर हत्या कर दी। थाना छावनी के अपराध क्रमांक 392/2022 धारा 302 भा.द.वि. का आरोपी होने से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भा.द.वि. का अपराध पाये जाने से न्यायालय दुर्ग मे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षक नीलकंठ यदु, आरक्षक मनोज सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

ओडिशा में समर्थन जुटा रहे गजेंद्र

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को लेकर विधायक गजेंद्र यादव उड़ीसा में भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटा रहे है। वे मोदी के ब्रांड नेम और उनके विज़न का प्रचार कर स्वच्छ और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में भाजपा प्रत्याशी को जिताने उड़ीसा की जनता से आव्हान कर रहे है। उड़ीसा में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने विगत दो दिनों से विधायक गजेंद्र उड़ीसा प्रवास पर है। आज उड़ीसा के बागो मुंडा में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व शर्मा के आमसभा में शामिल हुए। इस दौरान उड़ीसा के पटनायक सरकार की खामिया गिनाते हुए

उड़ीसा की जनता से कहा की भाजपा का संकल्प ही मोदी की गारंटी है। मोदी सरकार समाज के सभी वर्ग की चिंता करते है, गरीबों को आवास, महिलाओ का सम्मान व किसानों की खुशहाली भाजपा सरकार में आई है। उड़ीसा में डबल इंजन की सरकार बनाने बदलाव जरूरी है, उन्होंने सभा में जनसमूह संबोधित भी किया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202310100600063 /अ-6अ/वर्ष 2023-24

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पुरुषोत्तम आ. नंदकुमार निवासी परसाही तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कानाकार प.ह.नं. 28 तहसील पाटन स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 172 रकबा 0.14 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में पुरुषोत्तम आ. नंदकुमार जाति तेली के नाम पर दर्ज है, जिसे आधार कार्ड/ पेनकार्ड/ मतदाता परिचय पत्र के आधार पर राजस्व रिकार्ड में पुरुषोत्तम आ. नंदकुमार जाति गोड़ सुधार किए जाने आवेदन मय दस्तावेज पेश किया गया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो नियत सुनवाई तिथि 31.05.2024 तक न्यायालय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2024 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री दशरथ यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400114/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री दशरथ यादव आ. श्री ढेलूराम यादव निवासी ग्राम रिसाली तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	465/6	0.010 हें	वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती सुभद्रा वर्मा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400130/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुभद्रा वर्मा पति श्री प्रीतराम वर्मा निवासी साजा जिला बेमेतरा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बघेरा प.ह.न. 18 तह. व जिला दुर्ग	272/86	0.014 हें 1494 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री सतीष त्रिपाठी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400170/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री सतीष त्रिपाठी आ. श्री लिंगराज त्रिपाठी निवासी दुधिपाली महासमुंद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	236/18	0.0111 हें 1200 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती सरिता पाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400168/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सरिता पाल पति श्री अरुण पाल निवासी जुनवानी भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	235/20	0.0279 हें 3000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती गोदावरी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400167/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती गोदावरी पति श्री भोजकुमार निवासी आदित्य नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	236/23	0.0111 हें 1200 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती प्रेमीन साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400164/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रेमीन साहू पति श्री राजू साहू निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	236/21	0.0139 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को आम जनता ग्राम जामुल प.ह.न. 01 रा.नि.मं. जामुल तह. भिलाई-03 जिला दुर्ग छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका यशपाल ठाकुर पिता/पति रामप्रसाद निवासी जामुल के द्वारा अपने पुत्र रुपेश ठाकुर का जन्म दिनांक 01.09.2003 को हुआ है जिसका जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति नियत दिनांक 24.05.2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, भिलाई-03 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 20240210040061 1 /अ-6अ/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी रा. महोदय के रा.प्र.क. 202402100400611/अ-6-अ/वर्ष 2023-24 आवेदकगण - रीता सिंह पति स्व. हरिन्दर सिंह उम्र- 60 वर्ष व अन्य - 02 निवासी क्वाटर नं. जी.- 21, तृतीय तल, मानसरोवर गार्डन के सामने दिल्ली के द्वारा ग्राम पुरई प.ह.नं. 54 स्थित भूमि खसरा नंबर 201/2 रकबा 0.021 है. जिसका पूर्व खसरा नंबर 190/2 रकबा 1.38 एकड़ था बंदोबस्त बाद खसरा नंबर 201/2 व 204 मिला था तदुपरांत हरविंदर सिंह के द्वारा अपने जीवन काल में कुल 52598 हे. भूमि को विकय कर दिया गया है बिकी बाद 0.0614 हे. भूमि बचत है किंतु वर्तमान में 0.021 हे. दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुए रकबा सुधार कर रिकॉर्ड अघतन् किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गय है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202404101200025 /अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुकेश कुमार देशमुख पिता नूतन देशमुख निवासी ग्राम चंदखुरी प.ह.न 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 984 रकबा 0.0100 हे. भूमि को आपसी बटवारा के तहत् अलग-अलग ऋणपुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 31.05.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रानीदेवी पिता/पति स्व. डॉ. रमाकांत अग्रवाल निवासी ग्राम अकोला तहसील व जिला महाराष्ट्र के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 286/7 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202404101200026 /अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन कुमार देशमुख पिता नूतन देशमुख निवासी ग्राम चंदखुरी प.ह.न 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1770, 1795/2 रकबा 0.190, 0.240 हे. भूमि को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋणपुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 31.05.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक स्वरुपचंद जैन पिता स्व. प्रतापचंद जैन निवासी ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 101/38 रकबा 0.0260 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202324430103900140

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी राजेश कुमार नाबा. पिता/पति सीताराम गुप्ता पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 818/5 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती किरण गुप्ता पिता/पति स्व. राजेश गुप्ता पता गयानगर दुर्ग, आर्यन साहू पिता/पति स्व. राजेश गुप्ता पता गयानगर दुर्ग, दीक्षा साहू पिता/ पति स्व. राजेश गुप्ता पता गयानगर दुर्ग, शिखर साहू पिता/पति स्व. राजेश गुप्ता पता गयानगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.05.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00043 जुनवानी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी.202324430103700050

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00043 के अंतर्गत ग्राम जुनवानी के वर्तमान भूमिस्वामी देवनारायण आ. प्रहलाद साहू पिता/पति राजकुमार आ. प्रहलाद साहू पता मॉडल टाउन जुनवानी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 860/2(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता देवनारायण साहू पिता/पति श्री प्रहलाद साहू पता मोतीलाल नेहरु नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.06.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, Ku. MANISHA D/o. P. S. CHANDEL R/o. 250/12, Ward No.- 14 , Sikola Bhata Durg, Tehsil & Distt.- Durg (C.G.) have changed my old name Ku. MANISHA D/o. P. S. CHANDEL. So in future I should be recognized by my New Name that is MANISHA DEVI RAJPUT W/o. UPENDRA SINGH RAJPUT in all Government and other documents.

MANISHA DEVI RAJPUT
250/12, Ward No.- 14 , Sikola Bhata Durg, Tehsil & Distt.- Durg (C.G)

■ न्यूज गैलरी

बांस शिल्प और गोदना कला का लोगों को दिलाएं प्रशिक्षण : कलेक्टर

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गुरुवार 16 मई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लघु उद्योग, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में उद्योग, अंत्यावसायी, खादी ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, एनआरएलएम एवं एनयूएलएम विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने हस्तशिल्प विभाग के माध्यम से जिले में निवासरत अधिक से अधिक जनजाति सदस्यों को बांसशिल्प एवं गोदना कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कमार जनजाति सदस्यों को बांस से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण की विस्तृत प्रशिक्षण दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण पश्चात बांस से निर्मित कलात्मक उत्पादों की बिक्री एवं विपणन भी सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने शिल्पकारों के पंजीयन एवं उन्हें आवश्यक उपकरण, औजार के वितरण की भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने गुरुवार 16 मई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर गर्भवती माताओं को 'सुप्रजा' कार्यक्रम के तहत गर्भसंस्कार का आयोजन करने कहा, जिससे गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य रक्षा के साथ ही निरोगी संतान की प्राप्ति होती है। उन्होंने गर्भधारण के पूर्व संस्कार, गर्भ संस्कार एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण, एक नौ महीने तक विभिन्न सेशन, संवाद की विधियों के बारे में चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्भवती माताओं तक इस बात को पहुंचाएं कि गर्भधारण के समय गर्भ संस्कार एवं मंत्र, गर्भ स्थापक दवाईयों का सेवन, एक से नौ माह तक आहार की जानकारी आदि। उन्होंने कहा कि आयुष केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को योगाभ्यास, व्यायाम आदि गतिविधियां कराई जायें, उन्हें सफलता की कहानियां सुनाई जायें, प्रसव के दौरान मंत्रों का ऑडियो सुनाया जाए। जिससे जच्चा और बच्चा स्वस्थ हो।

स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नही : कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दिए निर्देश**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार 17 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों, मैदानी स्तर के अमलों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी विकासखंड के बीएमओ, संबंधित नोडल अधिकारी, बीपीएम, मितानीन प्रभारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो, इसका पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित पंजीकरण, मातृत्व सुरक्षा अभियान अन्तर्गत नियमित जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान करने के साथ ही संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, बाल पोषण सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी मरीजों को अस्पताल के व्यवस्था अनुरूप चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए कहा कि प्रसव के दौरान महिला और शिशु की सुरक्षा के लिए ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने गर्भवती माताओं का निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत शत प्रतिशत पंजीयन एवं एएनसी जांच कराने, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड सहित अन्य आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में कम प्रगति वाले केन्द्रों के जिम्मेदार स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर उन्हें जागरूक करने की बात कही। उन्होंने जिले में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित टीकाकरण की जानकारी लेतु हुए बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। इसके अलावा सिकल सेल, एनिमिया सहित अन्य बीमारियों का भी जांच कर उपचार करने कहा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आईएफए, कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का भंडार सुनिश्चित कर उनका हितग्राहियों को वितरित करने के लिए निर्देशित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु की टीम स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कर उपचार करें। आयुष्मान कार्ड पंजीयन में छुटे हुए लोगों का पंजीयन कराये। कलेक्टर ने बैठक में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए आवश्यक मात्रा में दवाइयां भंडारण करने, अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करने तथा अस्पताल में उपलब्ध अधोसंरचना का बेहतर से बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल को नियमित रूप से साफ-सफाई कराने एवं सर्व सुविधायुक्त बनाए रखने की बात कही। ताकि विशेष परिस्थितियों में आने वाले मरीजों को इलाज में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को उनके निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की सेवा करने के निर्देश दिये।

बंदियों को अधिकारों की दी जानकारी

■ **गरियाबंद जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजित**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर संतोष शर्मा के निर्देश पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन एवं विधिक सह परिविक्षा अधिकारी किशोर न्याय बोर्ड शरदचंद निषाद की उपस्थिति में जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक हितेन्द्र ठाकुर उपस्थित थे। साक्षरता शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री यशवंत वासनीकर ने बताया कि जिला जेल में निरूद्ध बंदियों को अपने प्रकरण के विचारण हेतु गरीबी स्थिति के कारण अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पाने की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उन्होंने जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में बताया। न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड/न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन प्रधान द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को समझाईश देते हुए अपराध की पुनर्रावृत्ति नहीं करने का संकल्प दिलाया एवं बंदियों को जेल नियमावली के अनुसार अनुशासन में रहने को कहा। शरदचंद निषाद द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत लिपकीय त्रुटी वश जो आरोपी 18 वर्ष से कम उम्र के हैं और उन्हें जेल में निरूद्ध किया गया है।

सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के नियमों का पालन करें : कलेक्टर

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में गिरते हुए भूजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने गुरुवार 16 मई को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के उद्योग संचालकों और मिलर्स की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी उद्योगों और मिलों में सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के नियमों का अनिवार्यतः पालन किया जाये। साथ ही जल शोधन संयंत्र का भी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मिलर्स नए नियमों का पालन करें तथा एनओसी रिनिवल कराएं। कलेक्टर ने नियमों का पालन नहीं करने वाले 125 मिलर्स को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। बैठक में कलेक्टर ने वाटर फ्लो मीटर लगाने के निर्देश दिये। साथ रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी अनिवार्य रूप से बनाने कहा, ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन हो और पानी को रिचार्ज किया जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी ग्राउंड वाटर 10 लीटरसे अधिक निकाल रहे हैं, उन्हें पीजो मीटर लगवाना अनिवार्य है।

पत्रकार की हत्या में पत्नी का हाथ, प्रेमी के साथ मिलकर वारदात को दिया अंजाम, गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। पत्रकार रईस अहमद की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। उसकी हत्या के पीछे पत्नी का ही हाथ है। दरअसल, मनेन्द्रगढ़ के ग्राम चनवारीडांड ग्राउण्ड फॉरेस्ट डिपो के पीछे गुरुवार 16 मई सुबह पत्रकार रईस अहमद का शव मिला था। इससे इलाके में हड़कंप मच गया।

मौके पर पहुंचे मृतक के भाई नसीर अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बॉडी पर लात-मुक्के और हथियार से मारपीट के चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के भाई ने बताया कि, करीब 4-5 साल पहले रईस अहमद की शादी पूर्व मौहारपारा के मो. याकूब की बेटी सफीना के साथ हुई थी। उनकी तीन साल की बेटी भी है। 5 महीने पहले सफीना गढ़वा झारखण्ड के रहने वाले अलम के बेटे अरजू खान के साथ भाग गई थी। इसके बाद रईस सफीना को अपने साथ लेकर मनेन्द्रगढ़ आ गया। वह पिछले डेढ़ माह से चनवारीडांड में किराए के मकान में अपनी पत्नी और बच्ची के साथ में रह रहा था। बुधवार देर रात अज्ञात आरोपियों ने रईस अहमद के साथ मारपीट की और उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसके शव को फॉरेस्ट डिपो के पीछे ले जाकर फेंक दिया।

पत्नी ने ही कराई हत्या

संदेह के आधार पर पत्नी सफीना से पूछताछ शुरू की गई। कड़ाई से पूछने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि, उसने अपने प्रेमी अरजू को फोन कर पति के हत्या की साजिश रची। रात के करीब दो बजे अरजू अपने बुआ के बेटे के साथ आया। सफीना के दरवाजा खोलते ही दोनों रईस अहमद के कमरे में गए जहां वह सो रहा था। उन्होंने पहले तो लात-घूसा मारा, फिर धारदार हथियार से मारपीट कर गले में गमछा बांधकर गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य छिपाने के लिए उन्होंने लाश को फॉरेस्ट डिपो के पीछे फेंक दिया। मामले के खुलासे के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

चार जून के बाद 'इंडी' बिखर...

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने कहा था कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के खाते में हर महीने 8,500 रुपये खटाखट-खटाखट जाएगा और एक झटके में गरीबी से मुक्ति दिला देंगे। बृहस्पतिवार को पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ में राहुल पर इसी शब्द के सहारे तीखा तंज कसा। पीएम ने राहुल व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा- शहजादों को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की, इसलिए कहते हैं, देश का विकास अपने आप होगा। देश का विकास खटाखट-खटाखट होगा। पीएम ने कहा, ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे-खटाखट। लेकिन अब इनको मालूम होना चाहिए कि रायबरेली की जनता भी खटाखट, खटाखट भेजेगी घर। अमेठी से गए और अब ये रायबरेली से भी जाएंगे।

देश चलाना, सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं है। 4 जून के बाद इंडी गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा...खटाखट-खटाखट। बलि के बकरे को खोजा जाएगा...खटाखट-खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट-खटाखट।

मैंने राहुल को अन्याय के खिलाफ ...

बैंक अकाउंट के अंदर..... खटाखट.... खटाखट अंदर हो जाएंग। राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया ने ज्यादा बोला तो साल का 2 लाख कर देंगे। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी जी ने फूड पार्क और ट्रिपल आईटी छीन लिया। हमने हर कोने में नेशनल हाइवे का जाल फैलाया. उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनेगी, तो यहां पर फूड पार्क लगेगा।

अमेठी का हूं, अमेठी...

बोलते हुए कहा कि ये संविधान बचाने का चुनाव है. ये आपकी आवाज है, आपकी सोच है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगे कहा कि आजकल मोदी गोदी मीडिया वालों से बहुत इंटरव्यू कर रहे हैं. ये नरेंद्र मोदी के हैं, हमारे नहीं हैं. ये किसान और मजदूर की बात नहीं करते हैं. उन्होंने कहा कि आजकल मोदी जी का इंटरव्यू कराया जाता है. जहां पर मोदी जी से पूछा कि हिंदुस्तान में अमीर बढ़ते जा रहे हैं, चुने हुए लोग और अमीर होते जा रहे हैं, गरीब लोग गरीब होते जा रहे हैं। इस दौरान नरेंद्र मोदी अकड़कर बोलते हैं कि क्या सबको एक जैसा बना देना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी चाहते हैं कि देश में अमीर लोग 22-25 लोग अमीर रहें और गरीब लोग गरीब रहें।

अग्निवीर योजना को करेंगे खत्म- राहुल गांधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए बोले कि जैसे ही सरकार बनेगी अग्निवीर को उठाकर कूड़ेदान में फेंक देंगे. एक ही तरीके का शहीद होगा, सबको पेंशन मिलेगी, सबको इज्जत मिलेगी, सबको मेडल मिलेगा. उन्होंने कहा कि अग्निवीर सेना को नहीं चाहिए था. अग्निवीर अडानी की मदद करने के लिए मोदी ने सेना पर थोपा. राहुल गांधी ने कहा कि हम अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे. उन्होंने कहा कि अमेठी के लाखों युवाओं को मोदी जी ने बेरोजगार बनाया।

केएल शर्मा ने अमेठी के लिए त्यागा अपना करियर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेठी के प्रत्याशी केएल शर्मा का चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि ये आपके लिए 40 सालों से काम कर रहे हैं. इनके साथ पिता जी ने 150 कॉर्डिनेटर बनाए थे. किशोरी जी ने अमेठी में काम किया, आपके लिए काम किया मगर अगर आप उन बाकी कॉर्डिनेटर को देखो तो कोई पीसीसी प्रेसिडेंट बना, कोई मंत्री बना, कोई एमएलए बना, ये सारे के सारे लोग कहीं एमपी-एमएलए बने, लेकिन किशोरी जी ने 40 साल अमेठी की जनता को दे दिए. इन्होंने आपके लिए अपना राजनीतिक करियार अमेठी के लिए त्याग दिया।

रायबरेली के लिए जो होगा, वो अमेठी के लिए भी होगा

राहुल गांधी ने कहा कि भले ही मैं रायबरेली का सांसद बनूंगा, लेकिन जो रायबरेली के लिए होगा, वो अमेठी के लिए भी होगा. अगर 10 रुपये राबरेली में आएंगे तो वो रुपये अमेठी में भी आएगा. दिल से मैं जुड़ा हूं, मै आपका हूं।

इनकी आपराधिक पृष्ठभूमि ...

ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। छह उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 21 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 24 हैं। इन 24 में से तीन उम्मीदवारों के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 16 उम्मीदवार हैं।

जिले में मनाया गया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार 17 मई को रक्तचाप का परीक्षण कर विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर के एल चौहान, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी का रक्तचाप परीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया।

इस संबंध में सीएमएच ओ डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों के रक्तचाप का परीक्षण किया गया एवं आवश्यक होने पर दवाई दी गई है। उन्होंने बताया कि वास्तव में उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाए रखने के लिए हृदय को अधिक काम करने की जरूरत पड़ती है। इसका कारण यह है कि समय के साथ धमनियाँ कठोर और कड़ी हो जाती हैं। जिसके फलस्वरूप हृदय कमज़ोर हो जाता है। दुनिया का लगभग हर तीसरा व्यक्ति इससे प्रभावित है। सामान्य रूप से इसका माप 120/80 होता है जबकि एक बीस साल के व्यक्ति में 140/90 और एक पचास साल की उम्र के व्यक्ति में 160/95 उच्च रक्तचाप माना जाता है। मानसिक तनाव,अधिक नमक का सेवन,वजन की अधिकता, आनुवंशिकता, धूम्रपान, शराब और आलस्यपूर्ण जीवन शैली उच्च रक्तचाप के कारण हो सकते हैं। इसके कारण हृदय घात,मष्तिष्कघात, गुर्दे की समस्या या आंखों पर असर होता है। गर्भवती महिला को इसका विशेष ध्यान रखना पड़ता है। उच्च रक्तचाप को एक साइलेंट किलर भी कहा जाता है। उच्च रक्त चाप होने पर दवाई जीवन भर खानी पड़ी सकती है। अतः बेहतर होगा अपनी जीवन शैली संतुलन रखी जाए। व्यायाम,योग,ध्यान तनाव मुक्त होकर, संतुलित खान-पान से इससे बचा जा सकता है। उच्च रक्तचाप की जांच और उपचार की व्यवस्था राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में 20 हज़ार 8 सौ 18 मरीज पंजीकृत होकर उच्च रक्तचाप का उपचार ले रहे हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 11406 दिनांक 14.05.2024
वार्ड का नाम - 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड स्थित भवन / भूमि जिसका 56 प्रॉपर्टी आई. डी. RPR447C00087 श्री/श्रीमती VANDANA AMBARDEKAR TAMBE जो की निगम अभिलेख पिता/पति BASANT श्री/श्रीमती के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति SMT. VRINDA S. TAMBE श्री/श्रीमती W/O SHRI SUPRABHAT TAMBE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत दानपत्र/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 11263 दिनांक 14.05.2024
वार्ड का नाम -56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR447C00073 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती R. C. PETHKAR पिता/पति श्री/श्रीमती MAHADEV RAO PETHKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती पिता/पति SMT. ANJALI CHAURE श्री/श्रीमती W/O SHRI ANIL CHAURE ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र, शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/..../ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 11264 दिनांक 14.05.2024
वार्ड का नाम - 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR447C0073B स्थित भवन /भूमि जिसका जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती R. C. Pethkar पिता/पति श्री/श्रीमती MAHADEV RAO PETHKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SMT. ARCHANA DANDEKAR पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI MANISH PETHKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /.../ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 11262 दिनांक 14.05.2024
वार्ड का नाम - 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR447C0073A श्री/श्रीमती R. C. Pethkar श्री/श्रीमती पिता/पति MAHADEV RAO PATHKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHRI ULHAS RAM PETHKAR पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI RAMCHANDRA PETHKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/.../ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाात है कि खरोरा वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित 33 के.व्ही. लाईन में मानसून पूर्व अतिआवश्यक सुधार कार्य किए जायेंगे इस हेतु सुबह 8.00 से दोपहर 2.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	18.05.2024	11 के.व्ही. पचरी फीचर	नहरडीह, छड़िया, पचरी मंधईपुर व मोतिमपुरखुर्द
2	20.05.2024	11 के.व्ही. बेल्दारसिवनी फीडर	केशला, शांतिनगर
3	27.05.2024	11 के.व्ही. गंगोत्री फीडर	सिर्री
4	28.05.2024	11 के.व्ही. टाउन 1 फीडर	खरोरा, केशला
5	29.05.2024	11 के.व्ही. मोहरेंगा फीडर	गैतरा, चिचोली, गौरखेड़ा, मोंहरेंगा, खौलीडबरी, भरूवाडीहकला व खुर्द पचदेवरी व परसवानी
6	30.05.2204	11 के.व्ही. बेल्दारसिवनी फीडर	वार्ड नं. 8 खरोरा, मांठ
7	31.05.2024	11 के.व्ही. पिकरीडीह फीडर	पिकरीडीह, मुड़पार, तिल्दाडीह, बिठीया व पाईटेक कालेज रायपुर रोड
8	01.06.2024	11 के.व्ही.टाऊन 2 फीडर	खरोरा, केशला
9	01.06.2024	11 के.व्ही. मुरा क्रेशर फीडर	मुरा, क्रेशर
10	02.06.2024	11 के.व्ही. बुड़ेनी फीडर	बुड़नी, सोनभट्ठा, तुलसी
11	04.06.2024	11 के.व्ही.अटल ज्योति पचरी	पम्प फीडर
12	05.06.2024	11 के.व्ही. अटल ज्योति कनकी	पम्प फीडर
13	06.06.2024	11 के.व्ही. मुरा पम्प फीडर	पम्प फीडर
14	07.06.2024	11 के.व्ही. मोहरेंगा पम्प फीडर	पम्प फीडर
15	18.06.2024	11 के.व्ही. पचरी फीडर	नहरडीह, छड़िया, पचरी मंधईपुर व मोतिमपुरखुर्द

विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीयकृत काल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं

असुविधा के खेद है

(शशांक श्रीवास्तव)
कर्म. संख्या 4401195
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि. कं. लि. रायपुर

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय उपराध है कृपया इससे बचे''
''स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइए'' **संवाद-40219/2**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्या.
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

विद्युत अवरोध सूचना

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि लाईनों की उचित रखरखाव एवं मेंटनेंस कार्य हेतु निम्नानुसार दर्शाये गए क्षेत्र में विद्युत अवरोध रहेगी। जो कि निम्नांकित है :

क्र.	उपकेन्द्र का नाम	11 के.व्ही. फीडर का नाम	दिनांक	समय	प्रभावित क्षेत्र का नाम
1	33/11 के.व्ही. कोदवा	सल्धा फीडर	19.05.2024	सुबह 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक	फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
2	33/11 के.व्ही. परपोड़ी	11 के.व्ही. भटगांव ग्रामीण	20.05.2024		फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
3	33/11 के.व्ही. देवकर	11 के.व्ही. अकलवारा बस्ती			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
4	33/11 के.व्ही. कोदवा	कोदवा फीडर			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
5	33/11 नेवनारा सबस्टेशन	11 के.व्ही. भिभौरी बस्ती			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
6	33/11 के.व्ही. देउरगांव	33/11 के.व्ही. देउरगांव बस्ती	21.05.2024	सुबह 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक	फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
7	33/11 के.व्ही. देऊरगांव	11 के.व्ही. देउरगांव बस्ती फीडर			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
8	33/11 के.व्ही. देवकर	11 के.व्ही. अकलवारा बस्ती			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
9	33/11 के.व्ही. कोदवा	परपोड़ा फीडर			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
10	33/11 पिरदा सबस्टेशन	11 के.व्ही. गुधेली बस्ती			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
11	33/11 के.व्ही. घोटमर्रा	घोटमर्रा बस्ती	22.05.2024		फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
12	33/11 काण्डराका सबस्टेशन	11 कण्डरका इण्डस्ट्रीयल			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
13	33/11 के.व्ही. ठेलका	33/11 के.व्ही. ठेलका टाउन	23.05.2024	सुबह 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक	फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
14	33/11 के.व्ही. देवकर	11 के.व्ही. देवकर ग्रामीण बस्ती			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
15	33/11 के.व्ही. घोटमर्रा	घोटमर्रा बस्ती			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
16	33/11 पिरदा सबस्टेशन	11 के.व्ही.खुड़मुड़ी बस्ती			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
17	33/11 के.व्ही. परपोड़ी	11 के.व्ही.भटगांव ग्रामीण	24.05.2024		फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
18	33/11 के.व्ही. खैरझिटी	खैरझिटी ग्रामीण फीडर			फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
19	33/11 के.व्ही. ठेलका	33/11 के.व्ही. बेलतरा ग्रामीण	25.05.2024	सुबह 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक	फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
20	33/11 के.व्ही. ठेलका	33/11 के.व्ही. भनोरा ग्रामीण	26.05.2024		फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
21	33/11 के.व्ही. सोमईकला	33/11 के.व्ही. भेंडरवानी ग्रामीण	28.05.2024		फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
22	33/11 के.व्ही. सोमईकला	33/11 के.व्ही. सोमईकला ग्रामीण	30.05.2024		फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
23	33/11 के.व्ही. साजा	33/11 के.व्ही. कोदवा ग्रामीण	02.06.2024		फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम

टीप :- विद्युत देयकों का भुगतान समय पर करें।
विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है।
समय एवं तिथि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
(सं./सं.) संभाग, छ.रा.वि.वित.कं.मर्या., साजा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

बोर्ड परीक्षा में अक्षित तिवारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। सीबीएसई द्वारा आयोजित 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में साई अक्षित तिवारी का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। अक्षित ने अपने शानदार परीक्षाफल द्वारा अपने पालक एवं गुरुकुल विद्यालय का नाम रोशन किया है। बारहवीं परीक्षा में विज्ञान संकाय में साई अक्षत तिवारी ने 90.20त्न अंक प्राप्त किया। अक्षित ने अपनी सफलता का श्रेय परिवारजन, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन एवं स्वयं के अथक परिश्रम को दिया। गुरुकुल विद्यालय प्रबंधन ने भी अक्षित को उसकी सफलता पर शुभकामनाएं दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अक्षित शिक्षाविद सुश्री अनिता तिवारी के भतीजे व राधाचरण तिवारी, श्रीमती नीलम तिवारी शिक्षिका के सुपुत्र हैं।

सुरक्षा बलों ने तीन आईईडी किया डिफ्यूज

■ नक्सलियों के मंसूबे पर फेरा पानी

गरियाबंद/नवप्रदेश। थाना शोभा से लगे अंतरराज्यीय सीमाक्षेत्र के ग्राम कोदोमाली, इचरादि, गरीबा, सहबीनकछार जंगल क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की लगातार आसूचनाएं प्राप्त हो रही थी। जिस पर उचित कार्यवाही हेतु पुलिस महानिरीक्षक रायपुर, अम्बरेश मिश्रा के दिशा-निर्देश में तथा जिला गरियाबंद के उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के मार्गदर्शन में एसटीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी, गुरुवार 16 मई को थाना शोभा के ग्राम कोदोमाली, इचरादि, गाजीमुडा, गरीबा जंगल/पहाडी क्षेत्र की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर थे। ग्राम गरीबा के समीप जंगल में प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई माओवादी के नक्सलियों का डेरा दिखाई दिया। अपनी ओर पुलिस पार्टी को आता देख नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भाग गये। मौके पर पहुंचकर पुलिस बल द्वारा क्षेत्र का सघन सर्च किया गया जहां नक्सलियों द्वारा आमजन एवं सुरक्षा बलों को जान से मारने की नियत से लगाये गये तीन आईईडी (बम) दिखाई दिये जिसे पुलिस बल के बीडीएस टीम द्वारा मौके पर नष्ट कर माओवादियों के षडयंत्र को विफल किया गया। प्रकरण में प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई माओवादी के सदस्यों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

हत्याकांड का फरार दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस ने माता देवालय वार्ड मंदिर के पीछे सर में पत्थर पटककर एवं हाथ की नस काटकर हत्याकांड की घटना को अंजाम देने वाले दूसरे फरार आरोपी आनंद गुप्ता को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रकरण में थाना शहर पुलिस प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में प्रकरण के एक

इस घटना के एक आरोपी को पूर्व में ही जेल दाखिल कर दिया है। गौरतलब है कि 14-15 मई की दरम्यानी रात अखलेश यदु (50) की मातादेवालय मंदिर के पीछे सिर में पत्थर से गहरा चोट पहुंचाकर एवं हाथ की नस को काटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी लाला शुक्ला उर्फ अरुण शुक्ला (35)निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा को तत्काल गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया था। वहीं प्रकरण में शामिल दूसरा आरोपी आनंद गुप्ता फरार हो गया था, जिसे शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सेजेस बठेना में लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन

धमतरी/नवप्रदेश। मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) बठेना में सत्र 2024 -25 हेतु लॉटरी के माध्यम से रिक्त सीटों के विरुद्ध चयनित छात्रों के दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई तक रखी गई है। संबंधित पालक/अभिभावक चयनित छात्रों के दस्तावेज कार्यालयीन समय 10 से 4 बजे तक आकर जमा कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे एवं प्रतीक्षा सूची से रिक्त सीट भरे जाएंगे। कक्षाओं में पुनःसीट रिक्त होने की स्थिति में ऑफलाइन मोड में पहले आओ पहले पाओ÷ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

उड़नदस्ता ने रेत घाट से चैन माउंट मशीन जब्त की

भाटापारा/नवप्रदेश। सारंगढ़ - बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सारंगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर में सुबह 5 बजे केंद्रीय उड़नदस्ता एवम जिला खनिज विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 1 मशीन (210 चैन माउंट मशीन) होना पाया गया। जिसे जप्त कर थाना प्रभारी के सुपुर्दगी में दिया गया। मौका स्थल में भंडारित खनिज रेत के संबंध में उपस्थित ग्राम वासियों ने खनिज अधिकारियों को बताया कि मशीन कृष्णा राजपूत की है। इस कार्यवाही जब्ती कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। अधिकारियों ने बताया कि अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

सर्व ब्राह्मण समाज की निकली शोभायात्रा

धमतरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। उसी कड़ी में प्रदेश स्तरीय शोभायात्रा रायपुर व दुर्ग में निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में विप्रजन शामिल हुए साथ ही साथ भगवान परशुराम,भगवान शंकर और छत्तीसगढ़ महतारी की नयनाभिराम झांकी लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। शोभायात्रा के बाद आयोजित ब्रह्म सभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि लगातार सर्व ब्राह्मण समाज पूरे देश मे विप्रजनों को एक सूत्र में पिरोकर अनेक रचनात्मक कार्य कर रही हैं उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में संगठन सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। वहीं अन्य प्रदेशों में भी गठन की प्रक्रिया अनवरत जारी हैं,पूर्व केबिनेट मंत्री व विधायक अरुण वोरा ने सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया सभा को राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी,राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष युवा मंच विक्रांत शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता व सोशल मीडिया प्रभारी पीयूष पाण्डेय एवं अन्य अतिथियों ने संबोधित किया। शोभायात्रा में धमतरी जिलाध्यक्ष युवराज शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए जिससे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर दीवान,उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा,छत्रमल बरनेला,हर्षवर्धन पाण्डेय,नीरज शर्मा,ऋतुराज शर्मा उपस्थित हुए युवराज शर्मा ने धमतरी जिला को सर्वश्रेष्ठ जिला घोषित होने पर धमतरी महिला मंच व युवा मंच का आभार व्यक्त किया गया ।

जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया आकस्मिक निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने भाटापारा जनपद कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में पहुँचकर कर्मचारियों से मुलाकात कर योजनाओं के संबंध में जानकारी हासिल की। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने विकासखंड स्तरीय अधिकारी कृषि विभाग,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा),तकनीकी सहायक,ग्राम पंचायत के सचिवों की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के द्वारा ग्राम पंचायत देवरी मे मनरेगा एवं अन्य निर्माण कार्यों के साथ पंचायत भवन का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत खोलवा मे सेग्रिगेशन शेड मे घर घर जाकर कचरा कलेक्शन करने वाली स्व सहायता की महिलाओं से चर्चा किया एवं स्वच्छता के संबंध मे अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी, एसडीओ आरईएस,अभिजित मित्रा पीओ मनरेगा अविनाश पैकरा सहित,बीसी आवास एसबीएम,समस्त उप अभियंता तकनीकी सहायक,एडीईओ,करारोपण अधिकारी, सरपंच,सचिव,रोजगार सहायक, पीआरपी साथ थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400169 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शमीम अंसारी आ./पति अमीर अली निवासी खेदामारा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 662/9 रकबा 0.014 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400163 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका देवीकुमारी गुप्ता आ./पति फूलचंद निवासी जामुल द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 669/28 रकबा 0.012 हें/ 1350 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400163 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ज्योति गेण्ड्रे आ./पति धर्मेन्द्र साहू निवासी धमतरी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 669/29 रकबा 0.018 हें/ 1959 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400166 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मनीष कुमार गेण्ड्रे आ./पति भरतलाल गेण्ड्रे निवासी खेदामारा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 669/19 रकबा 0.018 हें/ 2025 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400159 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रजाला बानो आ./पति शमीम अंसारी निवासी सुपेला भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 664/3 रकबा 0.0232 हें/ 2500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda — बलौदा बाजार शाखा, पोस्ट ऑफिस के पास बलौदा बाजार (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्री सूरज कुमार साहू पुत्र- गणेश राम साहू, पता- मकान नं. 138, इंदिरा कालोनी, वार्ड नं. 3, ग्राम- बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़, पिन- 493332.	संपत्ति के मालिक- श्री सूरज कुमार साहू पुत्र- गणेश राम साहू, पुराना ख.नं. 1191/1, 1197/1 (भाग), नया ख.नं. 1191/22, 1197/12, प.ह.नं. 15, क्षेत्रफल- 1540 वर्गफीट, भूतल निर्मित क्षेत्र- 1140, प्रथम तल- 920, अनुमोदन- 114, दिनांक 30.10.2024, आरएनएम- बलौदा बाजार, राजीव गांधी वार्ड नं. 07, हाई स्कूल रोड, मौजा- बलौदा बाजार, तहसील बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) संपत्ति की चौहद्दीः उत्तर- दीपक की संपत्ति, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट, पूर्व- सड़क, पश्चिम- शुक्ला का प्लॉट ।	Term Loan- Housing ₹ 14,00,000.00 दिनांक 06.05.2024 तक कुल देय धनराशि ₹ 9,41,686.00 + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च एनपीए तिथि- 30.03.2024

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा- बलौदा बाजार (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है ।

दिनांकः 14.05.2024, स्थानः बलौदा बाजार (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 04.06.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 04.06.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है ।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
मेसर्स दीपज्योति एजेंसी प्रोप. स्व. श्री प्रशांत गुप्ता, डीसीएच के सामने रायपुर रोड धमतरी (ऋणी) 2. श्रीमती भावना गुप्ता पति- स्व. श्री प्रशांत गुप्ता, एसवी भाई पटेल वार्ड, गोयल ऑटो गली, वार्ड नंबर 5, धमतरी छत्तीसगढ़- 493773 (कानूनी उत्तराधिकारी) 3. श्री आदित्य गुप्ता पिता- स्व. स्वर्गीय श्री प्रशांत गुप्ता, एसवी भाई पटेल वार्ड गोयल ऑटो गली, वार्ड नंबर 5, धमतरी छत्तीसगढ़- 493773 (कानूनी उत्तराधिकारी)	सर्वे नं. 551, 552/21, खाता नं. 898, पीसी नं. 21, हटकेशर, आरआईसी- भोयली, धमतरी । क्षेत्रफल 512 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन के समस्त भाग व अंश । संपत्ति के चौहद्दीः पूर्व- सुषमा गुप्ता की भूमि, पश्चिम- मिनल गोलछा की भूमि, उत्तर- सड़क, दक्षिण-केशरीमल की भूमि ।	30.08.2023 08.11.2023 ₹ 46,37,279.00 30.08.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 27,18,000/- ₹ 2,71,800/- ₹ 10,000/-	Mr. Rakesh Sahu (Mo. 9589172700) Dhamtari Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0003355 Email: cb3355@canarabank.com
मेसर्स प्रेशिका मल्टीट्रेड एण्ड इन्फ्रा प्रा.लि., दुकान नं. 30, भूतल, मेग्नेटो मॉल, एनएच 6, लाभाण्डी, रायपुर (छ.ग.) निदेशक सह जमानतदार- 1. श्री सुरेश निहीचलानी पिता- श्री इदनदास निहीचलानी, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) 2. श्री विजय कुमार निहीचलानी पिता- श्री इदनदास निहीचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) बंधककर्ता सह जमानतदार- 1. श्रीमती कंचन निहीचलानी पति- श्री सुरेश निहीचलानी, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) 2. श्रीमती संध्या निहीचलानी पति- विजय कुमार निहीचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर छ.ग.	1. श्रीमती कंचन निहीचलानी के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इंप्रेसिया, प्रथम तल, फ्लैट नं 101 में स्थित आवासीय फ्लैट के समस्त भाग व अंश । चौहद्दीः दक्षिण की ओर- फ्लैट नं. 102, उत्तर की ओर- गली, पश्चिम की ओर- फ्लैट नं. 104, पूर्व की ओर- फ्लैट नं. 103. 2. श्रीमती संध्या निहीचलानी के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इंप्रेसिया, प्रथम तल, फ्लैट नं 103 में स्थित आवासीय फ्लैट के समस्त भाग व अंश ।. चौहद्दीः दक्षिण की ओर - गली, उत्तर की ओर - फ्लैट नं. 104, पश्चिम की ओर- फ्लैट नं. 102, पूर्व की ओर- फ्लैट नं. 102.	13.04.2023 11.07.2023 ₹ 63,44,209.77/- 13.04.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 27,72,000/- ₹ 2,77,200/- ₹ 10,000/- Property-2: ₹ 27,72,000/- ₹ 2,77,200/- ₹ 10,000/-	Mr. Manoj Kumar Singh (Mo. 9779953300) G.E. Road, Raipur A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com
1. मेसर्स माहेश्वरी टेक्नोकास्ट लिमिटेड, डायरेक्टर- 1. श्री प्रशांत मंत्री पिता- श्री सुरेश मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई, 2. श्रीमती निर्मला मंत्री, पति- श्री सुरेश मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई. 3. श्रीमती कविता मंत्री पति- श्री प्रशांत मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई.	1. खसरा नं. 1076/2, 1076/3 , पीसी नंबर 39/16, तंदुला ग्राम के पूर्व की ओर- खेड़ामारा, जिला- दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल- 2.965 एकड़, में स्थित फ्री होल्ड खुली भूमि के समस्त भाग व अंश । उत्तर- ज्ञान कौर की भूमि, दक्षिण- राजकुमार की भूमि, पूर्व- तुलसी की भूमि, पश्चिम- जलवंती की भूमि । 2. सीएचपीएल-सिकहर, गली नंबर 1-ए के बगल, स्मृति नगर, जुनवानी, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) फ्लैट नंबर 154, 6वीं मंजिल । सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 1460 वर्गफीट में स्थित पेंट हाउस (बहुमंजिला आवासीय भवन) के समस्त भाग व अंश । उत्तर- सड़क, दक्षिण- लॉबी और फ्लैट नंबर 157, पूर्व- फ्लैट नंबर 153, पश्चिम- फ्लैट नंबर 155.	01.03.2023 02.05.2023 ₹ 6,99,85,256.04 21.12.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	1: 83,02,000/- 8,30,200/- 10,000/- 2: 34,80,000/- 3,48,000/- 10,000/-	Mr. Dev Prakash Garg (Mo. 8519063120) Bhilai Main Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0000298 Email: cb0298@canarabank.com
अ) श्रीमती रोशनी राव पति- जी. श्रीनिवास राव, ब) श्री जी. श्रीनिवास राव पिता- स्व. जी. रमन्ना मूर्ति, दोनों का पता- प्लॉट नं. 36, वृंदावन कॉलोनी, उमदा रोड, भिलाई-3 दुर्ग-490021.	खसरा नंबर 258/1 के हिस्से में शामिल "वृंदावन" के नाम से जाना जाता है । प.ह.नं. 01, मौजा- उमदा, आर.आई.सी. -भिलाई, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1182 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान प्लॉट नं. 36. चौहद्दीः उत्तर- प्लॉट नंबर 35, दक्षिण- प्लॉट नंबर 37, पूर्व- प्लॉट नंबर 39 व 40, पश्चिम- सड़क ।	06.12.2023 14.02.2024 ₹ 29,84,135.02 23.011.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 31,62,000/- ₹ 3,16,200/- ₹ 10,000/-	Mr. Kumar Gaurav (Mo. 9523549655) Bhilai GE Road Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0017765 Email: cb17765@canarabank.com
1. मेसर्स महक रीयलइन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड, पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1, रायपुरा चौक सुंदर नगर, रायपुर-492013 2. श्रीमती स्मृति देवांगन, राजकुमार देवांगन (पार्टनर), 3. श्री राजकुमार देवांगन पिता कुंजबिहारी लाल देवांगन (पार्टनर), दोनों का पता- पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1 के पीछे, न्यू सुपर धरम कांटा, रायपुर - 492013, 4. श्री राज्यवर्धन देवांगन सो राजकुमार देवांगन (गारंटर), पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1, रायपुरा चौक, रायपुर- 492013	1. खसरा नंबर 469/1 व 10, शीट नंबर 75 व 26, प्लॉट नं. 04,70/3, 71/2,72/2 एवं 73, प.ह.नं. 106-ए/46, जिसका नाम "वृंदावन अपार्टमेंट" 670 वर्ग क्षेत्रफल, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड नंबर 36, रायपुर खास, मौदहापारा रायपुर (छ.ग.) एक बहुमंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित संपत्ति फ्लैट नंबर 35 और म्यूनिसिपल फ्लैट नंबर 608/35, क्षेत्रफल- 670 वर्गफीट पर स्थित है ।चौहद्दी- उत्तर- खुला क्षेत्र, दक्षिण- मार्ग, पूर्व- खुला क्षेत्र, पश्चिम- लिफ्ट एवं सीढ़ियाँ । 2. खसरा नंबर 233/7,233/8 एवं 233/9 का भाग, फ्लैट नंबर 03, बिल्डिंग "सोलस हाइट्स"की चौथी मंजिल पर ब्लॉक एमबी, कुल क्षेत्रफल 981 वर्ग फुट. डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड नं. 46, पी.सी. नं. 114, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) खाता नं. 3045, क्षेत्रफल- 981 वर्गफुट। चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. एमबी-04, दक्षिण- खुला स्थान, पूर्व- गलियारा, पश्चिम- खुला स्थान । 3. खसरा नंबर 229/44,226/14,229/14 एवं 230/10 का भाग, वाणिज्यिक दुकान नंबर टीएफ-129, बिल्डिंग "मैग्नेटो मॉल" की तीसरी मंजिल, कुल क्षेत्रफल 243 वर्ग फुट., महर्षि वाल्मिकी वार्ड नं. 28, पी.सी. नं. 44, लाभानडीह, रायपुर (छ.ग.) खाता नं.- 228. क्षेत्रफल- 243 वर्ग फुट । चौहद्दीः उत्तर- मार्ग, दक्षिण- दुकान नं. 130, पूर्व- दुकान नंबर 128, पश्चिम- पैसेज ।	23.11.2023 14.02.2024 ₹ 62,36,545.42 29.09.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property- 1: ₹ 15,55,000/- ₹ 1,55,500/- ₹ 10,000/- Property- 2: ₹ 29,00,000/- ₹ 2,90,000/- ₹ 10,000/- Property- 3: ₹ 16,50,000/- ₹ 1,65,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Jay Sharma (Mo. 7880132368) Raipur Phool Chowk Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0004042 Email: cb4042@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तेंः- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 03.06.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो । दिनांक 03.06.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है । (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे । (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID:-eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com.पर संपर्क करें ।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 18.05.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 17.05.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

आरके नगर तिराहे में ट्रैफिक सिग्नल की हुई शुरुआत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर एवं यातायात टीम निरीक्षक अजय खेस, नवरतन कश्यप एवं राघव एडवोटाईजमेंट रायपुर के सहयोग से शहर के आरके नगर तिराहा में सुगम यातायात संचालन एवं सड़क हादसे रोकने के प्रयास में ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। साथ ही राज इम्पीरियल तिराहा में सिग्नल लगाने का काम चालू है एवं रामदरबार चौक में 3 से 4 दिनों में सिग्नल शुरू हो जायेगा। आरके नगर तिराहा एवं रामदरबार चौक में यातायात संचालन हेतु प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक 2 पालियों में यातायात बल ड्यूटी में उपलब्ध रहता है। राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं दुर्घटना से बचे।

जिलेभर में एमसीपी लगाकर चलाया चेकिंग अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना-चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 15 मई 2024 को रात्रि 8 से 12 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वाले कुल 77 प्रकरण में 77 वाहन चालकों से 23,500 रूपये जुर्माना कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

धारदार चाकू के साथ पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 16 मई को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि करण मरकाम नामक व्यक्ति घटना स्थल सरेखीन तालाब के शिव मंदिर के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नियत से अपने पास धारदार चाकू रखा है। सूचना पर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी करण मरकाम पिता चमरू मरकाम, उम्र 27 वर्ष, साकिन राहुल नगर, लखोली, थाना कोतवाली को पकड़े तलाशी लेने पर अपने दाहिने पैर में फूलपेंट के अंदर एक धारदार चाकू को बांधकर छुपाकर रखा था, जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 291/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने किराएदारों के सत्यापन के लिए कराई मुनादी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर डोंगरगढ़ क्षेत्र में चोरी, लूट, नकबजनी जैसे अपराधों के रोकथाम हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सीआर चंद्रा द्वारा 16 मई 2024 को शहर में मुनादी कराकर मकान किरायेदारों का सत्यापन अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत किरायेदारों से वैध पहचान पत्र, किराये में रहने के कारण व काम सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। इसी प्रकार मकान मालिकों को भी अपने किरायेंदारों का थाना में सत्यापन कराने हेतु हिदायत दिया जा रहा है, यदि मकान मालिकों द्वारा अपने किरायेदार का सत्यापन नहीं कराता है और वह किरायेदार कोई अपराध घटित करता है या संदिग्ध हालत में पकड़ा जाता है।

जमीन की फर्जी रजिस्ट्री, 3 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी समीर सचदेवा पिता भारतभूषण सचदेवा, उम्र 53 साल, स्थायी पता 86 नर्मदा रोड, रतन कालोनी, जबलपुर (मध्यप्रदेश) का दिनांक 4 फरवरी 2024 को थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पटवारी हल्का नंबर 19, तहसील लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगॉव में खसरा नंबर 86/01 क्षेत्रफल 0.466 हेक्टेयर जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में दिनांक 19 जनवरी 2024 को हल्का पटवारी कमलेश चंदेल द्वारा फोन कर जानकारी लिया आप किसी को पावर ऑफ अटर्नी देकर बिक्री किये हो, जमीन बिक चुकी है। तब यह जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट ग्राम रजोली, जिला बालोद के द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ाकर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता अजय कुमार कुकरेजा पिता कन्हैयालाल, निवासी मकान नंबर 14, न्यू मार्केट रोड, जगजीवन राम वार्ड, दल्ली राजहरा डौंडी, जिला बालोद एवं संजय कुमार जैन पिता विजय कुमार जैन, निवासी मकान नंबर-200, लोहार पारा रोड, भरकापारा राजनांदगॉव के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय, राजनांदगॉव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जांच पर धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादंवि का अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली, राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 81/2024 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के दिनांक 24 फरवरी 2024 को आरोपी नावेद अली पिता नरेश सिंह, उम्र 32 साल, साकिन वार्ड नंबर 41, केलाबाडी मस्जिद के पीछे दुर्ग, थाना पदनाभपुर, जिला दुर्ग, श्रवण कुमार साहू पिता स्व. जोहत राम साहू, उम्र 39 साल, साकिन सिकोसा, ग्रामीण बैंक के सामने थाना, गुंडरदेही, जिला बालोद को एवं 12 मई 2024 को बिहारी लाल पिता स्व. मेहत्तर राम, उम्र 58 वर्ष, साकिन दमोदा, थाना पुलगांव, जिला दुर्ग, प्रेमलाल भाट पिता लिलक राम भाट, उम्र 40 वर्ष, साकिन ग्राम रजोली, थाना रनचिरई, जिला बालोद विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जो जिला जेल राजनांदगांव में निरूद्ध है।

पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर मामलें में फरार 3 अन्य आरोपियों की लगातार पतासाजी किया जा रहा था। आज 16 मई 2024 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी मनोज कुमार वैष्णव पिता त्रिभुवन दास वैष्णव, उम्र 20 वर्ष, साकिन बैजनाथ पारा, वार्ड नंबर 39, दुर्ग प्रशांत कुमार कसार पिता नंदकिशोर कसार, उम्र 42 वर्ष, साकिन गिरधारी नगर, कसार च्वाईस सेंटर, दुर्ग, थाना मोहन नगर, दुर्ग, विनोद कुमार निषाद पिता स्व. रामकुमार निषाद, उम्र 30 वर्ष, साकिन ग्राम पीपरछेड़ी, पोस्ट रसमड़ा, जिला थाना पुलगांव, जिला दुर्ग को विधिवत गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, बिरेन्द्र सिंह क्षत्रीय, सउनि इसराफील खान, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, रूपेन्द्र वर्मा, भूनश्वर जायसी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

इस गांव में जानलेवा पानी पीने को मजबूर लोग, कब खुलेगी सरकार की नींद?

सूरजपुर/नवप्रदेश। इन दिनों छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है. इस बीच सूरजपुर के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं. यहां के कुदरी पारा गांव में रहने वाले लोगों को दो किलोमीटर चलकर ढोढी के पानी से काम चलाना पड़ रहा है. यहां के लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने कई योजनाओं को चलाया है. लेकिन इसका लाभ यहां के लोगों को नहीं मिल पा रहा है. लोगों को साफ पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है.

काफी दिनों से हैंडपंप है खराब- दरअसल, हम बात कर रहे हैं सूरजपुर के छरकेनी पारा और कुदरी पारा की. यहां रहने वाले लोग दो किलोमीटर चल कर ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर हें, क्योंकि यहां हैण्डपम्प काफी दिनों से खराब है. जिस हैंडपंप से पानी आ रहा है, वह आयरन युक्त है. इस पानी को पीना मुश्किल है.

यहां नल जल योजना की टंकी तो बन गई है पर वह भी शो पीस बना हुआ है.

पानी से बच्चे हो रहे बीमार- इस बारे में ग्रामीणों का कहना है कि, इस पानी के लिए भी लगभग दो किलोमीटर चलने के बाद ये पानी नसीब होता है. कई बार इस पानी को पीकर बच्चे बीमार हो जाते हैं.

जब गांव में पेयजल की समस्या की जानकारी जिला पंचायत सीईओ को दी गई तो उन्होंने जल्द पानी की समस्या को दूर करनी की बात कही है.

ग्रामीणों की ओर से पानी की शिकायत मिली है. जल्द ही समस्या का निपटारा किया जाएगा. - कमलेश नंदिनी साहू, सीईओ, जिला पंचायत, सूरजपुर

बता दें कि छरकेनी पारा और कुदरी पारा जैसे कई गांव छत्तीसगढ़ में हैं, जहां लोगों को पेयजल के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है. लोग कई बार प्रशासन से शिकायत करते हैं.

हालांकि लोगों को काफी दूर जाकर पेयजल की आपूर्ति करनी पड़ रही है।

स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्वैच्छिक समर कैंप 20 से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल वद्य जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह ने जिले के सभी स्कूलों में आगामी 20 से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। आज दिनांक 17 मई 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिले के सभी शासकीय स्कूलों में समर कैम्प आयोजन के संबंध में गतिविधियां संचालित करने हेतु योजना तैयार करने के लिए बीईओ, बीआरसी एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेडट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी हो सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैम्प आयोजित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत छात्र-छात्राओं हेतु समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव-शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है। समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन-प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के पालकों एवं शाला विकास समिति का भी सहयोग लिया जाएगा। समर कैम्प में निम्नानुसार रचनात्मक गतिविधियां जैसे चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव-शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि का संचालन किया जाएगा। समर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति ली जायेगी।

ओपीडी पर्ची के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला अस्पताल बेमेतरा में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप (आभा) के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं या फिर इसके लिए इस ऐप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल ऐप (आभा) तैयार किया गया है, जिसका उपयोग कर मरीज या परिजन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। खास बात यह कि इस ऐप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा, जिममें यूजर्स को एक 14 डिजिट का कार्ड मिलेगा, जिसमें मरीज के हेल्थ (डाइग्नोस्टिक व दवाई) की पूरी जानकारी भी होगी। इससे कहीं पर भी किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री जानने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंदों के सुद्धीकरण और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इस ऐप के यूज के लिए जोर दिया जा रहा है। इसके तहत यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आभा कार्ड बनवा सकता है। इसमें पंजीयन के लिए मरीज या परिजन को ऐप या जिला अस्पताल के ऐप का क्यूआर कोड का इस्तेमाल करना पड़ेगा। आसान है इस ऐप का उपयोग करना - जिला अस्पताल बेमेतरा के सिविल सर्जन डॉ. एस आर चुरेंद्र व अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु ने बताया कि आभा ऐप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है।

अवैध जैविक खाद बेचने की फिराक में था आरोपी, ट्रैक्टर सहित सामान जब्त

मोहला/नवप्रदेश। कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार खरीफ सत्र शुरू होने से पहले जिले में उर्वरक, खाद, बीज, दवाओं की व्यवस्था के साथ ही वितरण सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्ट जयवर्धन ने कृषि विभाग, सहकारिता विभाग और विपणन संघ की जिला स्तर की बैठकों की समीक्षा की। इसी कड़ी में आकांक्षी जिला होने के कारण राज्य से बाहर के लोगों के अवैध कृषि रसायनों के विक्रय में रोक लगाने के लिए कृषि विभाग निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण का काम किया जा रहा है। इससे जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि सामग्रियां मिल सके। वहीं मोहला विकासखंड के हर्राटोला गांव में 486 बोरी (243 क्विंटल) अवैध जैविक खाद पकड़ा गया था। इसमें राजस्थान के तीन युवक किसानों को अवैध तरीके से खाद बेचने की तैयारी में थे। लेकिन कृषि विभाग ने ट्रक सहित जैविक खाद जब्त कर लिया। इस दौरान सुपरवाइजर खाद के सभी दस्तावेज लेकर जंगल की तरफ फरार हो गया। पकड़े गए दो आरोपियों से पूछताछ पर उन्होंने कंपनी की ओर से किसानों को जैविक खाद के बारे में बताकर आर्डर लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि, आर्डर मिलने पर किसानों से एडवांस पैसे लेकर ऑर्डर सप्लाई करने वाले थे। इससे पहले ही कृषि विभाग ने उन्हें पकड़ लिया।

इसी तरह से विकासखंड अं. चौकी के मेटेपार गांव में जैव उत्प्रेरकों का अवैध भंडारण कर किसानों को बेचने का प्लान था। लेकिन कृषि विभाग ने भंडारण होते समय ही आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपी कंपनियों और गिरोह से सीधे किसानों को अवैध जैविक खाद को मनमानी कीमत में बेचकर मुनाफा कमाने की फिराक में हैं।

7 हजार कर्मियों के खाते में आएगी मानदेय की राशि

बेमेतर्रा/नवप्रदेश। एक समय था जब निर्वाचन के महीनों बाद तक मतदान दल के अधिकारियों व कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिलता था। अब मतदान दल मतदान कराके लौटता है, उससे पहले उनके खाते में राशि जमा की प्रक्रिया कर ली जाती है। बेमेतरा ज़िले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 - मतदान प्रक्रिया में तैनात 7095 अधिकारियों-कर्मचारियों के खाते 7386750 जमा होगा। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को कुल राशि 73 लाख 86 हज़ार 750 रुपये का भुगतान होगा, ये राशि सीधे उनके बैंक खातों में आयेगी।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024- की मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मतगणना 4 जून 2024 को होगी। बेमेतरा ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को तय समय पर पैसा मिल जाए, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के फंड जारी कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मानदेय समय पर देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है।लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को मानदेय की राशि सीधे उनके बैंक खातों में आयेगी।

पहले ही ले लिए गए बैंक खाते - वरिष्ठ कोषालय अधिकारी राजेश तिवारी के मुताबिक सभी कर्मचारियों के बैंक खातों की जानकारी ले ली गई थी। इसकी वजह से भुगतान करने में आसानी होगी। छत्तीसगढ़ तीन चरणों में हुआ है मतदान - प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन-2024 का मतदान तीन चरणों में हुआ है। बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 7095 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगी थी।

मतगणना स्थल में प्रवेश पास के लिए अधीक्षक, भू-अभिलेख शाखा में करें संपर्क

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया एवं 72-कवर्धा के ईवीएम मतों की गणना का कार्य 04 जून को प्रातः 8.00 बजे से कृषि उपज मण्डी समिति, बिलासपुर रोड, कवर्धा में सम्पन्न होना है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने प्रवेश के लिए पास जारी करने के संबंध में एक आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि मतगणना तिथि को प्रातः 6.00 बजे अनिवार्यतः निर्धारित स्थल पर संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगें। मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए पास जारी करने के लिए 01 नग पासपोर्ट साईज की फोटो अधीक्षक, भू-अभिलेख शाखा के पास जमा कर परिचय पत्र प्राप्त करें।कवर्धा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोब ने मतगणना के दिन उद्घोषक के रूप में कार्य करने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में आदेश भी जारी किए गए है। आदेश में बताया गया है कि उक्त तिथि को मतगणना से संबंधित सूचना प्रसार के लिए जिला परियोजना अधिकारी, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अवधेशनंदन श्रीवास्तव को उद्घोषक के रूप में कार्य करने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना तिथि को प्रातः 6.00 बजे अनिवार्यतः निर्धारित स्थल पर संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगें।

न्यायालय तहसीलदार बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

सूचना नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र. 202402321900002
अ/27 वर्ष 2023-24

ग्राम बिसनपुर प.ह.नं. 07 तहसील बिलाईगढ़
अनावेदिका इंद्र कुमारी पिता स्व. नागेश्वर प्रसाद
जाति सतनामी निवासी ग्राम बिसनपुर
तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश्वर लाल पिता लालदास जाति सतनामी साकिन बिसनपुर प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. गोविन्दवन तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि शामिलात खाता क्रमांक 249 स्थित भूमि खसरा नं. 208/2 कुल रकबा 0.405 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक अनावेदकगण के मध्य आपसी बंटवारा के आधार पर खाता बंटवारा किए जाने हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा के साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 30/05/2024 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा शील के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

सील — तहसीलदार बिलाईगढ़

कार्यालय नगर पंचायत नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No. 07700-251887
Email- cmonagri84@gmail.com
क्रमांक 134/न.पं./राजस्व/2024-25
नगरी, दिनांक 13/05/2024

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रियंका पति स्व. राजेश जैन जाति जैन हमावीर वार्ड क्र. 11 नगर पंचायत नगरी तह. नगरी जिला -धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 11 आबादी भूमि का काबिजदार राजेश पिता मदनलाल जैन के नाम मकान/मलमा स्थित है। उनका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 11 की मांग संख्या 119 में दर्ज है। आवेदिका अपने पति स्व. राजेश जैन के मृत्यु उपरांत निकास के कर संग्रहण पंजी से उनका नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध हो तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 13/06/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत नगरी

कार्यालय नगर पंचायत नगरी जिला धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No. 07700-251887
Email- cmonagri84@gmail.com
क्रमांक 136/न.पं./राजस्व/2024-25
नगरी, दिनांक 13/05/2024

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरसिंग नाथ पिता गोविंदराम मरकाम जाति गोंड़, ग्राम रावनसिंघी तह. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है, उनके द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत स्वामी विवेकानंद वार्ड क्र. 07 आबादी भूमि खसरा नं. 51/1 का टुकड़ा (525)वर्गफीट पर काबिजदार श्री ताराचंद पिता स्व. रामेश्वर निर्मलकर के नाम स्थित मकान/मलमा को खरीदी बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। विक्रेता का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र 07 की मांग संख्या 100 पर दर्ज है। निकाय के कर संग्रहण पंजी से विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध हो तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अपना अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांत 13/06/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत नगरी

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिता सिहोरे पति सुरेश सिहोरे ग्राम देवकर प.ह.नं. 11 तहसील देवकर जिला बेमेतरा के द्वारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 1495/2 रकबा 0.04 हे. (400 वर्गफीट) भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2) (5) के तहत व्यवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 24/05/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनय सिंह पिता दवन सिंह निवासी ग्राम थानखम्हहिया तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम कुरदा प.ह.नं. 06 तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 538/3 रकबा 0.01 हे. (160 वर्गमीटर) भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2) (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 24/05/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश सिहोरे पिता केजुराम सिहोरे ग्राम देवकर प.ह.नं. 11 तहसील देवकर जिला बेमेतरा के द्वारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1512 रकबा 0.13 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2) (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 24/05/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202405291500009
शीर्ष अ-6 वर्ष 2023-24
क्रमांक 2340/वा. नजूल/2024
खैरागढ़, दिनांक 17.05.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेतागण श्री सुधर्म जैन श्रावक संघ खैरागढ़ द्वारा अध्यक्ष श्री बाबूलाल जैन पिता दलीचंद जैन निवासी वार्ड क्रमांक-05 ठाकुरपारा खैरागढ़ तहसील खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला बरेठपारा वार्ड क्र.-06 गोलबाजार ब्लाक नं. 06 स्थित भूखण्ड क्रमांक 224/1 कुल रकबा 1245 वर्गफुट जो आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 18.03.2024 के माध्यम से अनावेदक/विक्रेता श्री हर्षवर्धन श्रीवास्तव पिता श्री कपिल श्रीवास्तव निवासी एस/एलआईजी-192 वार्ड क्रमांक 50 बस्ती बोरसीभाठा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से क्रय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी रिकार्ड अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक के नाम किए पर नामांतरण किए जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202405207500010
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2023-24
क्रमांक 2341/वा. नजूल/2024
खैरागढ़, दिनांक 17.05.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेतागण श्री सुधर्म जैन श्रावक संघ खैरागढ़ द्वारा अध्यक्ष श्री बाबूलाल जैन पिता दलीचंद जैन निवासी वार्ड क्र. 05 ठाकुरपारा खैरागढ़ तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला बरेठपारा वार्ड क्र. 05 गोलबाजार ब्लाक नं. 05 स्थित भूखंड क्रमांक 224/3 कुल रकबा 1240 वर्गफुट जो आवेदक द्वारा पंजीकृत्त विक्रय पत्र दिनांक 18.03.2024 के माध्यम से अनावेदक/ विक्रेता श्रीमती रेणु श्रीवास्तव पति सुब्रत श्रीवास्तव निवासी एलआईजी जेल रोड कोरबा तहसील व जिला कोरबा से क्रय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी रिकार्ड अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक के नाम किए पर नामांतरण किए जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/ आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

न्यूज गैलरी

मतगणना तैयारी के लिए कॉलेज में ड्राई रन 3 को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा लोकसभा समान्य निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन से सम्बन्धित घोषित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना 01-सरगुजा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारंभ की जानी है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मतगणना कार्य हेतु आवश्यक तैयारी के संबंध में 03 जून 2024 को प्रातः 10:00 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में ड्राई रन किया जाना है। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को ड्राई रन के दिन प्रातः 09:30 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है। उन्होंने समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों तथा अभिकर्ताओं को भी सूचना देने निर्देशित किया है।

चबूतरा निर्माण के लिए भूमिपूजन

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत तराजू में मानिकपुरी समाज के लोगों ने कबीर चबूतरा निर्माण लिए भूमिपूजन किया। संत कबीर साहेब के सम्मान में मानिकपुरी समाज के लोगों ने कबीर चबूतरा का निर्माण आपसी सहमति से चंदा इकट्ठा कर रहे हैं जिससे सामाजिक कार्यों का आयोजन इस चबूतरा में आयोजित हो सके। भूमिपूजन कार्यक्रम में मदन राजवाड़े, महंत बिहारी दास, दीवान पंचम दास, भानु दास, चौक दास, आर के महंत,चमन दास,संतोष दास,चौकीदार सपुरन दास,करीमन दास, एवम सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मेडिकल दुकान की आड़ में अवैध क्लिनिक

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मेडिकल दुकान की आड़ में संचालित अवैध क्लिनिकों में झोलाछाप डाक्टरों का कारोबार जमकर चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ इस आशय का समाचार प्रकाशन कर ध्यानाकर्षण कराने के वावजूद अब तक जवाबदेह अधिकारियों द्वारा संज्ञान नहीं लेने से कहीं बड़ी अनहोनी घटने की इंतजार वाली मुद्रा प्रतीत हो रही है। बहरहाल झोलाछाप डॉक्टर हर दिन सिर्फ चंद पैसे के लालच में ग्रामीणों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिसमें भोले भाले ग्रामीणों को सस्ते इलाज का लालच देकर इलाज कर रहे हैं। वैसे तो शासन ग्रामीणों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील होने की बात करता है मगर झोला छाप डाक्टरों पर कार्रवाई नहीं होती। ऐसे में इनके हौसले बुलंद हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि पूर्व के वर्षों में कई मरीजों की जान भी इनके उपचार से गई है मगर इस ओर सुध लेने वाले कोई नहीं है। सूत्रों की मानें तो झोलाछाप डाक्टरों की फौज जो वर्षों से अपना क्लीनिक दवा दुकानों की आड़ में चलाते आ रहे हैं, इनके इलाज से कई दफा छोटी बीमारी नासूर बनने पर ग्रामीणों द्वारा आक्रोश भी जाहिर किया गया है, इसके बाद भी शासकीय विभागों में लेन देन कर वे कार्रवाई से बच जाते हैं। मरीज जाने अंजाने में इनसे उपचार कराते हैं और अपनी जान जोखिम में डालते हैं। अधिकांशतः मेडिकल दुकान संचालकों द्वारा घर को ही क्लिनिक बना लिया गया है ताकि कोई बाहरी अधिकारी आए तो उन्हें क्लिनिक ही ना दिखे और क्लिनिक दिखे तो शासकीय नियमानुसार घर पर सील न कर सके प्रति वर्षों में एक न एक ऐसा मामला सामने आता ही है जहा ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा गलत इलाज करने का कीमत ग्रामीण को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है ।

मतगणना हॉल में कागज, पेन ले जाने की होगी अनुमति

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यार्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं अथवा मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए एनालॉग केल्कुलेटर प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कुछ सामग्रियों को मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यार्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं अथवा मतगणना अभिकर्ताओं को ले जाने की अनुमति दी गई है। उनमें ये सामग्री शामिल है - कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्ररूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रदाय किए गए इवीएम और वीवीपैट की सूची, जो लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग में लाई गई है। प्लास्टिक पेन या पेंसिल साथ ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था हेतु अभ्यर्थी या निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जाएगा। मतगणना हॉल के भीतर मोबाईल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण और बीड़ी, सिगरेट, गुटका पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से राजस्व प्रकरणों के निपटारे, फौती नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने की जानकारी ली। उन्होंने स्कूली बच्चों से स्कूल में मध्यान्ह भोजन, गणवेश और किताबें मिलने की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी स्कूलों के खुलने पर स्कूलों से सूची लेकर प्राथमिकता से जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की तहसीलदार को निर्देश दिए।

तंत्र-मंत्र के बहाने नशीला पदार्थ खिलाकर 8.51 लाख की ठगी

4 शातिर आरोपी रायपुर व रायगढ़ से गिरफ्तार, 1.93 लाख नकद और 12.50 लाख नकली नोट बरामद

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा पुलिस ने जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत बड़ी सफलता प्राप्त की है, जिसमें तंत्र मन्त्र के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर 8 लाख 51 हजार रुपये की ठगी के मामले में 4 शातिर आरोपीयों को रायपुर एवं रायगढ़ से गिरफ्तार करने के साथ ही 01 लाख 95 हजार 105 रुपये नगद बरामद किया गया है। प्रार्थी जगसाय राजवाड़े निवासी बरढोढ़ी सरनापारा मणीपुर द्वारा 2 मई को थाना मणीपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताने वाला अज्ञात व्यक्ति से प्रार्थी का मोबाइल नंबर पर कुछ माह पूर्व से बातचीत होता रहता था, की 29 अप्रैल को उक्त व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के घर घूमने के मकसद से आकर प्रार्थी से मिला और बाद मे चाय पानी पीकर हर्बल प्रोडेक्ट का काम होना बोलकर अम्बिकापुर चला गया। अगले दिन 30 अप्रैल को उक्त व्यक्ति किसी एक अन्य व्यक्ति कों अपने साथ लेकर प्रार्थी के घर आया जो नागपुर देवी दर्शन कर वापस लौटना बताया था, उक्त व्यक्तियों द्वारा प्रसाद के नाम पर कुछ मीठा चीज खिलाया गया जिससे प्रार्थी बेहोश हो गया,बाद मे परिवार के सदस्यों के आने पर जगाने पर उठकर देखा था जो दोनों अज्ञात व्यक्ति घर से कही चले गए थे, प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 328 भा. द. वि. का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना प्रार्थी का बयान लेने पर प्रार्थी द्वारा बताया गया की घटना दिनांक कों घटना पश्चात घर मे रखे सामान कों मिलाने पर प्रार्थी के घर मे रखे पेटी से 08 लाख 51 हजार रुपये गायब होने की बात बताई गई, प्रार्थी द्वारा उक्त अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर 08 लाख 51 हजार रुपये की ठगी कर लिया जाना बताया गया हैं। मामले मे पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के एवं मुख्य मार्ग एवं घटना से सम्बंधित मार्ग के सैकड़ो सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन कर साइबर सेल से आवश्यक तकनिकी जानकारी प्राप्त कर घटना के दौरान आरोपियों द्वारा स्विफ्ट कार का प्रयोग करना पाया गया। उक्त कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस टीम रायपुर पहुंचकर घटना मे प्रयुक्त वाहन के चालक की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम शीत कुमार सोनवानी उम्र 31 वर्ष साकिन भीमनगर रायपुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अन्य आरोपियों सुखदेव साहू , गिरधारी साहू ,आंसू झा उर्फ अभय के साथ मिलकर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी/04/एनएक्स/8451 बरामद कर आरोपी के निशानदेही पर मामले मे शामिल अन्य 3 आरोपियों कों रायपुर स्थित एक किराये के रूम से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। मौक़े से मामले के आरोपी सुकदेव साहू उम्र 35 वर्ष सिंघारी थाना बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, गिरधारी साहू उर्फ़ राजा उम्र 32 वर्ष ग्राम उर्ला थाना ऊरला जिला रायपुर छत्तीसगढ, अभय उर्फ़ अंशु झा उम्र 36 आदर्श ग्राम मूरी बाहर थाना टिटलागढ़ उड़ीसा हाल मुकाम शंकरनगर जिला रायपुर कों पकड़कर आरोपियों के किराये के मकान से 01लाख 95 हजार 105 रुपये नगद, घटना मे प्रयुक्त 11 नग मोबाइल सहित 500 का दोनों तरफ प्रिंट नोट 2100 नग कुल 10 लाख 50 हजार रुपये मूल्य का जाली नोट, 500 का एक तरफ प्रिंट जाली नोट 2500 नग कुल 12 लाख 50 हजार रुपये मूल्य का जाली नोट, नोट गिनने का मशीन 01 नग, कलर प्रिंटर 01 नग, स्कैनर 01 नग, 04 नग कलर प्रिंटर का, सोने का नकली बिस्कुट जैसा 80 टुकड़ा, एक पीतल का कलश मे ढक्कन, पूजा का समान पैकेट मे जिसमे लाल काल पिला लाल कपड़ा, रोली, चावल, रुद्राक्ष माला 01 नग, ए-4 साइज के पेपर मे एक साइड प्रिंट किया हुआ 500 का नोट 655 पन्ना, ए-4 साइज के आधा पन्ना मे 500 का एक साइड प्रिंट किया हुआ 1325 पन्ना, ए-4 साइज के आधे पन्ने मे दोनों साइड मे प्रिंट किया हुआ 500 का नोट 92 पन्ना बरामद किया गया। आरोपियों से घटना के संबंध में पुलिस टीम द्वारा विस्तृत पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि आरोपी किसी भी अज्ञात व्यक्ति को फोन कर तंत्र-मंत्र की विधि से 08 लाख 51 हजार रुपये कों 01 करोड रुपए में बदल देने/बढ़ा देने की बात बोलकर झांसे में लेकर ठगी की घटना कों अंजाम देते हैं, मामले में घटना 30 अप्रैल को प्रार्थी जगसाय राजवाड़े के घर जाकर प्रार्थी को झांसे में लेकर प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर 08 लाख 51हजार रुपए की ठगी कारित करना स्वीकार किया गया, घटना करने 02 आरोपी पिड़ित के घर आए थे अन्य 01 आरोपी कार मे बैठा थे, एवं एक अन्य आरोपी रायपुर मे बैठकर घटना करने के बारे में अन्य पीड़ित को बताता रहता था, घटना कारित करने के पश्चात सभी आरोपी मारुती स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी/04/एनएक्स/8451 से रायपुर फरार हो गए थे, मामले मे आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से धारा 120 (बी), 420, 489 (क),489(ग) 489 (घ), 489((ड.)जोड़कर आरोपियों कों गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे भेजा जाता हैं।आरोपियों द्वारा 8 लाख 51 हजार रूपये कों आपस मे बाटना बताया गया हैं एवं उक्त रकम मे से 1 लाख 95 हजार 105 रुपये नगद एवं उक्त रकम से ख़रीदा हुआ 01 नग मोबाइल बरामद किया गया हैं। कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप जायसवाल,उप निरीक्षक प्रेम सागर खुटिया,सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, भोजराज पासवान, पन्नालाल, गणेश कदम्ब,आरक्षक मनीष सिंह, विकाश सिंह, अतुल शर्मा, समीर तिर्की, विकाश मिश्रा, शामिल रहे।

ठगी के शिकार हुए हों तो दर्ज कराएं शिकायत

सरगुजा पुलिस टीम द्वारा आरोपियों द्वारा अन्यत्र स्थानों पर घटना कारित करने की जानकारी प्राप्त की जा रही हैं, अगर किसी जिले या अन्य दीगर राज्य मे इस प्रकार की घटना कारित हुई हो तो आरोपियों की पहचान हेतु थाना मणीपुर के मोबाइल नंबर 9479191731 एवं पुलिस कंट्रोल रूम सरगुजा के मोबाइल नंबर 9479193599 पर अपनी सूचना दर्ज कराये।

मंत्री राजवाड़े ने कहा-जनता की सेवा ही पहली प्राथमिकता

जनता को भाया मंत्री का अंदाज, आमजनों की समस्याओं का हल प्राथमिकता

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की एकमात्र महिला मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का सहज, सरल अंदाज बाकी नेताओं से बिल्कुल अलग है।

एक छोटे से कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनैतिक करियर की शुरुआत करने वाली लक्ष्मी राजवाड़े आज महिला बाल विकास मंत्री है। लेकिन अंदाज वही पुराना है। जब वो एक आम कार्यकर्ता थी। मंत्री बनने के बाद भी उन्होंने वीवीआईपी कल्चर जैसे सुरक्षा के नाम पर जनता से दूरी बनाना, ग्रामीणों से ज्यादा बात नहीं करना, विभिन्न प्रकार के लोगों के बीच असजह महसूस करना, ऐसी कोई आदत नहीं है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का लगातार जनता से मेल मिलाप जारी है, जो एक सफल नेता की सबसे सफल खूबी भी कही जाती है। श्रीमती राजवाड़े को उनके सहज अंदाज की वजह से जहां भी जाते हैं वहां की जनता से खूब प्यार मिलता है. उनके अंदर मंत्री बनने के बाद भी जनता के बीच पहुंचकर सेवा करने की भावना कूट-कूट कर भरी है।

जनता के विश्वास जीतने का प्रयास

लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर के शिवनंदनपुर मंडल ने भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी के रूप में राजनीति में एंट्री ली थी। जिसके बाद जनपद पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य बनी। बता दें कि, जब लक्ष्मी राजवाड़े ने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लडा तो जिलेभर के सभी प्रत्याशी से ज्यादा वोटों से विजय हुई। इसके बाद भाजपा ने उन्हें भाजपा महिला मोर्चा सूरजपुर का जिलाध्यक्ष बना दिया। जिसके बाद उनके राजनैतिक करियर ने लाइन पकड़ लिया और धार बढ़ता गया तब भाजपा की ओर से उन्हें भटगांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया और लक्ष्मी राजवाड़े ने भटगांव से कांग्रेस से लगातार दो बार के विधायक पारसनाथ को हरा दिया और भटगांव में कमल खिलाया। लक्ष्मी राजवाड़े को भाजपा ने महिला बाल विकास मंत्री बना दिया और आज सरकार ने रहते लक्ष्मी राजवाड़े को 4 महीने का समय बीत चुका है. और श्रीमती राजवाड़े अपने आप को मंत्री नहीं बल्कि एक आम कार्यकर्ता ही समझती है और जनता की सेवा को ही अपना प्रथम कर्तव्य समझती है।

क्षेत्र का विकास प्राथमिकता

लक्ष्मी राजवाड़े जब से मंत्री बनी बनी है। अपने क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश की महिलाओं को लेकर बेहद संजीदा है। वो जब जनसंपर्क के दौरान महिलाओं से मिलती है तो उनसे एकदम घुल मिलकर बात करती है और उनका हाल चाल पूछने के साथ साथ उनकी समस्याएं जानती है और उनके समाधान का प्रयास करती है अमूमन मंत्रियों का ऐसा अंदाज देखने को नहीं मिलता है लेकिन मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एक अंदाज उन्हे बाकियों से अलग करता है।

सोशल मीडिया पर मिल रहा प्यार

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जनता की सेवा में जितना सक्रिय रहती है. उतना ही सोशल मीडिया पर भी सक्रिय है। श्रीमती राजवाड़े जब भी जनता के बीच पहुंचती है बुजुर्गों का पांव छूकर आशीर्वाद लेती हैं। उनके इस अंदाज को देखकर जनता का मन उत्साह से भर जाता है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अपने सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, इंस्टाग्राम में अपने दौरों का वीडियो पोस्ट करती रहती है। जिसमें जनता के साथ उनका कुशल व्यवहार नजर आता है। लोग खुलकर मंत्री के पास अपनी समस्याओं को रख पाते है। अमूमन ऐसा देखने को मिलता नहीं है. लेकिन लक्ष्मी राजवाड़े ने वीवीआईपी कल्चर से दूर हटकर जनता को अपने करीब लाया है और इनकी यही खूबी उनके लोकप्रियता को बढ़ा रही है। लोग अपने परिवार की सदस्य की तरह मंत्री को मानने लगे है।

बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला सबका सम्मान

लक्ष्मी राजवाड़े के नाम के आगे अब मंत्री लगता है। यह ओहदा काफी बड़ा है। ग्रामीण इलाकों में मंत्री शब्द बहुत पावरफुल माना जाता है। हालांकि, यह पद भी उन्हें जनता ने ही दिया है और इस बात को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बखूबी जानती है। यही वजह है श्रीमती राजवाड़े जब भी गांवों का दौरा करती है तो एक हर किसी से एकदम सरल अंदाज में मुलाकात करती है। बच्चों के साथ खेलना, युवाओं की समस्याओं को सुनना, बुजुर्गों का प्यार हासिल करना, महिलाओं के साथ घुलमिलकर अपनेपन का एहसास दिलाना। यह उनकी आदतों में शुमार है एक मंत्री का अपनी जनता के साथ ऐसी प्रेम भावना की खूब चर्चा होती रहती है. बता दें कि, मंत्री राजवाड़े के पास कोई फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचता है तो वो तत्काल समाधान करने का प्रयास करती है। वहीं रायपुर और अपने जिले के लगातार दौरे के थकान के बीच भी वो जनता से जरूर मुलाकात करती है। उनका कहना है कि जिस जनता की वजह से आज वह इस बड़ी जिम्मेदारी को निभा रही है, तो जनता की हर सुख दुख में साथ रहना उनकी जिम्मेदारी है।

फर्जी पट्टा निरस्त करने ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोरता में हल्का पटवारी से साठ गांठ कर गैरकानूनी तरीके से फर्जी जमीन पट्टा बनवाये जाने के मामले में ग्रामीणो ने लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप फर्जी पट्टा निरस्त किए जाने मांग किया है।

ज्ञापन में उल्लेख है कि अनावेदकगण शिवम सोनी, शुभम सोनी पिता पन्नालाल सोनी गढ़देवी मोहल्ला गढ़वा झारखंड निवासी के द्वारा खरीदी हक की भूमि ग्राम गोरता में खसरा क्रमांक 763 रकबा 0777हेक्टेयर भूमि स्थित है। अनावेदकगण के द्वारा शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 771/3 रकबा 0.809, खसरा नंबर 222/3 रकबा नं 0.186 हेक्टेयर है।उक्त शासकीय भूमि का फर्जी तरीके से पट्टा बनवा लिया गया है। जिस शासकीय भूमि का पट्टा बनवाया गया है उस शासकीय भूमि में ग्राम वासियों के पूर्वज कई पीढियो से सामुहिक रुप से कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं।

अनावेदकगणो के द्वारा फर्जी तरीके से शासकीय भूमि का पट्टा बनवाकर आए दिन ग्रामवासियों के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है । सरपंच प्रतिनिधि के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच कलेक्टर के नाम एसडीएम बी खांडे को ज्ञापन सौंपा है। तथा अनावेदकगणों द्वारा बनवाया गया फर्जी पट्टा को निरस्त करते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही करने मांग किया है।

जांच किया जाएगा

इस संबंध में एसडीएम बी आर खांडे ने कहा कि एक व्यक्ति को पट्टा दिया गया है। पट्टे से अधिक भूमि पर काबिज है जांच कर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा।

बच्चों के लिए किया जा रहा है समर कैंप का आयोजन

समर कैंप बच्चों को सक्रिय जीवनशैली प्रदान करने का एक बेहतर तरीका

बच्चे सीख रहे हैं विविध रचनात्मक एवं कलात्मक गतिविधियां

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में पीएम श्री अंतर्गत जिला स्तरीय 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय भेलवाड़ीह बलरामपुर में किया जा रहा है। समर कैंप में विभिन्न विकासखण्डों के स्कूलों के लगभग 200 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। कैंप में प्रतिदिन बच्चों के लिए विविध रचनात्मक व कलात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिसमें बच्चों का उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टी का सदुपयोग करते हुए बच्चों में नवीन कलात्मक व रचनात्मक ज्ञान का बढ़ाते हुए बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास करना है।

समर कैंप के माध्यम से बच्चों को योगा, प्राणायाम, विज्ञान प्रदर्शनी, वाद-विवाद, भाषण, कहानी, रचनात्मक लेखन, नृत्य एवं संगीत कक्षाएं संस्कृतिक त्यौहारों में बनाए जाने वाले व्यंजन की विधियां, बागबानी, पौधों की देखभाल, खेल एवं फिटनेस जैसी अन्य रचनात्मक गतिविधियां सिखाई जा रही है। एक तरह से कहा जा सकता है कि आधुनकि एवं तकनीकी दुनियां से निकलकर समर कैंप में बच्चों को अधिक सक्रिय जीवनशैली प्रदान करने का एक बेहतर तरीका है, समर कैंप के माध्यम से बच्चे अपने दैनिक माहौल से बाहर निकल कई नए कौशल सिखते हैं। बच्चों की प्रतिभायें निखर कर सामने आती है, जिससे उनको आगे बढ़ने में भी सहयोग मिलेगा।

चौपाल कलेक्टर ने सुदूर ग्राम मतरिंगा में लगाई चौपाल, लोगों का जाना हाल, मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

स्वास्थ्य जांच के लिए दूरस्थ गांव में लगेगा शिविर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर जिले के सुदूर ग्राम मतरिंगा पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सीधा संवाद किया। उदयपुर विकासखंड के ग्राम मतरिंगा में चौपाल आयोजित कर कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ बैठकर उनसे स्वास्थ्य, पेंशन, पेयजल, राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

कलेक्टर श्री भोसकर ने चौपाल में ग्रामीणों से संस्थागत प्रसव एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बीएमओ को ग्रामीणों के हेल्थ चेकअप के लिए शिविर कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने टीबी संक्रमित मरीजों को आवश्यक दवा शीघ्र प्रदाय कराने भी निर्देशित किया। आगामी बारिश के मौसम के मद्देनजर सांप काटने से बचाव और इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र केदमा में जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे ग्रामीणों को उदयपुर ना जाना पड़े। उन्होंने ग्रामीणों से राशन वितरण की जानकारी ली जिसमें उन्होंने बताया कि सितकालो गांव से राशन दुकान स्थित है जहां से ग्रामीण राशन लाते हैं। कलेक्टर ने खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि राशन वितरण हेतु सितकालो ग्राम में स्थित राशन दुकान से वाहन के माध्यम से राशन गांव तक लाने की व्यवस्था बनाएं जिससे ग्रामीणों को आवागमन की समस्या से राहत मिले। इस दौरान उन्होंने गांव की रहने वाली पीजी गर्ल्स कॉलेज में आर्ट्स फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही छात्रा और स्कूली छात्राओं से बात कर पढ़ाई की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम उदयपुर बीआर खांडे सहित खंड स्तरीय अमला मौजूद थे।

विद्युत आपूर्ति की समस्या के तत्काल निराकरण करने क्रेडा अधिकारी को निर्देश

ग्रामीणों द्वारा गांव में विद्युत आपूर्ति की समस्या से अवगत कराया गया जिसपर कलेक्टर ने क्रेडा के अधिकारी से बात कर तत्काल सोलर लाइट की सुविधा के लिए बैटरी की समस्या निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली। ई पीएचई ने बताया कि पेयजल के स्त्रोत हेतु 5 बोरवेल कराए गए हैं। दैनिक कर्मों में पानी की उपलब्धता हेतु पंचायत के पास स्थित ढोढ़ी से पानी को पाइप के माध्यम से गांव तक लाया गया है। साथ ही डायवर्सन बांध के जरिए भी पानी की उपलब्धता आसान हुई है।

राजस्व प्रकरणों के निपटारे की ली जानकारी

कलेक्टर ने ग्रामीणों से राजस्व प्रकरणों के निपटारे, फौती नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने की जानकारी ली। उन्होंने स्कूली बच्चों से स्कूल में मध्यान्ह भोजन, गणवेश और किताबें मिलने की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने इस अवसर पर 16 जून से सभी स्कूलों के खुलने पर स्कूलों से सूची लेकर प्राथमिकता से जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की कार्यवाही हेतु तहसीलदार को निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने मनरेगा के तहत कार्य और श्रमिकों की जानकारी, प्रतीक्षा सूची में दर्ज लोगों के आवास निर्माण की प्रगति, नल जल कनेक्शन, मवेशियों के स्वास्थ्य, टीकाकरण और दवाइयों के वितरण की जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

महिला के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। महिला से जबरन बलात्कार के आरोपी को साल्हेंवारा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार करते जेल भेज दिया है । पीड़ित महिला ने साल्हेवारा थाना मे मामला दर्ज कराते आरोपी नारायण पटेल के खिलाफ रास्ता रोककर प्यार करने के नाम पर दुष्कर्म करने,मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी देने, मोबाइल मे काल कर लगातार मिलने और नही मिलने पर गावं और घर वालो को बताने की धमकी देकर भाठाझोरी बुलाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने की शिकायत की थी । साल्हेवारा पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी नारायण पटेल 37 वर्ष राजाबर थाना साल्हेवारा को हिरासत मे लेकर आरोपी के खिलाफ धारा 341,376(2)(ढ़),506 भादस. पंजीबद्ध कर गिरफ्तार न्यायालय के आदेश मे जेल भेजा गया ।

आत्मानंद विद्यालय में लाटरी से पूरी हुई प्रवेश प्रक्रिया

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के बख्शी स्कूल स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कक्षा 01ली से 12वीं (विज्ञान) में प्रवेश हेतु छात्रों के नामों का लाटरी पद्धति से चयन किया गया। लाटरी प्रक्रिया में चयन समिति के अध्यक्ष एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू एवं सदस्यों में रश्मि खरे एबीईओं के साथ प्राचार्य एवं उपस्थित थे। प्रवेश हेतु चयनित छात्र/छात्राओं को 21 मई तक संस्था में दाखिला हेतु दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है । बाकी बचे रिक्त सीट पर 22 मई से 27 मई के बीच प्रतिक्षा सूची से प्रवेश लिया जावेगा।

कटेमा में जवानों के लिए तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन

खैरागढ़ /नवप्रदेश। धूर नक्सल प्रभावित ग्राम कटेमा मे स्थित 40 वीं वाहिनी आईटीबीपी कैंप मे सेनानी अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन एवं सहायक सेनानी श्याम भट्ट के नेतृत्व में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्थान खैरागढ़ द्वारा अध्यात्म पद्धति द्वारा जीवन दर्शन शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में जीवन को सकारात्मकता के साथ जीने की प्रेरणा दी गयी । शिविर में ब्रम्हाकुमारी बहनों ने उपस्थित जवानों को अपने जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और साहस के साथ काम करने की सलाह दी । सुरक्षा बलों में बढ़ती नकारात्मकता, अवसाद एवं आत्महत्याओं जैसी घटनाओं से बचने महत्वपूर्ण सुझाव तथा नशे और व्यसनों से दूर रहने की प्रेरणा दी जिससे समस्त जवान लाभान्वित हुए । इस शिविर में निरीक्षक राजीव कुमार, गुरमेल सिंह, शक्ति सिंह, गोविन्द सिंह उप-निरीक्षक सुरेन्द्र मान, दिनेश शुक्ला, सहायक उप-निरीक्षक बी बी दलाई, हिटलर भट्ट, भुवन पांडे, मोहन गिरी, केवल कुमार, राम वीरेश, रामेश्वर, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह व समस्त हिमवीर उपस्थित रहे।

मतगणना हॉल पर ये सामग्रियां ले जाने की अनुमति

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना दिवस के दिवस आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र 54 राजिम एवं 55-बिन्द्रानवागढ़ को निर्देशित किया है कि मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए एक-एक कैल्कुलेटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं/मतगणना अभिकर्ताओ को मतगणना हॉल पर निम्न सामग्रियां साथ ले जाने की अनुमति होगी। जिसमें मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, कोरा कागज, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किये गये ईवीएम एवं वीवीपेट की सूची जो लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लायी गई है, प्लास्टिक पेन / पेंसिल, मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था हेतु अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जायेगा।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश लॉटरी निकाली गई

सांकरा जोंक/नवप्रदेश। सत्र 2024 25 के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली गई। शासन के निर्देशानुसार कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10 अप्रैल से 5 तक प्रत्येक कक्षा में 50 की दर्ज संख्या के लिए आवेदन फार्म मंगाई गई थी।यदि किसी कक्षा में संख्या से अधिक आवेदन फार्म प्राप्त होते हैं तो उस कक्षा के लिए लॉटरी निकलना है,ऐसा निर्देश प्राप्त हुआ था।कक्षा प्रवेश शासन के निर्देशानुसार 50त्न बालिकाओं के लिए सुरक्षित 25 प्रतिशत बीपीएल कार्ड धारी 25त्न का लॉटरी निकलना था ।जिसमें कक्षा तीसरी के लिए अधिक आवेदन फार्म प्राप्त हुए थे । स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक देवांगन सर जी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह पता चला की कक्षा तीसरी में 03 सीट के लिए 6 अतिरिक्त आवेदन फार्म प्राप्त हुए थे ।जिसका आज दिनांक 15 5 2024 को सुबह 9ः00 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पिथौरा प्रतिनिधि के रूप मेंउपस्थित श्री गौतम प्रसाद कनेर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पिथौरा और श्रीमती खेमलता प्रधान संकुल स्त्रोत समन्वयक सांकरा की उपस्थिति में आत्मानंद के समस्त स्टाफ के मौजूदगी में यह लॉटरी निकाली गई।

तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 दोस्तों की मौत

बलौदाबाजार्र/नवप्रदेश। भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी खम्हरिया के बीच बीती रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि मृतक बलौदाबाजार से भाटापारा अपने एक साथी को ट्रेन में बैठाने जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई है. वहीं घटना की सूचना मिलने पर तत्काल भाटापारा ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है.

भाटापारा ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पाटले से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात्रि 11 बजे के आसपास की है ग्राम अर्जुनी खम्हरिया के बीच सड़क हादसा हुआ है. सूचना मिलते ही तत्काल घटना स्थल पहुंचे. जहां पर एक स्कार्पियो ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी थी जिससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई. मृतकों के नाम गोलु खान, शेख इस्लाउद्दीन और शेख अशरफ बताया जा रहा है जो कि अपने एक साथी को बलौदाबाजार से भाटापारा ट्रेन में बैठाने जा रहे थे. वहीं स्कार्पियो चालक ग्राम खैर ताल में शादी समारोह में शामिल होने आया था. पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है.बता दें कि इस क्षेत्र में पहले भी देर रात में भीषण सड़क हादसे होते रहते हैं. पूर्व में भी एक सड़क हादसा हुआ था. जिसमें शादी समारोह से लौटते वक्त 13 लोगों की मौत हो गई थी. इस घटना का प्रमुख कारण तेज रफ्तार के साथ ही ओव्हरलोड वाहनों के चलने से सड़क का एक साइड दबा होना और खराब होना बताया जा रहा है. फिलहाल, भाटापारा ग्रामीण पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अनियंत्रित ट्रक ने बाइक के साथ खड़े दो युवकों को चपेट में लिया, मौत

बाजार अतरिया मे भीषण हादसा

खैरागढ़/नवप्रदेश। तेज रफ्तार कोयले से भरी ट्रक ने बाजार अतरिया में मुख्य चौक के पास बाइक लेकर खड़े दो युवकों को रौंद दिया । हादसा इतना भीषण था कि एक युवक बाइक सहित ट्रक के सामने चक्के मे ही फंस गया । इस हादसे मे दोनो युवकों की मौत हो गई । घटना शुक्रवार सुबह 9 बजे की है । ट्रक सीजी 04 एमवी 3429 कोयला भर कर रायपूर की ओर जा रही थी । बाजार अतरिया पहुँचने के दौरान ट्रक के सामने टायर के फटने की जानकारी सामने आई है । इससे तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गई । पहले सड़क किनारे लगे बिजली पोल को टक्कर मारते सड़क किनारे बाइक लेकर खड़े युवकों को चपेट मे ले लिया । घटना मे सुमित वर्मा 14 वर्ष बाइक सहित ट्रक के पहिए मे ही फंस गया । इस दौरान ट्रक ने बाइक और सुमित को काफी दूर तक घसीटा जिससे सुमित की दर्दनाक मौत हो गई । जबकि दूसरा युवक मयंक वर्मा 18 वर्ष ट्रक की टक्कर से छिटक कर दूर जा गिरा । मौके पर उसकी भी मौत हो गई । घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया । सूचना के बाद मौके पर दलबल सहित पहुँची पुलिस ने क्रेन बुलाकर ट्रक उठाकर फंसे बाइक और सुमित के शव का बाहर निकाला । इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने मे भी पुलिस का मशक्कत करनी पड़ी । दोनो शवों का पंचनामा कर पुलिस ने पीएम के लिए भेजा ।

बहन को लाने जाने की तैयारी थी

हादसे मे मृतक सुमित वर्मा की बहन को ससुराल रायपूर से लाने की तैयारी मे परिवार शुक्रवार को जूटा था । सुमित के रिश्तेदार दूसरा मृतक मयंक ग्राम गोटवानी का निवासी है । वह भी बहन को लाने बाजार अतरिया पहुंचा था । दोनो युवक सुबह इसकी तैयारी से पहले चौक पर पहुँचे थे । इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया । और दोनो बेलगाम ट्रक के चपेट मे आ गए । घटना की सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुँचे तो पूरे गांव मे शोक की लहर दौड़ गई । परिवार की खुशियां मातम मे बदल गई । परिजनों का इस दौरान रोरोकर बुरा हाल था । बाजार अतरिया चौक मे लगातार हो रहे हादसो पर लगाम नही लग पाई है । ग्रामीणों ने इस जगह पर स्पीड ब्रेकर बनाने काफी समय से मांग की लेकिन अब तक प्रशासन की लापरवाही के चलते मांग पूरी नही हो पाई । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच मे लिया है । एसडीओपी लालचंद मोहले ने बताया कि मामले मे फरार ट्रक चालक को खोजबीन के बाद गिरप्तार किया गया है । जांच जारी है ।

व्यवसायी की जली लाश मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के एक मेडिकल व्यवसायी की जली हुई लाश देर रात मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे माल गोदाम के पास युवक का जला हुआ शव मिला है. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है. दुर्ग से फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी घटनास्थल पर बुलाई गई है.

रेलवे माल गोदाम के पास मिला शव राजनांदगांव शहर के मेडिकल व्यवसायी अवी खंडेलवाल (32 वर्ष) की जली हुई लाश कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे माल गोदाम के पास देर रात मिला. इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को मिलते ही पुलिस की टीम और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची. अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की हत्या हुई या आत्महत्या युवक द्वारा की गई है. पोस्टमार्टम के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा. पुलिस घटना की जांच में जुट गई है.

÷यहां एक व्यक्ति की बॉडी मिली है, जिसका नाम अवी खंडेलवाल (32 वर्ष) है. वह शहर के रामाधीन मार्ग का निवासी है. मौके पर एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंच गई है. केस दर्ज कर हर एंगल से पूरी घटना की जांच किया जा रहा है. यह घटना किन परिस्थितियों में हुई है, सारे एंगल की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है.÷ - राहुल देव शर्मा, एएसपी, राजनांदगांव

व्यवसायी युवक का शव मिलने से फैली सनसनी ॅ शहर के युवा प्रतिष्ठित मेडिकल व्यवसायी की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. युवक का जला हुआ शव रेलवे गोदाम के पास मिला है. पुलिस इस घटना की सभी एंगल से जांच कर रही है. जांच के बाद ही इस घटना का खुलासा हो पाएगा।

आरोपी के कब्जे से 800 ग्राम गांजा जब्त, गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। अवैध मादक पदार्थ गांजा शराब, नशीली दवाई, जुआ सट्टा अन्य अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर किया जा रहा है।

इसी तारतम्यम में दिनांक- 16.05.2024 को थाना क्षेत्र के विश्वसनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ। कि थाना क्षेत्र के ग्राम नानपुरी के सुरेश चंद्राकर द्वारा अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। कि सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम रवाना किया गया, मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर टीम के द्वारा देखे तो मकान से एक व्यक्ति निकला जो पुलिस को देख कर घबरा गया तथा पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगा, जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम सुरेश चंद्राकर पिता बहोरिक चंद्राकर उम्र 49 वर्ष का होना बताया, जिसके मकान की विधिवत तलाशी लेने पर मकान के अंदर से खाकी रंग के टेप में लिपटा हुआ पैकेट मिला जिसे समक्ष गवाहों के टेप को निकाल कर देखा गया, जिसमें मादक पदार्थ गांजा मिला, जिसे बरामद किया गया, आरोपी के पास धारा 67 एन.डी.पी.एस. एक्ट का नोटिस दिया गया, बरामद सुधा एक पैकेट खाकी रंग के पैकेट में 800/ ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 8000/ रु. को विधिवत गवाहों के समक्ष जप्त किया गया और आरोपी सुरेश चंद्राकर के विरुद्ध मौके पर अपराध धारा-20(ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही किया गया।

10 ब्लक लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त, 1 आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। अवैध मादक पदार्थ शराब गांजा बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः लगाम लगाते हुए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह बघेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया श्री पंकज कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना पंडरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार सूचना एकत्र कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी तारतम्य में थाना पंडरिया पुलिस को दिनांक- 16-05-2024 के जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम दलपी में उत्तरा कुमार साकत अपने घर के सामने मेन रोड में अवैध रूप से हाथ भट्ठी से बने कच्ची महुआ शराब को अपने कब्जे में रख कर बिक्री कर रहा हैं। उक्त सूचना को थाना प्रभारी द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को अवगत कराया गया, वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी पण्डरिया द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर के बताएं स्थान पर पुलिस टीम रवाना कर रेड कार्यवाही कर आरोपी उत्तरा कुमार साकत पिता पंचराम साकत उम्र 44 वर्ष साकिन दलपी थाना पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) को रंगे हाथों अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पकडा गया, आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी से बने कच्ची महुआ शराब (कुल मात्रा 10.00 बल्क लीटर) कीमती 1,000/- रूपये व शराब बिक्री की रकम 200/- रूपये कुल कीमती 1200/-रूपये. गवाहों के समक्ष बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक श्री संतोष मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना टीम से सउनि मोहन लाल खुंटे, प्रधान आरक्षक राजेश्वर कोसरिया, आरक्षक-द्वारिका चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी,अभिषेक शर्मा मआर.संगीता चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।

मतगणना के संबंध में 22 को महासमुंद में होगा अधिकारियों का प्रशिक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना के संबंध में 22 मई को प्रातः 10 बजे से महासमुंद के जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने उक्त प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा के लिए मास्टर टेनर्स एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्ट बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी एवं प्रोग्रामर को नियत तिथि एवं समय पर उपयस्थित होने के निर्देश दिये हैं। इनमें जिला स्तर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, जिले के टेबुलेशन प्रभारी रंजीत कुमार बरनवाल, ईवीएम नोडल अधिकारी अनुज शर्मा, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी विशाल महाराणा, आईटी के नोडल अधिकारी नेहरू निराला, एवं सहायक प्रोग्रामर गिरीश चन्द्राकर शामिल है। इसी तरह राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अर्पिता पाठक, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एलन मिंज, मिथिलेश देवांगन, अशोक पाण्डेय एवं मास्टर ट्रेनर बंटी राय शामिल है। इसी तरह राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अर्पिता पाठक, अशोक पाण्डेय एवं मास्टर ट्रेनर बंटी राय शामिल है।

संस्कार पब्लिक स्कूल के बच्चों का बोर्ड परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

कवर्धा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल बोर्ड एग्जाम में नगर में संचालित संस्कार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर में अपना दबदबा बनाया शिवम सिंह ठाकुर ने 94.5 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रहे उर्वशी कश्यप ने 92त्न अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पर रहे हाई स्कूल बोर्ड एग्जाम में अन्य विद्यार्थी श्रेयश यादव 86त्न लीना साहू 80त्न इस प्रकार कुल विद्यार्थियों में 52त्न प्रथम श्रेणी वह 35त्न द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय व अपने परिवार जनों का नाम रोशन किया नरेंद्र पटेल ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उत्कृष्ट प्रणाम हासिल करने के लिए विद्यालय की शिक्षक लगातार बच्चों को शिक्षा देने में लगे हुए थे साथ ही साथ अतिरिक्त कक्षाओं का भी आयोजन किया गया था ताकि बच्चों की उत्कृष्ठ परिणाम आ सके। संस्था प्रमुख श्री रमन चंद्रवंशी व शिक्षक गण दिनेश पटेल हीरालाल जांगड़े निशा धुर्वे प्रदीप साहू कृष्णा सर अंजू सिंह मैडम व अन्य स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाइयां दी।

4000 मवेशियों के निः शुल्क टीकाकरण की शुरूआत

किरंदुल/नवप्रदेश। एएम/एनएस इंडिया द्वारा ब्लॉक पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवाओं के सहयोग से ÷प्रोजेक्ट सफ़ल÷ के तहत् चित्रकोंडा सेक्टर के पाइपलाइन गांवों में पशु टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई।जिसके अंतर्गत विभिन्न मवेशियों एवं बकरियों को निॅ शुल्क टीकाकरण एवं उपचार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया की सीएसआर टीम, ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुजीत दास, और पशुधन निरीक्षकों के साथ ही अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।एएम/एनएस इंडिया के इस शिविर के तहत् चित्रकोंडा सेक्टर के लगभ्ग 4000 मवेशियों का निॅ शुल्क टीकाकरण एवं उपचार किया जायेगा।एएम/एनएस इंडिया कम्पनी लगातार स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार एवं स्पोर्ट्स के क्षेत्र शामिल हैं।एएम/एनएस इंडिया का यह पहल क्षेत्र के पशुपालकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।इस टीकाकरण अभियान का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन के स्वास्थ्य में सुधार करना और पशुपालकों की सहायता करना है।जिसके द्वारा मवेशियों में बीमारियों की रोकथाम हो सके और उनकी उत्पादकता में वृद्धि की जा सके।

हत्या के आरोपी को उम्रकैद

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा/ जिला कोर्ट ने हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला न्यायालय सत्र न्यायाधीश कबीरधाम सत्यभामा अजय दुबे ने दिया है। मामला नक्सल प्रभावित थाना तरेगांव जंगल अंतर्गत ग्राम बनगौरा में 15 मई 2023 का है।

मिली जानकारी अनुसार आरोपी तिनहा बैगा पिता सुख्खू बैगा उम्र 46 ने 15 मई की सुबह करीब नौ बजे अपनी पत्नी सनमति बाई के चरित्र पर शक करते हुए उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान पत्नी अपने कमरे से जान बचाकर भागी। वहीं आरोपी तिनहा बैगा ने घर के बाहर खड़े जगतराम बैगा व तिकतू बैगा के ऊपर टंगिया से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों की मौत हो गई। बीच बचाव करने आए मोहतू बैगा, सुखराम बैगा घायल हो गए।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी तिनहा बैगा के खिलाफ धारा 302, 307 के तहत मामला दर्ज किया। कोर्ट में चली सुनवाई बाद दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि यह मामला जिले में काफी चर्चित रहा है। क्योंकि, यह घटना शादी वाले घर में हुई थी। आरोपी तिनहा बैगा के बेटे की शादी हो रही थी। घर पर परिवार के सभी लोग थे। इसी दौरान ये घटना हुई थी।

महाशिवरात्रि की महिमा सुनकर श्रद्धालु हुए अभिभूत

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव मे चल रहे संगीतमय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित प्रेमशंकर चौबे ने शिवरात्रि महात्म्य नारद मोह प्रसंग सुना कर भक्तो को मंत्र मुग्ध कर दिया। जहां कथा के माध्यम से बताया कि सृष्टि के आदि पत्रकार देवर्षि नारद जब हिमालय पर्वत पर तपस्या मे लीन होते है, तब देवराज इंद्र को चिंता हुई कि उन्हे अब लोक - परलोक के समाचार कौन सुनाएगा। इंद्र ने अप्सराओं को नारद की तपस्या भंग करने का आदेश दिया, पर कोई असर नही पड़ा, तो नारद को अभिमान हो गया कि उन्होने काम पर विजय पा ली है। असर मे जिस स्थान पर महादेव ने कामदेव को भस्म किया था, जिस कारण उस स्थान के चारो ओर काम का असर नही पड़ सकता था। वही कथा के बीच बीच मे कथा वाचक पंडित प्रेमशंकर चौबे मधुर भजन भी सुना रहे है। जिससे श्रोता गण नाचने झुमने पर मजबूर हो जा रहे है। वही कथा वाचक पंडित प्रेमशंकर चौबे ने महाशिवरात्रि की महिमा के बारे मे बताया और आगे कहा कि शिव पुराण के अनुसार, ब्रम्हा जी, भगवान विष्णु और माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि आप किस व्रत के करने से भक्तों को भोग और मोक्ष की प्राप्ति हो सके, उसके बारे मे बताएं। भगवान शिव की पूजा, रूद्र मंत्रों का जाप, शिव मंदिर उपवास और काशी मे देह त्याग। ये मोक्ष के चार सनातन मार्ग है। इन चारो मे भी शिवरात्रि व्रत का विशेष महत्व है, अतः इसे अवश्य करना चाहिए। कथा वाचक पंडित प्रेमशंकर चौबे ने बताया कि मनुष्य को एक दूसरे के प्रति प्रेम व सम्मान के भाव को रखने की बात कही। इस दौरान उन्होने कहा कि माता पिता का सम्मान व गुरूओं के आदर से ही हम जीवन मे बेहतर मनुष्य साबित हो सकते है।

भारत की विकास दर इस वर्ष 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने भारत की विकास दर का अनुमान इस वर्ष के लिए 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है और इस तरह यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद रशीद ने कहा कि कम मुद्रास्फीति, मजबूत निर्यात और विदेशी निवेश में वृद्धि से भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से बढ़ रही है।

उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में काफी कमी आई है। इसका मतलब है कि राजकोषीय स्थिति अन्य देशों की तरह बाधित नहीं है। रशीद ने कहा कि निर्यात काफी मजबूत रहा है और भारत अन्य पश्चिमी देशों से आने वाले निवेश से भी लाभान्वित हो रहा है, जबकि चीन में प्रवाह कम हो रहा है। उन्होंने कहा, भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत को लाभ पहुंचाने वाला एक अन्य कारक रूस के साथ तेल के लिए भारत की विशेष

आयात व्यवस्था है, जिससे लागत कम हो रही है। विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) रिपोर्ट में रोजगार पर भी सकारात्मक बात कही गई है।

कहा गया है कि भारत में मजबूत विकास और उच्च श्रम भागीदारी के बीच श्रम बाजार संकेतकों में भी सुधार हुआ है। इसमें कहा गया है कि विशेष रूप से दक्षिण एशिया में महिलाओं की श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ी है।अगले वर्ष के लिए भारत का विकास अनुमान 6.6 प्रतिशत पर बना हुआ है। डब्ल्यूईएसपी की रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले साल भारत की अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत और 2022 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी। रिपोर्ट में इस साल विश्व अर्थव्यवस्था के अनुमान को भी संशोधित कर 2.7 प्रतिशत कर दिया गया है, जो जनवरी से 0.3 प्रतिशत अधिक है।रिपोर्ट में चेतावनी देते हुए कहा गया है, ज्यादातर प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं बेरोजगारी को कम कर मंदी को बढ़ावा दिए बिना मुद्रास्फीति को कम करने में कामयाब रही हैं। भू-राजनीतिक जोखिम आर्थिक विकास को चुनौती देते रहेंगे। कुल मिलाकर विकासशील अर्थव्यवस्थाएं विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं ङ्क 4.1 प्रतिशत की दर से।हालांकि , डब्ल्यूईएसपी रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों में विकास एक जैसा नहीं है। इसमें कहा गया है कि भारत, इंडोनेशिया और मैक्सिको जैसी बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाएं मजबूत घरेलू और बाहरी मांग से लाभान्वित हो रही हैं, जबकि कई अफ्रीकी, लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई अर्थव्यवस्थाएं लंबी राजनीतिक अस्थिरता, उच्च उधार लागत और विनिमय दर के कारण पिछड़ रही हैं।इस वर्ष चीन की अर्थव्यवस्था में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जिससे यह दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। इस वर्ष अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.3 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, संयुक्त राज्य अमेरिका की अर्थव्यवस्था पहले से बेहतर हुई है।

महिला बेरोजगारी दर में आई गिरावट

नई दिल्ली। देश में जनवरी से मार्च की अवधि के बीच महिला बेरोजगारी दर में बड़ी गिरावट हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफस) से यह जानकारी मिली। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण में बताया गया कि 2024 की मार्च तिमाही में महिला बेरोजगारी दर घटकर 8.5 प्रतिशत रह गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 9.2 प्रतिशत थी। इसके अलावा जनवरी से मार्च के बीच कुल बेरोजगारी दर में भी कमी देखने को मिली है। यह घटकर 6.7 प्रतिशत पर रह गई है, जो पहले 6.8 प्रतिशत थी।

जनवरी से मार्च 2024 के बीच श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) बढ़कर 50.2 प्रतिशत हो गई है, जो कि पिछले वर्ष 48.5 प्रतिशत थी। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2024 की मार्च तिमाही में बढ़कर 25.6 प्रतिशत हो गई है। पिछले साल मार्च तिमाही में यह 22.7 प्रतिशत थी।शहरी इलाकों में महिला श्रमिक जनसंख्या अनुपात भी 2024 की मार्च तिमाही में बढ़कर 23.4 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 20.6 प्रतिशत था। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की ओर से महिलाओं की संख्या श्रम भागीदारी में बढ़ाने को लेकर

कई कदम उठाए गए हैं। मोदी सरकार द्वारा 2017 में मातृत्व छुट्टी के फायदे को 12 हफ्ते से बढ़ाकर 26 हफ्ते कर दिया गया। वहीं, बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं के लिए मातृत्व छुट्टी 12 हफ्तों की कर दी गई।प्रधानमंत्री मोदी ने उस समय कहा था कि इस कदम के जरिए सरकार की कोशिश है कि शिशु को जन्म के बाद एक अच्छी देखभाल मिले। 50 से ज्यादा कर्मचारी वाली संस्थाओं के लिए शिशुगृह बनाना अनिवार्य कर दिया गया। साथ ही वर्क फ्रॉम होम का भी प्रावधान सरकार द्वारा किया गया।सरकार ने नाइट शिफ्ट में काम करने वाली महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भी नियमों में बदलाव किया है। अब नाइट शिफ्ट करने वाली महिलाओं को नियोक्ताओं द्वारा पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है।

सेमीकंडक्टर यूनिट पर कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं : सीईओ श्रीधर

नई दिल्ली। क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो के संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने बताया कि उनकी कंपनी सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश को लेकर फिलहाल किसी प्रकार का कोई ऐलान नहीं करने जा रही है।

बता दें कि हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो चिप मैन्युफैक्चरिंग और डिजाइन प्लांट स्थापित करने के लिए बड़ा निवेश करने जा रही है। इन रिपोर्ट्स पर जोहो सीईओ ने कहा, हम फिलहाल किसी प्रकार का कोई ऐलान करने की स्थिति में नहीं हैं।वेम्बू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ये टेक्नोलॉजी हमारे देश के लिए काफी बड़ी है। कंपनियों को आगे आना होगा और इसमें निवेश करना होगा।आगे लिखा, यह सही समय है और सरकार भी काफी सहयोग कर रही है।गुरुवार को सूत्रों ने बताया था कि क्लाउड

सॉफ्टवेयर कंपनी देश में चिप डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग की सुविधा लगाने पर पीएलआई के तहत मिलने वाले प्रोत्साहन की मांग कर रही है।

जोहो के संस्थापक ने इस वर्ष मार्च में ऐलान किया था कि वे तमिलनाडु के तेनकासी जिले में एक आधुनिक चिप डिजाइन सुविधा लगाएंगे।वहीं, सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने बताया था कि हमारे देश को इंडस्ट्रियल रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश की जरूरत है और हमें शैक्षिक संस्थाओं के साथ मिलकर पेचीदा टेक्नोलॉजी पर काम करना चाहिए।आगे कहा, मेरा पर्सनल मिशन है कि रिसर्च और डेवलपमेंट के कार्य को ग्रामीण विकास के साथ जोड़ा जाए। लेकिन मैं फिलहाल इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता।मौजूदा इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, भारत की मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग करीब 103 अरब डॉलर की है और इसमें करीब 26 से 31 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर चिप की जरूरत होती है। इस साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1.25 लाख करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर प्लांट की आधारशिला रखी थी।

ट्रेडमार्क उल्लंघन विवाद में फोन-पे को मिली जीत

नई दिल्ली। फोनपे ट्रेडमार्क उल्लंघन विवाद में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मेसर्स अनिकेत फूड्स के खिलाफ फोनपे के पक्ष में आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने 10 अप्रैल, 2024 को फोनपे के पक्ष में आदेश जारी करते हुए मेसर्स अनिकेत फूड्स को माल विनिर्माण और बिक्री के लिए ट्रेडमार्क का उपयोग करने से रोक दिया था। न्यायालय ने अनिकेत फूड्स के परिसर का दौरा करने और ट्रेडमार्क का उल्लंघन कर बनाए गए सामानों व उपलब्ध स्टॉक की जानकारी लेने के लिए एक विशेष अधिकारी को भी नियुक्त किया।उक्त विशेष अधिकारी ने 19 अप्रैल को परिसर को दौरा किया और बड़ी मात्रा में फोनपे ट्रेडमार्क उल्लंघन वाले उत्पाद/सामग्री पाई।इसके बाद, मेसर्स अनिकेत फूड्स ने न्यायालय के बाहर समझौते के लिए फोनपे से संपर्क किया और उसके अधिकारों को स्वीकार किया व अपनी अवैध व उल्लंघनकारी गतिविधियों को रोकने की बात कही।समझौते के तहत मेसर्स अनिकेत फूड्स ने बिना शर्त स्वीकार किया कि, ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999, कॉपीराइट अधिनियम, 1957 और सामान्य कानून सहित सभी उचित कानूनों के तहत फोनपे उक्त ट्रेडमार्क फोनपे का सच्चा और वैध मालिक है, और उक्त ट्रेडमार्क विशेष रूप से फोनपे से संबद्ध है।फोनपे के ट्रेडमार्क फोनपे, ट्रेड मार्क्स अधिनियम, 1999 और नियमों के प्रावधानों के तहत अत्यधिक प्रतिष्ठित, विशिष्ट और प्रसिद्ध ट्रेडमार्क है और यह बिना किसी समय सीमा के पूरी तरह से, बिना शर्त और स्थायी रूप से फोन से संबंधित है।

भारत के उपभोक्ता बाजार का आकार 2031 तक दोगुना-वित्तमंत्री

दिल्ली। वित्त मंत्री ने दिल्ली में सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 के दौरान अनुमान जताया कि भारतीय उपभोक्ता बाजार का आकार 2031 तक दोगुना हो सकता है। इसके अलावे, भारत पांच वर्षों में वैश्विक विकास में 18त्न तक का योगदान दे सकता है। इस दौरान वित्त मंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को और अधिक बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कहा कि कई लोगों का सुझाव है कि भारत के पास सेवाओं में एक बड़ा अवसर है, लेकिन हम विनिर्माण को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। इसे अधिक निवेश और सरकारी नीतियों की मदद से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सीतारमण ने कहा, '' मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए... । मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य

श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए।''भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है।

उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता।हालांकि, सीतारमण ने कहा कि विनिर्माण के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।उन्होंने उम्मीद जतायी कि भारत के पास अब भी अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का अवसर है क्योंकि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद 'चीन प्लस वन' रणनीति पर ध्यान दे रही है।

'कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट' की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, '' यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं।''उन्होंने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं।

हैदराबाद प्लेऑफ में जगह पक्की की

हैदराबाद। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2024 का मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। अब पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद प्लेऑफ में जगह पक्की करने वाली तीसरी टीम बन गई है।

एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द हो जाने के कारण सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस, दोनों ने अब एक-एक अंक साझा किया। सनराइजर्स हैदराबाद के अब 15 अंक हो गए हैं, इसका मतलब है कि वे अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब उन्हें रविवार को पंजाब किंग्स को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स कोलकाता नाइट राइडर्स से हार जाए।

सनराइजर्स हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने का मतलब है कि दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इसका मतलब यह भी है कि आखिरी प्लेऑफ का स्थान शनिवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से तय होगा।हैदराबाद में खेल शुरू होने से कुछ घंटे पहले शहर में बारिश शुरू हो गई। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के प्रवर्तन, सतर्कता और आपदा प्रबंधन निदेशक की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया है ÷ हैदराबाद शहर में आज भारी बारिश होने की उम्मीद है। आज

शाम 6 बजे तक बारिश रुकी हुई है और शाम 6 बजे के बाद फिर से शुरू हो सकती है। नागरिक तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं।मैदान के दृश्यों से पता चलता है कि खेल क्षेत्र नीले कवर के नीचे है और विभाजन क्षेत्रों पर टायर रखे गए हैं, साथ ही आउटफील्ड क्षेत्रों में पहले से ही गीले पैच बने हुए हैं, जिन्हें कवर नहीं किया गया है। मैदान पर हल्के काले बादल छाए रहने के कारण शाम 7÷15 बजे तक खेल की संभावना कम हो गई।

शाम 7÷45 बजे घोषणा की गई कि टॉस 8 बजे होगा और मैच 8÷15 बजे से शुरू होगा। लेकिन टॉस से आठ मिनट पहले बूंदाबांदी फिर से शुरू हो गई और कवर्स भी खराब हो गए। बूंदाबांदी के भारी बारिश में बदलने और कम होने का कोई संकेत नहीं दिखने से स्पष्ट हो गया कि मैच रद्द कर दिया जाएगा।ऑन-फील्ड अंपायर नंद किशोर और वीरेंद्र शर्मा हाथ में छाता लिए हुए रात 10 बजे के आसपास ग्राउंड-स्टाफ के साथ चर्चा में शामिल थे यह आकलन करने के लिए कि क्या मैदान को पांच ओवर के शूटआउट के लिए तैयार करने का समय है? ग्यारह मिनट बाद अंपायरों ने कप्तानों को बुलाया और बारिश के कारण खेल को आधिकारिक तौर पर रद्द करने की घोषणा की।जीटी आईपीएल की पहली ऐसी टीम भी बन गई, जिसके मैच लगातार रद्द होते गए। इससे उनके आईपीएल 2024 सीजन का निराशाजनक अंत भी हुआ। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को कैंसर जागरूकता का समर्थन करने के लिए लैवेंडर जर्सी पहननी थी, लेकिन बारिश के कारण ऐसा करने का मौका नहीं मिला।

आईसीसी नॉकआउट मैचों में दबाव से निपटने भारत को समाधान खोजने की जरूरत: मिस्बाह

नई दिल्ली। आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत का संघर्ष दुनिया से छिपा नहीं है। इसी को ध्यान में रखकर वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले ब्लॉकबस्टर टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक ने भारतीय टीम का समर्थन किया।पिछले साल के वनडे विश्व कप में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घुटने टेकने तक भारत टूर्नामेंट में अजेय रहा।भारत ने एमएस धोनी के नेतृत्व में 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीता है।वह पिछले तीन साल में दो मौकों पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने से चूक गए। फिर, टी20 विश्व कप के पिछले संस्करण में मेन इन ब्लू को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान समाप्त हो गया।हालांकि, मेगा इवेंट में भारत के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज ने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी के नेतृत्व वाले भारत के मौजूदा तेज आक्रमण को दिया, साथ ही भारतीय क्रिकेट की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की।मिस्बाह-उल-हक ने कहा, यह अब एक अलग भारतीय टीम है, बहुत शक्तिशाली गेंदबाजी लाइनअप के साथ एक कुशल टीम। बल्लेबाजी हमेशा मजबूत रही है, लेकिन उनकी तेज गेंदबाजी की गुणवत्ता ने वास्तव में उनके खेल को ऊपर उठाया है। इतना क्रिकेट खेलने से उन्हें एक्सपोज़र मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इसे तोड़ने के लिए, विरोधी टीमों को बहुत प्रयास करने की ज़रूरत होती है, जो एक कठिन काम है।उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया को देखें। उन्होंने अपनी मजबूत मानसिक क्षमता से इनमें से अधिकांश बाधाओं को पार कर लिया है। जैसे ही बड़े मैच और दबाव की स्थिति पैदा होती है, वे शांत रहने में कामयाब होते हैं। 2009 टी20 विश्व कप चैंपियन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत करने के बावजूद भारत टूर्नामेंट को शानदार तरीके से खत्म करने में पीछे रहा।मिस्बाह ने कहा, इसके विपरीत, पाकिस्तान, भारत और अन्य एशियाई टीमों को अपनी विशाल आबादी और उच्च उम्मीदों से भारी दबाव का सामना करना पड़ता है। यह दबाव प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। यह कुछ ऐसा है जिससे भारत ने पिछले कुछ मेगा आयोजनों में संघर्ष किया है।ऑस्ट्रेलिया के लिए, यह उतना बड़ा मुद्दा नहीं है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के लिए, इस तरह के तीव्र दबाव में खेलना एक बड़ी चुनौती है। यह देखना दिलचस्प है कि ये टीमें भविष्य में इसे कैसे प्रबंधित करेंगी।

जैरी रोम में सितसिपास को हराकर पहले एटीपी 1000 सेमीफाइनल में

रोम। निकोलस जैरी ने छठी वरीयता प्राप्त और 2022 के फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास को 3-6, 7-5, 6-4 से हराकर इटालियन ओपन में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 28 वर्षीय ने दो घंटे और 38 मिनट के थ्रिलर के दौरान मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया, जिसके दौरान उन्होंने 13 में से 11 ब्रेक प्वाइंट का सामना किया। रोम में लगातार तीसरी बार सेमीफ़ाइनल में पहुंचने के लिए सितसिपास की खोज को विफल करने के लिए, चिली के खिलाड़ी ने बेसलाइन से अथक शक्ति का प्रदर्शन किया, जिसमें 166 किलोमीटर प्रति घंटे की जोरदार सर्विस सहित 23 फोरहैंड विनर्स शामिल थे। शुक्रवार को सेमीफाइनल में जैरी का सामना 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। सैंटियागो मूल निवासी ने पिछले साल रौलां गैरो में अपनी एकमात्र भिड़ंत जीती थी।

मोर छंइहा भुईया-2 सतीश जैन निर्देशित फिल्म 24 से प्रदेश के सिनेमाघरों में

छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक सतीश जैन ने मोर छंइहा भुईया, झन भुलव मां बाप ल मया, हंस झन पगली फंस जाबे और ले शुरू होंगे मया के कहानी जैसी सुपरहिट फिल्मों की अपार सफलता से ये साबित कर दिया हैं, कि प्रादेशिक फिल्में बनाने में उनका कोई जोड़ नहीं है। निर्माता- निर्देशक सतीश जैन 24 साल बाद फिर से नये अंदाज़ में धमाकेदार फ़िल्म मोर छंइ्हा भुईया 2 लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म भी सिनेमाघरों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है।

छत्तीसगढ़ी इंडस्ट्री में जब-जब नाजुक दौर आया है । तब-तब सतीश जैन जी ने छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग में उम्मीद की किरण जगाई है। 24 साल बाद ÷मोर छंइहा भुईया 2÷ के रूप में सतीश जैन फिर से एक नया धमाका करने जा रहे हैं। तकनीकी रूप से यह फिल्म अब तक की सर्वश्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी फिल्म है। निर्देशक-सतीश जैन ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपराओं को गुथकर गांव व शहर के रहन- सहन तथा पुराने और नये जनरेशन की भावनाओं को दिल की गहराइयों में पिरो कर सजाया है। मोर छंइहा भुईया 2 एक अद्भुत फिल्म है जो मनोरंजन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान व आयाम गढ़ेगी। इस फिल्म में कुल 8 गाने हैं, जो छत्तीसगढ़ी संगीत से लबालब है।फिल्म में मुख्य नायक की भूमिका में मन और दीपक साहू (मोहिनी फेम) ने निभाया है और हीरोइन ऐल्सा घोष व दीक्षा जायसवाल है। पुष्पेंद्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित और धर्मेंद्र चौबे ने खलनायक की भूमिका निभाई है।अन्य कलाकारो में- अनिल शर्मा, प्रीति राजवैद्य, सुरेश गोडाले, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहु, मनोज वर्मा, प्रदीप शर्मा, शीतल शर्मा, रजनीश झांझी, छोटे लाल साहू, डॉ. अजय सहाय, आलोक मिश्रा, शुभम यादव, जॉनसन अरूण, सलीम खान, सुमित दुआ, सचिन शर्मा, जयराम भगवानी, राजेन्द्र कपूर, नकूल महलवार।इस फिल्म के निर्माता निर्देशक सतीश जैन, सह-निर्माता- ललित सिन्हा, सौरभ अग्रवाल, शैलेन्द्र सिन्हा, छायांकन सिद्धार्थ सिंह संगीत सुनील सोनी, बाबला बागची. कार्यकारी निर्माता आलेख चौधरी, गीत- स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया, सतीश जैन, गिरवर दास मानिकपुरी, एसोसिएट डायरेक्टर - सलीम अंसारी, मुख्य सह-निर्देशक- भूपेन्द्र चंदनिया, लाईन प्रोडयूसर सुनील साहू, प्रो. कन्ट्रोलर- हेमंत चंदनिया, खिलेश्वर साहू, संपादन-तुलेन्द्र पटेल, कोरियोग्रॉफर चन्दन दीप, दीपक साहू, ऑडियोग्रॉफी- प्रबोध रंजन साहु, मेकअप गोरा, ग्राफिक्स प्रवीर दास, एक्शन-कुन्ड्राथुर एस. बाबू, ड्रेस अशोक गौर, कॉस्टयूम डिजाईन - सरिता जैन, रुनझुन जैन, रिकॉर्डिस्ट नूतन सिन्हा. स्वर-सुनील सोनी, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, श्रद्धा मंडल, कहानी पटकथा संवाद सतीश जैन, म्यूजिक अरेन्जर- प्रफुल्ल बहेरा।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस महिलाओं का नहीं करती सम्मान : राधिका खेड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व पदाधिकारी और मौजूदा वक्त में भाजपा का दामन चुकी महिला नेत्री राधिका खेड़ा लगातार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर हमलावर हैं। खासकर सोशल मीडिया पर वह कभी राहुल गांधी तो कभी प्रियंका गांधी पर हमले कर रही हैं। नारी सम्मान के दावों पर खुद की मिसाल दे रही है। वही इस बीच उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और मौजूदा समय में रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पर्यवेक्षक भूपेश बघेल के खिलाफट्वीट किया हैं।

31 मई और 2 जून को रद्द रहेगी दुरंतो एक्सप्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफार्म विस्तार के साथ स्टेशन और स्टेशन यार्ड में नान इंटरलाकिंग का काम कराया जा रहा है। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दोनों तरफ से दुरंतो एक्सप्रेस को रद किया गया है। साथ ही तीन ट्रेनों को गंतव्य से पहले दादर स्टेशन में समाप्त करने और चार ट्रेनों को गंतव्य से पहले दादर स्टेशन से ही शुरू करने का फैसला लिया गया है। रेलवे के इस निर्णय से रायपुर, बिलासपुर समेत अन्य जिलों के यात्रियों को मुंबई और हावड़ा आने-जाने में परेशानी होगी। रायपुर रेल मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक, 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस और दो जून को सीएसएमटी से चलने वाली ट्रेन नंबर 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। साथ ही 16 मई से 31 मई तक हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा-सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस गंतव्य से पहले दादर स्टेशन में समाप्त होगी। जबकि 18 मई और 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई और एक जून को गोंदिया से चलने वाली ट्रेन नंबर 12106 गोंदिया-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी।

ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन 18 मई से

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में एवं बहुमुखी कौशल का विकास करने ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जे. आर. दानी शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कालीबाड़ी व माधवराव सप्रे उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में 18 मई से 31 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इनमें छात्र-छात्राओं को 19 विधाओं का प्रशिक्षण अनुभवी शिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। जिसमें स्पोकन इंग्लिश, कैलीग्राफी, रूबिक्स, साइंस मॉडल, हैंडीइक्राप्ट, योगा एवं ध्यान, बेस्ट आउट ऑफ़वेस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट, पेंटिग, बांसुरी वादन, नृत्य गायन, कठपुतली, मेहंदी, शतरंज, रोप स्कीपिंग, बालीबॉल, फुटबॉल, ताईक्वाण्डो शामिल है।

जेल में बंद चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। चार दिन पहले ही जगदलपुर जेल से कोरबा लाए गए चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर की मौत हो गई है। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। मामले की जानकारी जिला प्रशासन व उच्च अधिकारियों को दी गई है। मूलतः कोलकाता निवासी अबीर कुंडू 57 वर्ष एक चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर था। उसके विरूद्ध बालको थाना में वर्ष 2015 में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। कोरबा के अलावा जगदलपुर में भी उसके विरूद्ध मामला दर्ज था और जगदलपुर के जेल में वह निरूद्ध था। प्रकरण समाप्त होने पर उसे कोरबा जेल शिफ्ट किया गया था। चार दिन पहले ही उसे जगदलपुर से कोरबा लाया गया था। बताया जा रहा है कि बीपी व हार्ट का इलाज कोरबा लाने से पहले से चल रहा था। यहां आने के बाद उसकी तबियत और बिगड़ गई, तब जेल प्रशासन ने उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया था।

छत्तीसगढ़ बीजेपी के मंत्रियों - विधायकों ने ओडिशा और झारखंड में झोंकी ताकत

झारखंड और ओडिशा में प्रदेश भाजपा संगठन के 150 पार्टी नेता गिना रहे मोदी सरकार की उपलब्धियां

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद बीजेपी के सांसद, विधायक, मंत्री और पदाधिकारी इन दिनों ओडिशा और झारखंड में डेरा जमाये हुए हैं। वहां पर पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। केंद्र सरकार की उपलब्धि बताने के साथ ही ओडिशा-झारखंड दोनों राज्य सरकारों की कमियां गिना रहे हैं। अलग-अलग लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान चल रहा है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव बरगढ़ और संभलपुर, वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कांटाभांजी लोकसभा क्षेत्र, मुख्यमंत्री विजय शर्मा बरगढ़ और मयूरभंज, मंत्री ओपी चौधरी बरगढ़ और सुंदरगढ़, मंत्री टंकराम वर्मा सुंदरगढ़, पूर्व मंत्री राजेश मूणत भुवनेश्वर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा में कमान संभाले हुए हैं।

डबल इंजन की सरकार चुनने का मौका :अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दावा करते हुए कहा कि बीजेपी से बेहतर विकल्प ओडिशा के लिए कोई और नहीं है क्योंकि जिस प्रकार पिछले 25 वर्षों से ओडिशा का शोषण किया गया है। उसके विदाई का ओडिशा की जनता ने मन बना लिया है। ओडिशा की जनता इस चुनाव को भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने के सुनहरे अवसर के रूप में देख रही है।

झारखंड में खत्म होगी भ्रष्टाचार की पॉलिटिक्स : भूपेंद्र सवन्नी

छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा है कि झारखंड में इस बार के चुनाव से राज्य को पिता-पुत्र के भ्रष्टाचार की पॉलिटिक्स से मुक्ति मिलेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य के संसाधनों की जैसे खुली लूट मचाई है, उससे जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। यह लोकसभा चुनाव सिर्फ विकसित भारत के संकल्प का चुनाव नहीं है। यह चुनाव देश को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और लालफिताशाही से मुक्ति दिलाने का भी चुनाव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब चुनाव में अपनी हार तय मानकर नये बहाने खोजने लगी है।

ओडिशा की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए भाजपा जरुरी : विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ओडिशा की तकदीर एवं तस्वीर बदलने के लिए भाजपा जरूरी है। आरोप लगाते हुए कहा कि नवीन पटनायक सरकार का रवैया ओडिशा के विकास के लिए निष्क्रिय है। पटनायक सरकार केवल सत्ता को अपना उद्देश्य मानती है सेवा को नहीं।

केंद्र की हर योजनाओं में अड़ंगा लगा रही ओडिशा सरकार : बृजमोहन अग्रवाल

वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि पटनायक सरकार ने पिछले ढाई दशकों से प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रखा है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की हर कल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा लगाकर ओडिशा को शोषित बनाकर रखा है। अब ओडिशा की जनता ने प्रदेश की उन्नति के लिए भाजपा को जिताने का संकल्प कर लिया है।

झारखंड में चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे धरमलाल

झारखंड के जमशेदपुर में भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के पक्ष में घाटशीला विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा से वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू एवं घाटशीला विधानसभा के समस्त ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संजय श्रीवास्तव ने रांची में संभाली चुनाव प्रचार की कमान

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने झारखंड के रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। बुधवार को उन्होंने सुखदेव विधानसभा के सुखदेव नगर मंडल, अपर बाजार मंडल, लोअर बाजार मंडल के शक्ति केंद्र, मंडल प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजकों की बैठक ली। शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ चर्चा कर उन्होंने बूथ समितियों के माध्यम से घर-घर पर्ची, प्रचार सामग्री भेजते हुए जनसंपर्क अभियान तेज करने की अपील की। इसके साथ ही 19 और 20 मई को मतदान पर्ची वितरण अभियान का शुभारंभ लोकसभा के सभी मंडलों में किए जाने के विषय पर चर्चा हुई।

नवीन पटनायक ने कुशासन का कीर्तिमान स्थापित किया : पुरंदर मिश्रा

प्रदेश भाजपा सह प्रभारी एवं रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने संबलपुर में एक चुनावी सभा में आरोप लगाते हुए कहा कि नवीन पटनायक ने ओडिशा में कुशासन का कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्र की योजनाओं पर बाधा अटकाने एवं मोदी सरकार की योजनाओं पर अपने नाम की लीपापोती करने के अलावा कोई काम नहीं किया है। ओडिशा को हर मोर्चे पर पिछड़ा हुआ बना दिया है। तमाम खनिज संसाधन, मेहनतकश प्रदेशवासी, केंद्र सरकार द्वारा निरंतर भेजी जा रही भारीभरकम सहायता राशि का भी पटनायक सरकार ने दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा नो सीएम है नवीन बाबू।

छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 13 जून को, अच्छी बारिश होने की उम्मीद

देश के मानसून की 31 मई से हो सकती है। केरल में मानसून के दस्तक देते ही अन्य राज्यों में भी इसकी शुरुआत हो जाएगी। वहीं छत्तीसगढ़ में मानसून को लेकर भी बड़ा अपडेट आया है। इस बार छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 13 जून को हो जाएगी। इस बार पिछले से अच्छी बारिश होने की भी उम्मीद है। यह मानसून किसानों के लिए काफी बेहतर हो सकता है। 106 फीसदी तक बारिश होने का पूर्वानुमान है।

मानसून को लेकर मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून के जगदलपुर पहुंचने की सामान्य तिथि 13 जून है। रायपुर में 16 जून है और अंबिकापुर में 21 जून है। इस साल वर्षा 106 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि सामान्य से इस वर्ष अधिक बारिश होने की संभावना है। इस मुख्या कारण एल नीनो है वह इफेक्ट करता है। एल नीनो प्रभाव कम हो गया है यानी न्यूट्रल कंडीशन पर है। जिसके कारण इस साल अच्छे मानसून की संभावना है। अच्छी बारिश से किसानों को फसल उत्पादन में काफी मदद मिलेगी।

बता दें कि बुधवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मानसून को लेकर अपडेट दी है। IMD की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिमी मानसून की शुरुआत केरल में 31 मई के आसपास होने के आसार हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून आम तौर 1 जून को केरल में प्रवेश करता है। इसके बाद यह आमतौर पर उत्तर की ओर बढ़ता है और 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर कर लेता है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया है कि यह जल्दी नहीं है। यह सामान्य तारीख के करीब है क्योंकि केरल में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख एक जून है।

रायपुर समेत कई जिलों में बादलों का डेरा

बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर में मौसम खुशगवार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मौसम में उलटफेर का दौर जारी है। लगातार प्रदेश के कई जिलों में दिन में धूप और शाम को बारिश या बादल छा रहे हैं। आज भी प्रदेश के बिलासपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के जिलों में बूंदाबांदी और अंधड़ का अलर्ट है। बीजापुर के कुछ इलाकों में बारिश भी हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 48 घंटे में प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। प्रदेश में 20 मई तक बादल गरजने और गरज-चमक के साथ बारिश के जारी रहने की संभावना है। गुरुवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान कोरबा में 43.8 डिग्री रहा।

बिलासपुर में सामान्य से 3 डिग्री तापमान कम

बिलासपुर में अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री कम था। वहीं, रात का तापमान 28 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। बिलासपुर में आज अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब रहने की संभावना है।

रायपुर में सुबह से बादल छाए

गुरुवार-शुक्रवार को रायपुर में धूप-छांव वाला मौसम होने के कारण दिन का तापमान 39.7 डिग्री रहा। वहीं रात का पारा 28.5 डिग्री रहा। हालांकि दिन का तापमान सामान्य से 2 डिग्री क रिकॉर्ड किया गया। रायपुर में सुबह से बादल छाए है। आज अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

बस्तर संभाग में 20 मई तक बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक बस्तर संभाग के जिलों में 18, 19 और 20 मई को यानी तीन दिन हल्की बारिश के आसार हैं। गुरुवार को जगदलपुर में 34.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम था। वहीं, न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया

यहां बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक आज बिलासपुर, पेंड्रा, मुंगेली, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

कोरबा रहा सबसे गर्म

प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान कोरबा में 43.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री नारायणपुर में रहा। रायपुर और आसपास के जिलों में भी कल धूप-छांव वाला मौसम रहा, जिसकी वजह कई जिलों में दिन में गर्मी कम रही।

मीसा बंदियों के लिए 35 करोड़ 42 लाख सम्मान निधि जारी

रायपुर/नवप्रदेश। मीसा बंदियों को सम्मान निधि देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने राशि जारी कर दी है। साय सरकार द्वारा मीसा बंदियों के लिए कुल 35 करोड़ 42 लाख रुपए सम्मान निधि जारी किया पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह सम्मान निधि रोक दी गई थी।

सबसे अधिक राशि दुर्ग जिले को, दुर्ग को 8 करोड़ 22 लाख 12 हजार, रायपुर को 6 करोड़ 65 लाख 26 हजार की राशि आबंटित की गई है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान के लिए जिला कलेक्टर्स को जारी आबंटन में निम्नांकित जिले शामिल हैं।

इन जिलों को लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि

- दुर्ग को 8 करोड़ 22 लाख 12 हजार
- रायपुर को 6 करोड़ 65 लाख 26 हजार
- राजनांदगांव को 73 लाख 78 हजार
- बिलासपुर को 3 करोड़ 90 लाख 60 हजार
- बस्तर को 35 लाख 65 हजार
- सरगुजा को 1 करोड़ 39 लाख 50 हजार
- जांजगीर-चांपा को 1 करोड़ 73 लाख 91 हजार
- रायगढ़ को 92 लाख 7 हजार
- जशपुर को 79 लाख 5 हजार
- धमतरी को 2 करोड़ 74 लाख 66 हजार
- महासमुंद को 65 लाख 10 हजार
- बलौदाबाजार को 55 लाख 80 हजार
- बेमेतरा को 27 लाख 90 हजार,
- बालोद को 44 लाख 2 हजार
- मुंगेली जिले को 65 लाख 72 हजार रुपए
- बलरामपुर को 15 लाख 50 हजार रूपए
- दंतेवाड़ा को 7 लाख 13 हजार रूपए
- कबीरधाम जिले को 38 लाख 75 हजार रूपए
- कोरिया जिले को 44 लाख 95 हजार रुपए
- कांकेर जिले को 29 लाख 45 हजार रुपए
- कोरबा जिले को 51 लाख 15 हजार रुपए
- सूरजपुर जिले को 35 लाख 65 हजार रुपए
- गरियाबंद जिले को 18 लाख 60 हजार रुपए
- बीजापुर जिले को 9 लाख 30 हजार रुपए
- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले को 23 लाख 25 हजार रुपए
- मोहला-मानपुर- अम्बागढ़ चौकी जिले को 46 लाख 50 हजार रुपए
- गौरेला-पेण्ड्रा- मरवाही जिले को 62 लाख रुपए
- सक्ती को 1 करोड़ 55 लाख 31 हजार रुपए की राशि आबंटित
- आज के 45 वर्ष पूर्व 25-26 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाया था। इमरजेंसी का नाम आते ही मीसा की भी चर्चा होने लगती है। क्योंकि आपातकाल की घोषणा के तुरंत बाद से ही देश भर में मीसा कानून के तहत गिरफ्तारियां शुरू हो गई थी। गिरफ्तार होने वालों में छात्रनेता, मजदूर नेता, प्राध्यापक, राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता विपक्षी दलों के नेता और इंदिरा गांधी की राजनीतिक आलोचना करने वाले शामिल थे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जेपी) के सहयोगियों-शुभचिंतकों के साथ ही समाजवादी विचारधारा को मानने वाले छात्रों-नौजवानों की संख्या इसमें ज्यादा थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विद्यार्थी परिषद माकपा एवं एसएफआई से जुड़े लोगों पर भी मीसा का कहर बरपा गया।

नवोदय की तर्ज पर तैयार होंगे प्रयास विद्यालय

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों को अब नवोदय स्कूलों की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। इन स्कूलों में पढने वाले आदिमजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

आदिमजाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा सड्डू में प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया, अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए।

छात्रों को मिलेंगी फाइव स्टार होटल जैसी सुविधा

बोरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान अधिकारियो से कहा कि कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं उपलब्ध हो। होटलों की तरह इन वर्ग के बच्चों के लिए सुविधाएं दी जाएं।

परिसर सीसीटीवी कैमरे से होगा लेस

प्रमुख सचिव ने आवासीय विद्यालय परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में नवमीं व दसवीं के छात्रों के लिए 400 सीट और ग्यारवीं- बारहवीं के बच्चों के लिए 400 सीट उपलब्ध है। प्रयास विद्यालय में कमजोर वर्ग के बच्चे पढ़ाई करते हैं।

निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी

प्रमुख सचिव ने व्यावसायिक शिक्षा, शोध और इंजीनियरिंग सहित प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 22.05 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 750 सीटर आवासीय एकलव्य भवन का भी निरीक्षण किया। इनमें बालिकाओं के लिए 250 सीटर व बालकों के लिए 500 सीटर के अलग-अलग दो ब्लॉक बन रहे हैं। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में निर्माण करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कॉलोनाइजर की तरह एक कमरा मॉडल बनाया जाए और उसके अवलोकन व सुधार के बाद बाकी निर्माण किया जाए।